स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शुक्रवार
18 सितंबर, 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष 7
सं. 2083 वि.
वर्ष 38, अंक - 31, पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



वैभव सूर्यवंशी को नहीं मिला टी-20 सीरीज में एक भी मौका

# भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार भारत को सेमीकंडक्टर हब बनाने की तैयारी में है। मोदी ने गुरुवार को दिल्ली के

- मोदी बोले- भारतीय चिप की दुनियाभर में सप्लाई शुरू
- इसकी कमी से फोन-कार महंगे

यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया 2026 के पांचवें एडिशन का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ भारत की इकोनॉमी बढ़ रही है, दूसरी तरफ दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ रहा है। भारत के प्लांट्स से निकलने वाली सेमीकंडक्टर चिप्स अब देश और दुनिया के बाजारों तक पहुंचने लगी हैं।

उन्होंने कहा, सेमीकंडक्टर सेक्टर ऐसा नहीं है कि फैक्ट्री लगाई और काम पूरा हो गया। इसमें टेक्नोलॉजिकल



कैपेबिलिटी बनाने में दशकों लगते हैं। लेकिन भारत ने चिप डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग कैपेबिलिटी पर एकसाथ काम किया और सफलता हासिल की है। दरअसल, इस साल सेमीकंडक्टर चिप्स की कमी और बढ़ती कीमतों का सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स की कीमतों पर दिखा है। एपल ने सितंबर 2026 में भारत में कुछ आईफोन मॉडल की कीमतें 41% तक बढ़ाईं। इसके साथ ही कार और ऑटोमोबाइल में भी सेमीकंडक्टर चिप की लगातार कमी बनी रही है। पीएम मोदी ने कहा, भारत ने सेमीकंडक्टर मिशन का दूसरा फेज लॉन्च किया है। पहले फेज की वैल्यू करीब 70,400 करोड़ रुपए थी।

दूसरे फेज के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा एआई के लिए नई टेक्नोलॉजी पर जोरः कंपाउंड सेमीकंडक्टर के मैन्युफैक्चरिंग से लेकर सिलिकॉन फोटोनिक्स को इकोसिस्टम में शामिल करना जरूरी है। ये सभी चीजें एआई को सक्षम बनाने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी हैं। पीएम ने कहा, भारत सप्लाई चेन को मजबूत करने पर जोर दे रहा है और इसके लिए कई रिफॉर्म किए गए हैं।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर काशी विश्वनाथ धाम में विशेष पूजा

# मां गंगा का दुग्धाभिषेक, 76 मीटर चुनरी अर्पित

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इस विशेष अवसर पर कई

- सीएम योगी, रक्षामंत्री ने काटा केक

प्रमुख हस्तियां वाराणसी पहुंचीं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान समेत दिग्गजों ने श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से पूजन किए। पूजन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने मिलकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन के लिए प्रार्थना की। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में आयोजित यह कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त, उपस्थित सभी दिग्गजों ने श्रद्धालुओं और आम जनता के बीच केक काटा और लोगों में वितरित भी किया। यह आयोजन प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान और जनसेवा के भाव को दर्शाता है।



इस दौरान डमरू वादन भी किया गया। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पूजन का विशेष महत्व रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ और सफल जीवन की कामना की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने भी पूजन में भाग लिया। इस दौरान धाम परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज हम सभी के लिए गौरव और सौभाग्य का दिन है। भारत के प्रधानमंत्री और काशी के सांसद नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर काशी में पूजा-अर्चना की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के आजीवन स्वस्थ रहने की कामना की, ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बाबा विश्वनाथ धाम में पूजन कर उनके स्वस्थ रहने की कामना की गई। यहां के पुरोहितों और आचार्यों का सम्मान किया गया।

# मणिपुर के राहत शिविरों में मौतों पर अदालत सख्त

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के राहत शिविरों में हुई 30 से अधिक मौतों, खासकर अप्राकृतिक

- पूछा- सिर्फ 20 पोस्टमार्टम क्यों?

मौतों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत ने मुख्य सचिव से हलफनामा मांगा है और सभी अप्राकृतिक मौतों में एफआईआर, तेज जांच तथा राहत शिविरों में रह रहे विस्थापितों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मुआवजे की राशि और



पोस्टमार्टम से जुड़े मामलों पर भी राज्य से जवाब मांगा है। इसके साथ ही वहां रह रहे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी अदालत को दें। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं, ने राज्य के शीर्ष अधिकारी से पूछा कि राहत शिविरों में हुई मौतों के संबंध में जस्टिस गीता मित्तल समिति की ओर से दी गई जानकारी के बावजूद कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया गया। पीठ ने अपने आदेश में कहा,'हम मणिपुर के मुख्य सचिव को राहत शिविरों में हुई मौतों, खासकर अप्राकृतिक मौतों के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश देते हैं।' अदालत ने यह भी सवाल किया कि 34 मौतों में से केवल 20 मामलों में ही पोस्टमार्टम क्यों कराया गया। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार को यह भी स्पष्ट करना होगा कि राहत शिविरों में रह रहे आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की अप्राकृतिक मौत होने पर केवल 20,000 से 30,000 रुपये का मुआवजा क्यों दिया गया। अदालत ने इस मामले में मणिपुर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एमएसएलएसए) को भी अलग से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

# अभिषेक सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले भारतीय

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा सबसे तेज टी-20 शतक लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ 30 बॉल में सेंचुरी जमा दी। अभिषेक ने रोहित का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने रोहित शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ा। रोहित ने 35 गेंदों पर शतक जड़ा था जबकि अभिषेक ने 30 गेंदों पर सेंचुरी ठोकी। रोहित ने साल 2017 में

**सिर्फ 30 बॉल पर सेंचुरी**

श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में रिकॉर्ड सेंचुरी जड़ी थी। अभिषेक ने 16 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया था जबकि अगले 14 गेंदों पर उन्होंने 50 रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। इस




विस्फोटक ओपनर ने 34 गेंदों पर 108 रन बनाए जिसमें नौ चौके और 11 छक्के शामिल थे। टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे तेज शतक ठोकने की होड़ ने खेल के रोमांच को एक नए मुकाम पर पहुंचा दिया है। इस प्रारूप के ओवरऑल इतिहास में एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम 27 गेंदों में सबसे तेज़ शतक जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। उनके बाद तुर्की के मोहम्मद फ़हाद ने 29 गेंदों में यह कारनामा अंजाम दिया। वहीं, हाल ही में वर्ष 2026 में दिल्ली के मैदान पर अभिषेक शर्मा ने अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ महज़ 30 गेंदों में तूफ़ानी सैकड़ा जड़ा।

# पीसीएस मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2025 की मुख्य (लिखित) परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। मुख्य परीक्षा में शामिल 10,284 अभ्यर्थियों में से 2,297 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। चयन प्रक्रिया में कुल 814 पदों पर भर्ती होनी है। लोक सेवा आयोग के सचिव गिरिजेश त्यागी के अनुसार मुख्य परीक्षा का आयोजन 29 मार्च से एक अप्रैल 2026 तक प्रयागराज और लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कराया गया था। कुल 28 प्रकार के पदों के लिए 814 रिक्तियां घोषित की गई थीं। इनमें से एक प्रकार के पद की दो रिक्तियों पर चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर होना है। इन दो पदों का परिणाम अंतिम चयन परिणाम के साथ घोषित किया जाएगा। शेष 812 पदों पर लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाना है। आयोग ने इन 812 पदों के सापेक्ष 2,297 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया है।

# सिंगापुर सरकार किताब पढ़ने के बदले पैसे देगी

**सिंगापुर।** सिंगापुर सरकार अब लोगों को किताब पढ़ने के लिए पैसे देगी। इसके लिए रोज कम से कम 15 मिनट किताब या लंबे लेख पढ़ने होंगे। पढ़ने का समय सरकारी वेबसाइट पर दर्ज करना होगा। इसके बदले रिवॉर्ड




- रोजाना कम से कम 15 मिनट पढ़ना होगा
- स्मार्ट फोन और रील्स की लत छुड़ाना मकसद

पॉइंट्स मिलेंगे, जिन्हें बाद में नकद इनाम में बदला जा सकेगा। सरकार का यह 5 साल का नेशनल रीडिंग मिशन लोगों को स्मार्टफोन, रील्स और छोटे वीडियो से कुछ समय दूर करके दोबारा पढ़ने की आदत डालने की कोशिश है। सरकार की चिंता लोगों के बढ़ते स्क्रीन टाइम को लेकर है। एनएकबी की प्रमुख मेलिसा टैम के मुताबिक, छोटे वीडियो से जानकारी तेजी से मिलती है, लेकिन लगातार बहुत सारी सूचनाएं देखने से दिमाग थक सकता है। इसके मुकाबले किताब या लंबा लेख पढ़ने में ज्यादा एकाग्रता की जरूरत होती है। इससे ध्यान लगाने, सोचने और कल्पना करने की क्षमता विकसित करने में मदद मिल सकती है। इसी वजह से सरकार ने शुरुआत के लिए रोज सिर्फ 15 मिनट का लक्ष्य रखा है। योजना के तहत हर दिन 15 मिनट पढ़ने पर 20 वर्चुअल कॉइन्स मिलेंगे। एक दिन में सिर्फ एक बार रीडिंग टाइम दर्ज किया जा सकेगा। 50 दिन तक रोज 15 मिनट पढ़ने पर 1,000 कॉइन्स पूरे होंगे।

# लखनऊ में आंधी-बारिश, पहाड़ों में नदियां उफान पर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में मानसूनी बारिश का सिलसिला जारी है। गुरुवार सुबह से बरेली, मेरठ, संभल, मुरादाबाद और कानपुर समेत 10 शहरों में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है। दोपहर एक बजे लखनऊ में अचानक मौसम बदल गया। दिन में अंधेरा छा गया। तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बरेली में तूफानी बारिश हुई। किला पुल पर विशाल पेड़ टूटकर गिर गया। सड़क पर लंबा जाम लग गया। हाईटेंशन लाइन टूट गई। पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। कच्ची दीवार गिरने से एक महिला की मौत हो गई। दूसरी घटना में दीवार के नीचे दबकर 5 लोग घायल हो गए। कानपुर में भी 40 किमी की रफ्तार से हवा चली। फिर तेज बारिश शुरू हो गई। संभल में इतनी बारिश हुई कि सड़कें

- बरेली में तूफान, पेड़ गिरे, खंभे उखड़े, महिला की मौत

तालाब बन गईं। पानी लोगों के घरों में घुस गया। मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज 66 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, पहाड़ों पर हो रही बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 4 लाख की आबादी प्रभावित है। लखीमपुर खीरी में गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। सैकड़ों एकड़ गन्ने की फसल जलमग्न हो गई है। अमरी घाट स्थित मंदिर में पानी घुस गया है। सीढ़ियां डूब गई हैं। पीलीभीत में तेंदुए जंगलों से बाहर निकल आए हैं। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और बारिश की संभावना है। खासकर पूर्वी यूपी में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# दवाओं की बिक्री पर स्वास्थ्य मंत्रालय सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी के लिए बड़ा कदम उठाया है। मंत्रालय ने शेड्यूल एच,

- बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी ये सभी दवाएं

एच1 और एक्स दवाओं की रेगुलेटरी निगरानी को मजबूत करने के लिए ड्रग्स रूल्स, 1945 में बदलाव का प्रस्ताव दिया है।

इस बदलाव के तहत देश भर के मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी निगरानी अनिवार्य करने की योजना है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस संबंध में 8 सितंबर 2026 को ड्राफ्ट गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर के पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाना और फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। मंत्रालय के मुताबिक, शेड्यूल एच, एच1 और एक्स श्रेणी की दवाएं बेहद संवेदनशील हैं।

## लश्कर कमांडर के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**जम्मू।** जम्मू की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी अदालत ने पाकिस्तान में मौजूद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर सैफुल्ला के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अधिकारियों के मुताबिक, सैफुल्ला का नाम अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले समेत कई बड़ी आतंकी वारदातों से जुड़ा है। सैफुल्ला पाकिस्तान के कसूर जिले के चंगा मांगा गांव का रहने वाला बताया गया है। आतंकी संगठन में उसे साजिद जट्ट, अली भाई, हबीबुल्लाह मलिक, लंगड़ा, नूमी, नुमान, उस्मान हबीब और शानी जैसे नामों से भी जाना जाता है। अधिकारियों के अनुसार, वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से आतंकी गतिविधियों में सक्रिय है और लश्कर-ए-तैयबा के संचालन में अहम भूमिका निभाता रहा है।

## हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के घर छापा

**गुरुग्राम।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज हरियाणा के पूर्व मंत्री गोपाल कांडा के गुरुग्राम स्थित आवास और फार्महाउस पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक कथित रियल एस्टेट धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि यह जांच रियल एस्टेट कंपनी वाटिका लिमिटेड के खिलाफ चल रहे एक मामले से संबंधित है। वाटिका लिमिटेड पर निवेशकों को वाणिज्यिक परियोजनाओं में लुभाने का आरोप है। कंपनी ने समय पर कब्जा, सुनिश्चित रिटर्न और लीज रेंटल का आश्वासन दिया था। साथ ही, बिक्री विलेख निष्पादित करने का वादा भी किया था। ईडी के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दायरे में चार परियोजनाएं हैं।

## 'हिंदी को लेकर सोच बदले तमिलनाडु सरकार'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि हिंदी को लेकर आपको अपनी सोच बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान चेन्नई और दिल्ली को एक-दूसरे से अलग-थलग करने की सोच पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि चेन्नई में बैठे लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों से अलग नहीं होना चाहिए और न ही दिल्ली को चेन्नई से। पूरा मामला तमिलनाडु में नवोदय विद्यालय खोलने को लेकर है। ये केंद्र सरकार की मदद से चलने वाले स्कूल हैं।

## अजजी




**चिंतनीय**

### बैन के बावजूद रोज डेढ़ करोड़ लोग दांव लगा रहे, 854 इन्फ्लुएंसर प्रचार कर रहे

# भारत में ऑनलाइन सट्टे का 10 लाख करोड़ का बाजार

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कानून सख्त होने के बावजूद इसका बाजार खत्म नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में इसका अवैध बाजार करीब 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। कानून से बचने के लिए प्लेटफॉर्म विदेश शिफ्ट किए गए हैं। सट्टेबाजी चलाने के लिए म्यूल बैंक खाते, टेलीग्राम समूह, नए डोमेन और विदेशी सर्वर का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 15 अवैध ऑनलाइन सट्टा प्लेटफॉर्म पर 540 करोड़ से ज्यादा विजिट दर्ज हुईं। यानी औसतन हर दिन करीब 1.48 करोड़ बार इन मंचों तक पहुंच बनाई गई। वहीं, 854 इन्फ्लुएंसर भी सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के प्रचार में शामिल मिले। संसद ने 2025 में ऑनलाइन मनी गेम पर रोक लगाने वाला कानून पारित किया। यह 1 मई 2026 से प्रभावी है। कानून लक या कौशल, दोनों तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी, उनके प्रचार और भुगतान सुविधा पर रोक लगाता है। इसके बावजूद निजी




मैसेजिंग समूह, सरोगेट विज्ञापन, इन्फ्लुएंसर और एजेंट विदेश से चलने वाले सट्टेबाजी मंचों तक यूजर्स को पहुंचा रहे हैं। साइबर व डेटा प्राइवेसी एक्सपर्ट ने कहा- इंटरनेट सीमाहीन है। सट्टेबाजी वेबसाइट या ऐप को ब्लॉक करना स्थायी समाधान नहीं है। कंपनी नया डोमेन, ऐप या एपीके फाइल बनाकर फिर लौट जाती है। नेटवर्क तोड़े बिना सिर्फ प्रतिबंध से इसे खत्म नहीं किया जा सकता। सभी देशों को मिलकर साझा नियम बनाने होंगे। संबंधित एजेंसियों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान और लगातार निगरानी जरूरी है।ऑनलाइन सट्टा मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। अवैध रकम को क्रिप्टो में बदलकर दूसरे देशों तक पहुंचाया जा सकता है। इसलिए तकनीकी निगरानी, प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी और अंतरराष्ट्रीय समन्वय, तीनों जरूरी हैं।

## दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्कों को सट्टे की लत

रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर में 8 करोड़ वयस्क सट्टे की लत से जूझ रहे हैं। इसका असर सिर्फ सट्टा खेलने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। हर यूजर से औसतन 6 लोग प्रभावित होते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 60% यूजर पैसे हारते हैं। इससे इलाज और पढ़ाई प्रभावित हो सकती है और इसका असर पीढ़ियों तक रह सकता है। ऑनलाइन गेमिंग में पैसे वाले खेलों के दौरान भ्रामक डिजाइन, लत बढ़ाने वाले एल्गोरिदम, बॉट और एजेंट का इस्तेमाल किया जाता है। जीत मिलने पर यूजर को इनाम का अहसास होता है। हारने के बाद रकम वापस पाने के चक्कर में अगला और बड़ा दांव लगाने की कोशिश होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, लत के तीन संकेत हैं–नियंत्रण खोना, सट्टे को प्राथमिकता देना और नुकसान के बावजूद खेलते रहना।



## सेवा पखवाड़ा में रसूलाबाद स्वास्थ्य केंद्र पर लगा स्वास्थ्य मेला

**भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया शुभारंभ, सैकड़ों लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो रसूलाबाद कानपुर देहात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष अटल बाजपेई ने फीता काटकर किया।मेले में चिकित्सकों की टीम द्वारा सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ब्लड प्रेशर शुगर वजन सहित सामान्य बीमारियों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही स्वच्छता पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अटल बाजपेई ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि जनसेवा का संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ता स्वास्थ्य स्वच्छता और जनकल्याण के कार्यों में बढ़.चढ़कर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ दीपक गुप्ता ब्रजेश कुमार अरविंद कुमार गौरव कुमार संदीप शुक्ला सहित अन्य चिकित्सक स्वास्थ्यकर्मी भाजपा पदाधिकारी महामंत्री मनोज सिंह सेंगर गोपी सर्वेश कुमार राजपूत आदित्य सिंह राणा शिव तिवारी व अन्य कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट और धमकाने का आरोप

स्वतंत्र भारत ब्यूरो मंगलपुर कानपुर देहात। थाना क्षेत्र के बलरामपुर कंचौसी निवासी इंदल सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार की शाम 6रू30 गांव के वीरेंद्र सोनू शिवनाथ गजेंद्र व दिनेश ने अपनी छत से गाली गलौज करते हुए ईट पत्थर चलाएं वा जान से मारने की धमकीं दी।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

## श्रद्धा भाव से याद किए गए महान शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जमकर हुई पूजा



स्वतंत्र भारत ब्यूरो रनिया कानपुर देहात औद्योगिक क्षेत्र रनिया में संचालित सभी औद्योगिक इकाइयों एवं लोहे इत्यादि का काम करने वाले फैक्ट्री मालिकों एवं दुकानदारों ने भी अपने प्रतिष्ठानों में महान शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से हवन पूजन कर फैक्ट्री एवं दुकानों में प्रसाद वितरण के साथ भंडारा भी किया गया। बताते चलें कि महान शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र रनिया में संचालित सभी इकाइयों एवं लकड़ी लोहे एवं गृह निर्माण करने वाले समस्त कारीगरों ने महान शिल्पी की पूजा कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा भगवान की जयंती मनाई। प्रमुख रूप से रनिया में संचालित कानपुर एडबिल्स के प्रबंधक मनोज गुप्ता द्वारा अपने प्रतिष्ठान में विधि.विधान के साथ पूजा अर्चना की और विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया ।वही चिटिकपुर चौराहे पर संचालित स्नेहा बिल्डिंग वर्कशॉप में भी विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की गई और सभी को प्रसाद वितरण किया गया जबकि अन्य इकाइयों में बड़े विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ भगवान विश्वकर्मा की जय.जय कार करते हुए सभी लोग हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई।

## आयुष एकीकृत चिकित्सालय में भी आयोजित हुआ सेवा संकल्प अभियान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को 50 शैय्या आयुष एकीकृत चिकित्सालय बनार अलीपुर में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान विश्वकर्मा पूजन दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी सेमिनार चिकित्सा शिविर एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिला प्रशासन के निर्देश से क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर कप्तान सिंह के निर्देश के अनुपालन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सभासद बब्लू भारती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभी को सेवा संकल्प अभियान से जोड़ने और शासन की योजनाओं को चिकित्सालय के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया कार्यक्रम में डॉक्टर शिवम मिश्रा ने ऋतुचार्य दिनचर्या एवं आयुर्वेद के शोध चिकित्सा पंचकर्म का सामान्य जीवन में उपयोग के महत्व पर अपने विचार रखें डॉक्टर जियाउर्रहमान ने स्क्रीन टाइम एवं मोबाइल जनित रोगों पर अपने विचार व्यक्त किए इस मौके पर सभासद शिव सिंह नायक डॉक्टर पवन सिंह ने योग के सामान दिनचर्या में प्रयोग पर अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम के अध्यक्षता 50 सैया आयुष एकीकृत चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर बृजेश आर्य ने की कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉक्टर अमर सिंह सहित डॉक्टर आफताब आलम डॉक्टर उमेश डॉक्टर रविंद्र सिंह डॉक्टर अमित सिंह डॉक्टर रवि कुशवाहा डॉक्टर रोहिणी सिंह स्टाफ एवं चिकित्सालय के लाभार्थी उपस्थित रहे ।

# ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात।** आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन .2027 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी कपिल सिंह ने ईवीएम वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एफएलसी इंचार्ज ऑफिसर एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने एफएलसी कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा कार्य की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा.निर्देशों एवं एफएलसी से संबंधित निर्धारित प्रक्रियाओं से अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी का कार्य निर्धारित मानकों भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देशों एवं प्रचलित नियमों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एफएलसी कार्य के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए एफएलसी कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए तथा आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार एफएलसी इंचार्ज ऑफिसर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया पीएम मोदी का जन्म दिवस

*स्वतंत्र भारत ब्यूरो*
*मंगलपुर कानपुर देहात । संदलपुर क्षेत्र के हिसावा गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें ग्रामीणों और युवाओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। हिसावा में ? आयोजित कार्यक्रम मे वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण में योगदान उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं और नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डाला। अंत में ग्रामीणों ने एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान विवेक राष्ट्रवादी रिंकू कुशवाहा छोटू मंगली लाडले अमन ऋषभ अजय एसुंदरम आदि रहे।*



## स्वयं निर्मित कर बच्चों ने स्थापित की पार्वती नंदन की भव्य प्रतिमा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो रनिया कानपुर देहात ।** नगर पंचायत वार्ड नंबर 1 भीटार मोहल्ला रनियां में गणेश उत्सव के दौरान बच्चों का उत्साह और उनकी रचनात्मकता लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां दो नन्हे छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन से भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार कर उसे विधि.विधान से स्थापित किया। रनिया निवासी 12 वर्षीय अमोघ जो कक्षा छह के छात्र हैं और सुमित बंसल स्कूल में पढ़ते हैं। तथा 14 वर्षीय संकल्प जो कक्षा छह के छात्र हैं और पंडित अवध बिहारी विद्यालय में अध्ययनरत हैं के मन में गणेश उत्सव पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने का विचार आया। दोनों बच्चों ने अपने सामने रहने वाली काजल त्रिपाठी से इस संबंध में सलाह ली। काजल त्रिपाठी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी तरह के सहयोग की जरूरत हो तो वह मदद करेंगी। इसके बाद दोनों बच्चों ने कुम्हार के यहां से मिट्टी लाकर कागज और अन्य सामग्री की मदद से महज एक दिन में भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार कर दी। अगले दिन प्रतिमा सूखने के बाद बच्चों ने स्वयं उसकी रंगाई.पुताई की और उसे आकर्षक रूप दिया। प्रतिमा तैयार होने के बाद महेश तिवारी के मकान के सामने भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। बच्चों की इस पहल से आसपास के लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। कम उम्र में बच्चों द्वारा स्वयं प्रतिमा तैयार करने और गणेश उत्सव मनाने की पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# रसूलाबाद पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से गेहूं.धान की बोरियां व दस हजार बीस रुपये नकद बरामद**

**कोतवाल शिव नारायण सिंह की सख्ती से अपराधियों में मची खलबली**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**रसूलाबाद कानपुर देहात।** थाना रसूलाबाद पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की दो गेहूं की बोरी एक धान की बोरी व 10ए020 रुपये नकद बरामद किए हैं। कोतवाल शिव नारायण सिंह की सख्ती से अपराधियों और अराजक तत्वों में खलबली मची देखी जा रही है ।



पुलिस के अनुसार दिनांक गत15 सितंबर को वादी विशाल कुमार पुत्र छोटे राठौर निवासी ग्राम सुक्खा निवादा ने तहरीर दी थी कि 13 सितंबर को उसके घर में रखी धान व गेहूं की बोरियां इन्वर्टर बैटरी मोटरसाइकिल व अलमारी में रखे सामान की चोरी हो गई है। तहरीर के आधार पर मुकेश उर्फ टावर पुत्र बडके व सलमान पुत्र नन्हू निवासीगण सुक्खा निवादा के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुखबिर की सूचना पर थाना पुलिस ने 16 सितंबर को नामित अभियुक्त मुकेश उर्फ टावर 21 वर्ष को ग्राम कुर्सीखेड़ा रोड पर ग्राम हरलाल निवादा के पास से गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा की बढ़ोतरी की गई है। दूसरे वांछित अभियुक्त सलमान की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक केशवदेव चौकी प्रभारी तिश्ती सिपाही जगदीश सोमदत्त गजेन्द्र शामिल रहे।



# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

**प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधिगणों एवं जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को वितरित किये गये फल**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**माती कानपुर देहात।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अकबरपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला सांसद देवेंद्र सिंह भोले जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी विधायक रसूलाबाद पूनम शंखवार जी भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण जिलाधिकारी कपिल सिंह मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया तथा रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए तथा उनका कुशलक्षेम जाना गया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है जिसके माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम जनसेवा एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को और मजबूत करते हैं। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रसूलाबाद में धूमधाम से मनी भगवान विश्वकर्मा जयंती

**पूजन भजन भंडारों का आयोजन हजीरों लोगो ने ग्रहण किया प्रसाद**



स्वतंत्र भारत ब्यूरो रसूलाबाद कानपुर देहात। नगर पंचायत रसूलाबाद सहित क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़ी ही धूमधाम श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। सुबह से ही बाजारों कारखानों वर्कशॉप आटा चक्कियों वाहन गैराज और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई । व्यापारियों व कारीगरों ने अपने औजारों मशीनों और वाहनों की साफ सफाई कर विधि विधान से पूजा की। कई स्थानों पर पंडितों द्वारा विश्वकर्मा कथा का वाचन और हवन.यज्ञ किया गया। जयंती के उपलक्ष्य में नगर के प्रमुख चौराहों तिराहा और प्रतिष्ठानों पर भंडारों का आयोजन किया गया जहां हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर दुर्गा कृषि यंत्र के मालिक अवध बिहारी शर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा शिल्प कारीगरी और निर्माण के देवता हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हम पूरे विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं। उनकी कृपा से ही हमारा व्यवसाय फल.फूल रहा है। आज के दिन हम अपने औजारों का सम्मान करते हैं और सभी कारीगर भाइयों के सुख.समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस दिन आयोजित भंडारे से आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बढ़ाते है। नगर में गुप्ता ऑटो गैराज के मालिक प्रदीप गुप्ता सहित मुन्नू शर्मा महेश शर्मा ने भी अपने अपने प्रतिष्ठानों पर पूजा अर्चना कर भंडारों का आयोजन किया जहां हजारों लोगो ने प्रसादी ग्रहण की । दिन भर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा और व्यवसायियों ने भगवान विश्वकर्मा से सुख समृद्धि और व्यापार में उन्नति की कामना की ।

# प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर 408 चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

**प्रभारी मंत्री डॉ संजय निषाद कैबिनेट मंत्री राकेश सचान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल एवं प्रतिभा शुक्ला सहित विधायक रसूलाबाद पूनम शंखवार जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी भाजपा जिला अध्यक्ष रेणुका सचान संयुक्त रूप से नव चयनित सहायिकाओं को दिए नियुक्ति पत्र**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो
माती कानपुर देहात ।।। प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को इको पार्क में वृहद जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान जी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला सांसद देवेंद्र सिंह भोले जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी विधायक रसूलाबाद पूनम शंखवार भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण जिलाधिकारी कपिल सिंह पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।। कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी को उनके जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पारदर्शी एवं स्वच्छ चयन प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 408 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली आंगनबाड़ी सहायिकाओं में उत्साह का वातावरण रहा। प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा संवेदनशीलता एवं सेवाभाव के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों गर्भवती महिलाओं एवं माताओं तक पोषण एवं अन्य जनकल्याणकारी सेवाएं पहुंचाने में आंगनबाड़ी सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गते टूल किट सीएम युवा योजना अन्तर्गत चेकअटल आवासीय विद्यालय के बच्चों को प्रमाण पत्र चिकित्सा विभाग द्वारा पोषण पोटली सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने






पात्र लाभार्थियों से शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने तथा अन्य पात्र लोगों को भी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधिगण एवं जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म संपन्न कराई गई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इस अवसर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित अतिथियों ने माताओं एवं बच्चों के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के लिए लगाए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ भी किया गया। शिविर के माध्यम से श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श उपलब्ध कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए शासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं तथा ऐसे शिविरों के माध्यम से उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ0 संजय कुमार निषाद ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को समाज के पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला एवं बाल विकास पोषणए श्रमिक कल्याण रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनहित के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने 408 नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं सेवाभाव के साथ निर्वहन करें तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं महिलाओं तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अजीत सिंह पाल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास पोषण तथा श्रमिक कल्याण से संबंधित योजनाएं समाज के व्यापक हित से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रशासन जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नवचयनितों को शुभकामनायें दी। राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ परिवार एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यक्रम में लाभान्वित महिलाओं एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अलग.अलग वर्गों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा योजनाओं की जानकारी अन्य पात्र लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने कहा कि महिलाओंए बच्चों एवं ग्रामीण क्षेत्र के पात्र परिवारों को शासन की योजनाओं से जोड़ना जनकल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

विधायक रसूलाबाद पूनम शंखवार वा भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जनसेवा एवं जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों को एक साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेवाओं पोषण कार्यक्रमोंए श्रमिक कल्याण एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए विभागीय स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों ने सेवा जनकल्याण महिला एवं बाल विकास पोषण तथा श्रमिक कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के माध्यम से जनसेवा एवं जनकल्याण के प्रति शासन प्रशासन की प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जयगोविन्द जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी आरबी सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण व बड़ी संख्या में लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।







## होटल के अंदर युवक की बेरहमी से की पीटाई



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** माल रोड स्थित होटल ग्रैंड में गुरुवार सुबह युवक को अंदर बुलाकर बेरहमी से पीटाई की गई। आरोप है कि उसे जान से मारने का प्रयास किया। पीड़ित ने फीलखाना थाने में तहरीर दी है।

कछियाना मोहाल निवासी राहुल गुप्ता ने होटल कर्मचारी रौनक पटेल समेत कई लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। राहुल ने बताया कि गाली-गलौज का विरोध करने पर रौनक ने सरिया से हमला कर दिया।इसके बाद पीछे से पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया और सिर पर ईंट से कई वार किए। आरोप है कि इसके बाद रॉड, बेल्ट और लाठी-डंडों से उसकी पीठ और पूरे शरीर पर ताबड़तोड़ प्रहार किए गए। पीड़ित ने बताया कि शोर सुनकर कुछ महिलाएं और अन्य लोग पहुंचे। आरोप है कि एक महिला ने उसका गला दबाया, जबकि फरजाना नाम की युवती दुपट्टा लेकर पहुंची। उसे खत्म करने की बात कही। राहुल ने आरोप लगाया कि करीब दो घंटे बाद पुलिस को बुलाया गया। इसके बाद कार्रवाई करने पर चोरी और दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। राहुल ने शरीर पर चोटों के निशान की तस्वीरें सुरक्षित होने की बात कही है। फीलखाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# एक माह तक चलेगा जनसेवा संकल्प, पात्रों को मिलेगा योजना का लाभ

**-अभियान को बूथ से लेकर गांव और जिला स्तर तक व्यापक रूप देने की तैयारी**

**- हर बूथ पर जलेंगे 200 दीप, सेवा से जुड़ेगी जनता**




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान-जन सेवा ही प्रभु सेवा चलाएगी। अभियान को बूथ से लेकर गांव, शक्ति केंद्र, मंडल और जिला स्तर तक व्यापक रूप देने की तैयारी है। यह बात क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य सेवा, अंत्योदय, राष्ट्र प्रथम और सुशासन की भावना को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाना है।

श्री साहू ने बताया कि 17 सितंबर की शाम सात बजे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 दीप जलाए जाएंगे। इसमें किसान, महिलाएं, युवा, गरीब परिवार, श्रमिक, छोटे व्यापारी, कारीगर, मछुआरे, जनजातीय परिवार, दिव्यांग, अनुसूचित जाति सहित विभिन्न वर्गों के लाभार्थियों की भागीदारी होगी। लाभार्थी अपने घरों पर भी दीप जलाकर अभियान से जुड़ेंगे। अभियान में मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा के तहत 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक स्कूलों में चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं नमो सेवा-अनकही कहानियां के माध्यम से 18 सितंबर से 15 अक्टूबर तक नुक्कड़ नाटकों के जरिए सेवा और जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े अनुभव जनता तक पहुंचाए जाएंगे। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम होंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा बहनों का सम्मान करने के साथ माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता दी जाएगी। लाभार्थियों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी मिलेगा। श्री साहू ने बताया कि सेवा की कहानी के तहत प्रत्येक शक्ति केंद्र पर कम से कम 10 वास्तविक लाभार्थी कहानियों की 60 सेकंड की रील तैयार की जाएगी। अभियान के दौरान लगभग 25 हजार कहानियां चिन्हित कर डिजिटल डाटाबेस तैयार करने तथा चयनित कहानियों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने की योजना है। इसी क्रम में 25 साल, 25 कहानी के तहत ऐसे स्थलों और बदलावों को सामने लाया जाएगा, जिन्हें अभियान के दस्तावेज में सेवा और परिवर्तन से जोड़ा गया है। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा-विकसित भारत का संकल्प के माध्यम से गांवों से यात्राएं जिला केंद्रों तक पहुंचेंगी और विकसित भारत 2047 के संकल्प से जोड़ी जाएंगी। अभियान में जनता की प्रत्यक्ष भागीदारी के लिए सेवा मेरा योगदान भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। इसके तहत नागरिक 25 सेवा गतिविधियों में से किसी एक को चुनकर कम से कम 25 मिनट सेवा कार्य के लिए देंगे। रक्तदान, पौधारोपण, स्वच्छता, स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहयोग, महिला स्वास्थ्य, करियर मार्गदर्शन, नशामुक्ति, सरकारी योजनाओं की जानकारी और वोकल फॉर लोकल जैसे कार्य इसमें शामिल हैं। सेवा सेतु अभियान के तहत प्रस्तावित सेवा शिविरों के माध्यम से पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता की जाएगी, ताकि उन्हें लाभ प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीतू सिंह, क्षेत्रीय महामंत्री आनंद सिंह एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी भी मौजूद रहे।

# मोदी के जन्मदिन पर सपा का अनोखा प्रदर्शन, कटोरा लेकर मांगी भीख



**-बेरोजगारी और युवाओं की समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरूवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा फेथफुलगंज चौराहे पर बेरोजगारी और युवाओं की समस्याओं को लेकर अनोखा सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ता हाथों में कटोरा लेकर सड़क पर उतरे और राहगीरों से सांकेतिक रूप से भीख मांग कर सरकार का ध्यान बेरोजगार युवाओं की समस्याओं की ओर आकर्षित किया। इस दौरान प्रशासन को युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सपा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने किया। उन्होंने कहा कि आज देश का नौजवान रोजगार के लिए परेशान है। युवा वर्षों तक मेहनत कर पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है, लेकिन भर्ती में देरी और पेपर लीक जैसी समस्याओं से उसका भविष्य प्रभावित हो रहा है। कटोरा लेकर किया गया यह प्रदर्शन युवाओं की इसी परेशानी को सरकार तक पहुंचाने का सांकेतिक प्रयास है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नगर अध्यक्ष शादाब आलम ने कहा कि आज युवा डिग्री हाथ में लेकर नौकरी की तलाश में भटक रहा है। महंगी शिक्षा, बेरोजगारी और भर्ती परीक्षाओं में देरी से नौजवानों में चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार, बेहतर शिक्षा और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के मुद्दे को समाजवादी पार्टी लगातार मजबूती से उठाती रहेगी। प्रदर्शन में महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, मुमताज मंसूरी, मो अकील, अजय श्रीवास्तव, महेन्द्र सिह, धीरज यादव, नीरज गुप्ता, निहाल यादव, आलोक यादव, वसीम रजा समेत कई लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### स्कूटी सवार युवक को पीटा, चेन तोड़कर आरोपी हुआ फरार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** अर्मापुर स्थित ओएफसी गेट के सामने नशे में धुत दबंग ने एक युवक को मारपीट कर उसके गले से सोने की चेन तोड़कर भाग निकला। आरोप है कि दबंग ने उसका गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। शोर सुनकर आसपास मौजूद राहगीरों ने बीच-बचाव कर उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। पीड़ित ने अर्मापुर थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।

विजय नगर निवासी दीपक कुमार प्राइवेट नौकरी करते हैं। गुरुवार सुबह करीब वह स्कूटी से निजी काम से जा रहे थे। जैसे ही वह अर्मापुर ओएफसी गेट के सामने पहुंचे, तो वहां पहले से मौजूद विजय नगर मलिन बस्ती निवासी सुमंत गुप्ता ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि सुमंत नशे की हालत में था और उसे रोकते ही गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। धक्का-मुक्की के दौरान उसकी स्कूटी भी सड़क पर गिर गई। इस दौरान दबंग सुमंत ने उसका गला पकड़कर दबाना शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से वह घबरा गया और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। उसके शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए। राहगीरों ने बीच-बचाव कर किसी तरह उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसके गले में पड़ी सोने की चेन खींचकर तोड़ ली और मौके से भाग निकला। जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद दीपक ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। अर्मापुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ऑनलाइन मीटिंग में न जुड़ने पर बर्रा इंस्पेक्टर लाइन हाजिर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** विवेचनाओं में लापवाही व ऑनलाइन मीटिंग में न जुड़ने पर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बर्रा इंस्पेक्टर रवींद्र श्रीवास्तव को लाइन हाजिर कर दिए।

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल प्रतिदिन 12 से 2 के बीच में जन सुनवाई करते है, जिसमें सभी थानेदारों को ऑनलाइन जुड़ने के आदेश जारी किए गए हैं। गुरुवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय में बर्रा थानाक्षेत्र के कई फरियादी पहुंचे थे, जिन्होंने थाने में सुनवाई न होने और मुकदमों की जांच लंबे समय से लंबित होने की शिकायत की। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने बर्रा इंस्पेक्टर रवींद्र श्रीवास्तव को ऑनलाइन उपस्थित होने के आदेश दिए। कई बार आदेश देने के बावजूद बर्रा थानेदार उपस्थित नहीं हुए, जिसके बाद पुलिस कमिश्नर ऑफिस से उन्हें कॉल कर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन थाना प्रभारी ने फोन नहीं उठाया। कुछ देर बाद थाना प्रभारी ने जन सुनवाई के समय कोर्ट में पेश होने का हवाला दिया, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने उन्हें कड़ी फटकार लगायी। उन्होंने कहा कि अगर थाना प्रभारी कोर्ट में थे, तो जनसुनवाई की जिम्मेदारी किसी अधीनस्थ को देनी चाहिए थी। जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की उदासीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस कमिश्नर की फटकार के बाद आनन-फानन में थाना प्रभारी पुलिस ऑफिस पहुंचे, लेकिन जनसुनवाई प्रकरण में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बर्रा इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर कर दिया।

### इनोवा ने ऑटो में मारी टक्कर, युवती की मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर। बिधनू में तेज रफ्तार इनोवा ने ऑटो में टक्कर मार दी थी। हादसे में ऑटो सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका हैलट में इलाज चल रहा था। बुधवार देर रात पत्नी की मौत हो गई। पति की हालत में सुधार होने पर उन्हें दो दिन पहले अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सेन पश्चिम पारा के करौली गांव निवासी इसरार अहमद प्राइवेट कर्मी हैं। परिवार में पत्नी खुशनुमा और बेटियां फिरोजान, निदा व रकीब हैं। इसरार ने बताया कि 13 सितंबर को वह पत्नी के साथ कल्याणपुर में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रही बेटी फिरोजान से मिलने गए थे। अगले दिन दोपहर दोनों ऑटो बुक कर कल्याणपुर से सेन पश्चिम पारा स्थित घर लौट रहे थे। बिधनू के कठेरुआ क्रॉसिंग के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार इनोवा ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसरार और खुशनुमा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों के पहुंचने से पहले ही कार चालक मौके से फरार हो गया। सचना पर बिधनू पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें हैलट रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हैलट में इलाज के दौरान इसरार की हालत में सुधार हुआ तो उन्हें दो दिन पहले छुट्टी दे दी गई। वहीं खुशनुमा की हालत गंभीर बनी रही और बुधवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की इलाज के दौरान मौत हुई है। तहरीर मिलने के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। कार चालक की तलाश की जा रही है और जल्द उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मायाअंजलि चैरिटेबल ब्लड सेंटर पदम टावर सिविल लाइंस के सहयोग से हुआ। आयोजकों के मुताबिक इस रक्तदान अभियान का लक्ष्य शाम 5 बजे तक 100 लोगों से रक्तदान कराना था। उन्होंने बताया कि यह अभियान देश के कई राज्यों में चलाया जा रहा है। इनमें पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदोरिया, संजय सिंह, मेडिकल ऑफिसर डॉ ईश्वर प्रसाद, टेक्निकल सुपरवाइजर प्रबल कुमार राजपूत, तकनीशियन प्रभात विश्वकर्मा, मुकेश कुमार मौर्य और शिवम गुप्ता शामिल थे।

## हवन-पूजन कर उज्जवल स्वास्थ्य की कामना



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। जुही डिपो स्थित बड़े हनुमान मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76 वां जन्मदिन मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में हवन-पूजन प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और देश की तरक्की के लिए प्रार्थना की। मंदिर में भक्ति का माहौल था। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और लोगों की भलाई के लिए हो रहे कामों का जिक्र करते हुए उनका जन्मदिन मनाया। हवन-पूजन के बाद पूजा की गई। इसके बाद मंदिर में मौजूद लोगों और भक्तों को प्रसाद बांटा गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को प्रधानमंत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम में खुशी- खुशी शामिल हुए। कार्यक्रम में किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी, क्षेत्रीय पार्षद कई पार्षद और स्थानीय लोग मौजूद रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उनके लिए खुशी का मौका है। इस मौके पर धार्मिक कार्यक्रम करके देश की खुशहाली, तरक्की और विकास के लिए प्रार्थना की गई।

## अजगर निकलने से इलाके में मचा हड़कम्प

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर। जाजमऊ क्षेत्र के भल्ला स्टेट में बुधवार रात 2 मीटर लंबा अजगर दिखाई देने से इलाके में दहशत फैल गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद वन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम ने अजगर को पकड़ लिया। उसे बोरी में सुरक्षित रखकर वन विभाग की टीम अपने साथ ले गईए जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक बुधवार रात लोगों की नजर अचानक सड़क पर पड़े अजगर पर गई। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। अजगर दीवार के सहारे एक घर में घुसने की कोशिश कर रहा था। जब तक परिवार कुछ समझ पाता, उसका आधा हिस्सा शेड के नीचे पहुंच चुका था, जबकि वजन ज्यादा होने के कारण बाकी हिस्सा दीवार से लटक रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के दौरान लोगों को दूर रखा गया और अजगर पर नजर रखी गई। करीब एक घंटे की कोशिश के बाद टीम ने अजगर को पकड़कर बोरी में सुरक्षित रखा और अपने साथ ले गई।

## नशा तस्कर कपाली के घर पुलिस का छापा, गिरफ्तार



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। काकादेव थाना क्षेत्र में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच और काकादेव पुलिस ने चर्चित नशा तस्कर आलोक सैनी उर्फकपाली के घर छापा मारा। भारी पुलिस बल देख इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तस्कर कपाली के घर से 10 किलो गांजा और करीब 100 ग्राम स्मैक बरामद किया है। आरोपी के खिलाफपहले से नौ मुकदमे दर्ज होने की बात सामने आई है।

पुलिस को आरोपी कपाली के गीता नगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित घर पर मादक पदार्थ रखे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके के नेतृत्व में टीम ने एसीपी स्वरूप नगर और काकादेव पुलिस के साथ संयुक्त रूप से दबिश दी। तलाशी के दौरान गांजा और स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आलोक सैनी उर्फ कपाली को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मादक पदार्थ कहां से आया था और इसकी सप्लाई किन लोगों को की जाती थीए इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस उसके संपर्क में रहने वाले लोगों और नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की भी पड़ताल कर रही है।

# विश्वकर्मा जयंती पर 100 कारीगरों को मिली रोजगार की टूल किट




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 100 पात्र लाभार्थियों को टूल किट वितरित की गई। विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे जैन की उपस्थिति में दर्जी, हलवाई, राजमिस्त्री और लोहार ट्रेड से जुड़े कारीगरों को उनके व्यवसाय से संबंधित उपकरण प्रदान किए गए। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों और दस्तकारों के कौशल को प्रोत्साहित कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। योजना के तहत विभिन्न पारंपरिक ट्रेड से जुड़े पात्र लाभार्थियों को प्रशिक्षण के साथ उनके व्यवसाय में उपयोग होने वाले उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि वे अपने कौशल के आधार पर रोजगार के अवसर बढ़ा सकें और अपने व्यवसाय को आगे ले जा सकें। कार्यक्रम में दर्जी ट्रेड के सर्वाधिक 58 लाभार्थियों को टूल किट प्रदान की गई। इसके अलावा हलवाई ट्रेड के 12 तथा राजमिस्त्री और लोहार ट्रेड के 15-15 लाभार्थियों को उनके काम से संबंधित उपकरण दिए गए। इस प्रकार चार ट्रेड से जुड़े कुल 100 पात्र कारीगर योजना से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण भी सुना गया। इस मौके पर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को उनके कौशल के अनुरूप आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। टूल किट मिलने से कारीगर अपने काम को बेहतर तरीके से कर सकेंगे और स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे जैन ने लाभार्थियों से टूल किट का उपयोग अपने व्यवसाय और आजीविका को आगे बढ़ाने में करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पात्र कारीगरों तक स्वरोजगारपरक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में ग्रीन टुडे हेल्दी टुमॉरो थीम पर हुआ वृक्षारोपण



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी एवं गंगा टास्क फोर्स के सहयोग से गुरूवार को पार्किंग क्षेत्र में ट्री प्लांटेशन ड्राइव-ग्रीन टूडे, हेल्थी टूमारो अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर एवं स्वस्थ भविष्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार शामिल हुईं। अभियान के अंतर्गत कुल 200 पौधों का रोपण किया गया, जिसमें 100 इनडोर पौधे तथा 100 छोटे ऑक्सीजन प्रदान करने वाले पौधे शामिल हैं। इन पौधों को स्वयंसेवकों, संस्था के सदस्यों एवं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों द्वारा लगाया गया। विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखने में ही महत्वपूर्ण नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ जीवन की आधारशिला भी हैं। मेडिकल कॉलेज जैसे संस्थानों में इस प्रकार के अभियान विद्यार्थियों, चिकित्सकों, कर्मचारियों एवं समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के जन्मदिन की उपलक्ष्य में अस्पताल में दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसका नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ सीमा द्विवेदी एवं डॉ अनिता गौतम ने किया। कार्यक्रम में डॉ प्रतिभा मिश्रा, संस्थापक, वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी, रणबीर राउतेला, सूबेदार, गंगा टास्क फोर्स, नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी डॉ शशांक शुक्ला, डॉ नीना गुप्ता, डॉ रेणु गुप्ता, डॉ शैली अग्रवाल, डॉ पाविका लाल, डॉ दिव्या द्विवेदी, डॉ प्रतिमा वर्मा, डॉ प्रीति त्यागी, डॉ रश्मि गुप्ता, डॉ रश्मि यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# द्वेष, मोह और ईर्ष्या से ऊपर उठकर सद्कर्मों से जीवन को सार्थक बनाएं




स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। आर्य समाज गोविन्द नगर के तत्वावधान में आयोजित वेद प्रचार महोत्सव में गुरूवार को होशंगाबाद से पधारे प्रख्यात वेदाचार्य योगेन्द्र याज्ञिक ने जीवन के वास्तविक उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य का जीवन केवल भौतिक सुख-सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि सद्कर्म, सत्य, प्रेम, सेवा और आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से स्वयं के साथ-साथ समाज के कल्याण के लिए है। उन्होंने कहा कि द्वेष, मोह, ईर्ष्या, अहंकार और अनावश्यक संघर्ष मनुष्य के जीवन की ऊर्जा को नष्ट करते हैं। इसके विपरीत सकारात्मक सोच, संयम, आत्मचिंतन और परोपकार की भावना व्यक्ति के जीवन को सार्थक एवं प्रेरणादायी बनाती है। मनुष्य को अपने सीमित जीवनकाल का सदुपयोग करते हुए ऐसे कार्य करने चाहिएए जिनसे परिवारए समाज और राष्ट्र को लाभ मिले। वेदाचार्य योगेन्द्र याज्ञिक ने कहा कि वेद मनुष्य को जीवन जीने की ऐसी वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक दृष्टि प्रदान करते हैं, जिसमें ज्ञान के साथ कर्म, आत्मअनुशासन के साथ सेवा और आध्यात्मिकता के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का समन्वय है। उन्होंने कहा कि मनुष्य यदि अपने भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाए तो उसके जीवन का प्रभाव पूरे समाज पर दिखाई दे सकता है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वे वैदिक विचारों को केवल सुनने तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और दैनिक जीवन में उतारें। कार्यक्रम में वीरा चोपड़ा, शुभ कुमार वोहरा, चन्द्रकान्ता गेरा, वीरेन्द्र मल्होत्रा, डॉ संतोष अरोड़ा, प्रकाश वीर आर्य, अनिल चोपड़ा, शकुंतला मेंहदीरत्ता, श्याम प्रकाश शास्त्री सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

स्वतंत्र भारत
कानपुर शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026 4

# कानपुर



## खबर एक नजर



### विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) कानपुर** गुरुवार को नमक फैक्ट्री चौराहा रावतपुर गांव आशीष गार्डन निकट माई जिम फिटनेस सेंटर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर दसवां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें छोले चावल पूरी सब्जी बूंदी आदि का वितरण सुबह से लेकर रात्रि तक किया गया जिसमें लगभग चार हजार श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया य जानकारी जिम के ट्रेनर डायरेक्टर धीरज बाथम द्वारा दी गई उन्होंने बताया की सुबह पूजा हवन करने के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और यह आयोजन लगभग 10 वर्षों से किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा

### आईटीआई मानप्रस्थ में युग मानव निर्माण कार्यक्रम का आगाज



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो बिठूर** मंधना के निकट मानप्रस्थ आईटीआई में युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ अनुशासन आत्मविश्वास व्यवहारिक ज्ञान और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने की पहल के तहत मानप्रस्थ युग मानव निर्माण ट्रेनिंग कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ विश्वकर्मा पूजा दिवस पर गुरुवार को हुआ।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मानप्रस्थ युग मानव निर्माण संस्थान जो कि मानवीय प्रबंधन संस्थान ट्रस्ट की एक इकाई है के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मानप्रस्थ युग मानव निर्माण संस्थान की ओर से आयोजित स्पार्क 2026 कार्यक्रम में 100 से अधिक नवप्रवेशित आईटीआई विद्यार्थियों को ड्रेस पुस्तकें बैग और अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों में भी खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के चेयरमैन प्रोफेसर तेज नारायण अग्रवाल ने बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार आईटीआई ज्वाइंट डायरेक्टर आरके मौर्य और श्री कमल जी समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया।विधायक राहुल सोनकर ने कहा कि मेहनत अनुशासन और लगातार सीखने की आदत ही सफलता की मजबूत नींव है।तकनीकी प्रशिक्षण को गंभीरता से लेकर विद्यार्थी अपने कौशल को मजबूत करें क्योंकि आप सभी युवा आगे चलकर देश और समाज की ताकत बनेंगे। विधायक नीलिमा कटियार ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास सकारात्मक सोच और समाज के प्रति जिम्मेदारी युवाओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संस्थान के चेयरमैन प्रोफेसर तेज नारायण अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को सिर्फ नौकरी के लिए तैयार करना नहीं बल्कि उन्हें सक्षम आत्मविश्वासी और जिम्मेदार मानव बनाना है। कार्यक्रम के साथ ही युग मानव निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई। संस्थान के अनुसार प्रशिक्षण में तकनीकी कौशल के साथ जीवन कौशल व्यवहार और सकारात्मक सोच को भी प्रमुखता दी जाएगी।

### विश्वकर्मा जयंती पर जगह जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

**बिल्हौर** कानपुर जनपद की बिल्हौर तहसील में यांत्रिक जगत के पितामह भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में धूम धाम से मनाई गई। इस अवसर पर जगह जगह भगवान विश्वकर्मा के पूजन हवन और प्रसाद वितरण के आयोजन सम्पन्न हुए। प्रमुख रूप से विद्युत वितरण केंद्र बिल्हौर एवं विद्युत वितरण केंद्र साम्भी एवं आई टी आई साम्भी के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में तमाम शिल्पकारों ने हवन पूजन के साथ अपने यंत्र और औजारों का पूजन कर प्रसाद वितरण कराया। इस मौके पर ग्राम धिमऊ ग्राम में मनोज शर्मा कंचन शर्मा इंद्रकुमार नीरज आदि लोगों ने एक विशेष आयोजन कर हवन एवं प्रसाद वितरण कराया। वहीं बिल्हौर तहसील के मानप्रस्थ आई टी आई नारा मऊ में आयोजित कार्यक्रम में बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने भगवान विश्वकर्मा जी का विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन कर सभी के सुख समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अपने संबोधन में कहा कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी की कृपा से हमारे क्षेत्र के युवाओं को कौशल तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसर प्राप्त हों और वे आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

### जिलाध्यक्ष ने 21सौ दीप जला कर शुरू



### किया सेवा संकल्प अभियान

**ऽ घाटमपुर सीएचसी में मरीजों को बांटे फलए सजेती के बिहारेश्वर महादेव मंदिर में 2100 दीपों से हुआ भव्य दीपोत्सव'**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** घाटमपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे ष्सेवा संकल्प अभियानष् के अंतर्गत गुरुवार को भाजपा कानपुर ग्रामीण द्वारा सेवाए जनसंपर्क एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भाजपा कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष एवं निवर्तमान विधायक उपेंद्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सेवा को संगठन के मूल संस्कार के रूप में लेते हुए जनसेवा का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए घाटमपुर से हुई। इस अवसर पर मरीजों को फल वितरित किए गए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना इसी सेवा भाव की अभिव्यक्ति है। जिलाध्यक्ष कार्य कर्ताओं के साथ सजेती स्थित प्राचीन श्री बिहारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवनए देश की सुख.समृद्धिए जनकल्याण एवं राष्ट्र की निरंतर प्रगति की कामना के साथ 2100 दीपों का भव्य दीपोत्सव आयोजित किया गया।इस अवसर पर साथ में वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश त्रिवेदीए जिला संयोजक आईटी सौरभ त्रिवेदीए रोहित सोनी ;मण्डल अध्यक्षद्ध शोभित सेंगरए रामरूप सिंहए रामगोपाल पासवानए शैलेंद्र सक्सेनाए रणवीर सचानए रोहित सविताए पंकज पासवानए अमित तिवारीए रोहित सिंह एडवोकेटए शशिभूषण द्विवेदीए विकास सैनीए विक्रम गोस्वामीए विवेक भारद्वाजए स्नेहहंस ओमरए कुशल बाल्मीकि एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भगवान विश्वकर्मा दबे कुचले लोगों के थे मसीहा-सरोज कुरील

**जयंती के मौके पर बोलते हुए विधायक ने कहाए वहीं धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती कारखानों में कला व निर्माण के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा का किया गया पूजन**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**घाटमपुर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूम धाम से मनाई गई। जयंती पर सुबह से ही साफ सफाई के साथ कारखानों में सुंदर झांकियां सजाई गई। आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाकर अपने इष्टदेव आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा लगाकर मंत्रोचार के साथ पूजन किया गया। मान्यता है कि आज के दिन कारखानों में पूजन के अतिरिक्त अन्य कोई कार्य नहीं होता देर शाम तक प्रतिष्ठानों में आल्हा आदि विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन चलते रहे। वहीं नगर के हमीरपुर रोड़ पर श्रेया गेस्ट हाउस में भगवान विश्वकर्मा सेवा संस्थान द्वारा जयंती के मौके पर पहुंची विधायक सरोज कुरील ने बोलते हुए कहा कि कि भगवान विश्वकर्मा की अलौकिक शक्ति व उनकी प्रेरणा से हम सब के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। विधायक ने आगे कहा कि भगवान विश्वकर्मा को मानने से ज्यादा उनके रास्ते पर चलने से हम सब का भला होगा। इससे पहले विश्वकर्मा पूजन एवं हवन कार्यक्रम विश्वकर्मा पार्क जो कि नगर पालिका परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव में दिया गया है वहां सुबह 9 बजे से सम्पन्न हुआ वहीं जवाबी कीर्तन व भंडारा का आयोजन श्रेया गेस्ट हाउस में किया गया।

भगवान विश्वकर्मा सेवा संस्थान कमेटी के अध्यक्ष डाव शिव शंकर द्वारा पदाधिकारियों के साथ विधायक सरोज कुरील व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर सुबह से लेकर शाम तक भंडारे के आयोजन के साथ शाम को जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसे सुनने के लोग रात भर अपनी अपनी जगहों पर जमे रहे। जयंती को सफल बनाने में भगवान विश्वकर्मा सेवा संस्थान कमेटी के अध्यक्ष डाव शिव शंकरए मंत्री संतोष कुमार शर्माए उप मंत्री अनिल कुमारए उपाध्यक्ष राम बाबूए संयोजक संतोष विश्वकर्माए कोषाध्यक्ष अवधेश कुमारएव्यवस्थापक संजय ए राकेश प्रसादए संयोजक राम शंकर सोनकरएव्यवस्थापक रितु राज सिंह फौजी व ईशु गुप्ता व बीशु गुप्ता की अहम भूमिका रही।



## हजारों आशीर्वाद के दीयों से रोशन हुई घाटमपुर की सरजमीं

**ऽ कूष्मांडा देवी मन्दिर से विधायक सरोज कुरील ने ईओ महेन्द्र कुमार के साथ 17 सितंबर से सेवा दिवस से सेवा संकल्प अभियान का किया आगाज रक्तदान शिविर और विश्वकर्मा लाभार्थियों को बांटे गए टूल किट**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो घाटमपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से घाटमपुर में एक माह के ष्सेवा संकल्प अभियानष् की शुरुआत मां कूष्मांडा देवी मन्दिर परिसर से विधायक सरोज कुरील ने ईओ महेन्द्र कुमार व सभासदों के साथ लाखों ष्आशीर्वाद के दीयोंष् से रोशन कर की। पहले दिन ष्सेवा दिवसष् के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।जिसमें विधायक ने मां कूष्मांडा देवी मन्दिर परिसर में आयोजित ष्आशीर्वाद का दीयाष् प्रमुख कार्यक्रम को आकर्षण का केंद्र बनाया।शाम ढलते ही मां कूष्मांडा देवी मन्दिर परिसर में लाखों दीप प्रज्ज्वलित हो गए।नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्सए नदी घाटोंए अमृत सरोवरोंए मंदिरोंए पार्कोंए महाविद्यालयों और चिकित्सालयोंए सामाजिकए व्यापारिक और धार्मिक संगठनों ने भी दीपोत्सव में सहभागिता की।सेवा सेतुष् अभियान के तहत विकास खंडों में ष्सरकार आपके द्वारष् सेवा शिविर लगाए गए। इनमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन पात्र लोगों को चिह्नित किया गयाए जो अभी तक योजनाओं के लाभ से छूटे हुए हैं। पात्रता के अनुसार ऐसे लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से लाभान्वित कराने की कार्रवाई की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी मनोज कुमार भदौरिया भी मौजूद रहे।



## सेवाओं की अनिश्चितता तथा बौद्धिक मजदूरी से बेहाल असिस्टेंट प्रोफेसर निराश कैशलेस चिकित्सा योजना का कर रहे बहिष्कार!

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** 331 अनुदानित महाविद्यालयों में 25 वर्षों से संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों की दोहरी व्यवस्था में कार्यरत लगभग 3000 असिस्टेंट प्रोफेसर सेवा सुरक्षाए सम्मानजनक मानदेय एवं सेवा विनियमन की मांग को लेकर जिलाधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेज रहे ज्ञापन। वर्ष 2000 में भाजपा शासन द्वारा शुरू की गई उक्त दोहरी व्यवस्था में कार्यरत शिक्षक वर्तमान सरकार से पिछले 9 वर्ष से विनियमितीकरण किए जाने अथवा यूजीसी वेतनमान दिए जाने के साथ सेवाओं की सुरक्षा की मांग लगातार करते आ रहे हैं। परन्तु शासन द्वारा उनकी मांग पर विचार न किए जाने के कारण प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शिक्षक अपने.अपने जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन प्रेषित कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे मुख्यमंत्री जी की लोकहितकारी शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के उद्देश्य के विरोधी नहीं हैंए बल्कि पिछले 25 वर्षों से लंबित अपनी मूल सेवा समस्याओं के समाधान की मांग को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए इस योजना का बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। शिक्षकों के अनुसार पिछले चार वर्षों में प्रदेशव्यापी स्तर पर हजारों पत्र शासन एवं जनप्रतिनिधियों को प्रेषित किए जा चुके हैं। संगठन के अध्यक्ष डॉण् अरुणेश अवस्थी द्वारा 50 से अधिक जनप्रतिनिधियों के समर्थन पत्र भी शासन को प्रेषित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त उच्च शिक्षा मंत्री माननीय योगेंद्र उपाध्याय जी के समक्ष अनेक अवसरों पर विषय रखा गया तथा विधान परिषदए विधानसभाए विनियमन समिति एवं याचिका समिति सहित विभिन्न स्तरों पर भी शिक्षकों की समस्याओं को प्रस्तुत किया गया है। शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभिन्न पदाधिकारियों से भी अपनी समस्या के समाधान के लिए आग्रह किया है तथा माननीय मुख्यमंत्री जी से भी कई अवसरों पर व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपनी मांगों के समाधान का अनुरोध किया है।

## मोदी के जन्मदिन पर सेवा, स्वच्छता और जनसेवा का संदेश

**राम किशोर साहू जी एवं जिला अध्यक्ष श्री शिवराम सिंह जी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं संग किया श्रमदान, सफाई कर्मचारियों व लाभार्थी दुकानदारों का सम्मानय रक्तदानए मरीजों की सेवाए हवन और भंडारे में हुए शामिल**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** कानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा के सेवा संकल्प अभियान की शुरुआत गुरुवार को सेवाए स्वच्छताए पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के संदेश के साथ हुई। भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष श्री राम किशोर साहू एवं जिला अध्यक्ष श्री शिवराम सिंह जी के नेतृत्व में दिनभर विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान की शुरुआत संजय वन से हुईए जहां श्री राम किशोर साहू ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान किया और स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसके बाद संजय वन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। स्वच्छता कार्य में योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संजय वन में दुकान प्राप्त करने वाले 36 लाभार्थी दुकानदारों का भी सम्मान किया गया। इसके पश्चात श्री शिव राम सिंह जी काशीराम अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचे और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शिवराम सिंह ने स्वयं रक्तदान किया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए तथा आयुष्मान योजना के लाभार्थी मरीजों से भेंट कर उनका हालचाल जाना। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री आनंद सिंहए क्षेत्रीय पदाधिकारी राजेश पटेलए भुवन प्रकाश गुप्ताए अनूप अवस्थी जिला महामंत्री जसविंदर सिंह पवन दीक्षित एलबी सिंह पटेल दीपांकर मिश्रा गौरव चतुर्वेदी अनीता परमार विवेक शुक्ला सहित जिला पदाधिकारीए मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित

## सीएचसी में हुआ रक्तदान विधायक ने रक्त दाताओं को बांटे प्रमाण पत्र



ऽ चिकित्साधीक्षक ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ इस मौके पर किया रक्तदान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

घाटमपुर। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर ष्सेवा संकल्प अभियानष् के तहत गुरुवार को मानस चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक सरोज कुरील ने रक्तदान करने वाले चिकित्साधीक्षक डॉक्टर पवन सचान व एक चिकित्सक के अलावा स्वास्थ्य कर्मियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। तथा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में करीब 12 लोगों ने पंजीकरण कराकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर में चिकित्साधीक्षक डॉव पवन सचान के अलावा एच ई ओ सुनील कुमार वर्माए अनिल कुमारए विनय सिंहए डॉव रफीक अहमद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरीपाल तथा अजीत कुमारए सत्यमए दीपेंद्र एवं अन्य लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में मानस चैरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम से अनिल कुमार वर्मा एवं अमर चौधरी भी मौजूद रहे।

## भीतरगांव में दीपोत्सव के साथ शुरू हुआ सेवा संकल्प अभियान

**प्रधानमंत्री के 25 वर्षो के जनसेवा एव राष्ट्रसेवा के कार्यो पर डाला प्रकाश**



स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। विकासखंड भीतरगांव परिसर में सेवा संकल्प अभियान के तहत सुंदर रंगोली सजा दीप प्रज्ज्वलित किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अशोक सचान ने की। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी गिरीश मिश्रा एडीओ पंचायत मनोज उमराव सहित अन्य मौजूद लोगों ने हर्षोल्लास और उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण में योगदान उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं और नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डाला महिला कर्मचारियों द्वारा कार्यालय के प्रवेश द्वार पर आकर्षक रंगोली बनाई तत्पश्चात मौजूद लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित किया जिससे ब्लॉक परिसर रोशनी से जगमगा उठा इस दौरान ब्लॉक प्रमुख अशोक सचान खंड विकास अधिकारी गिरीश मिश्रा एडीओ पंचायत मनोज उमराव अवनीश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

**पंचायत सचिवालय सहित सीएचसी परिसर रोशनी से जगमगाए**

भीतरगांव। ब्लॉक मुख्यालय स्थित सीएचसी भीतरगांव में चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीष तिवारी ने साथी डॉक्टरों एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किए और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।विकासखंड की समस्त पंचायतों में पंचायत सचिव रोजगार सेवक सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं ने मोदी के जन्मदिन पर मरीजों को फल बांटे

**बिल्हौर** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को बिल्हौर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिला महामंत्री जेपी कटियार जिला सह कोषाध्यक्ष विक्रम मिश्रा और मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार ने सीएचसी पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान मरीजों का हालचाल भी जाना गया। कार्यक्रम में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान भी किया। भाजपा जिला महामंत्री जेपी कटियार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा और समर्पण के रूप में मनाया जा रहा है। जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्ची जनसेवा है। रक्तदान महादान है और इससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, उरई जनपद-जालौन

पत्रांकः-404 / संशोधन सूचना / न०पा०परि० उरई / (2026-27)-उरई-दिनांक- 17.09.2026

**संशोधन सूचना**

समस्त फर्म / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, उरई के निविदा सूचना पत्र सं० 350 दिनांक 01.09.2026 में कुल 23 कार्यो की निविदा आमन्त्रित दिनांक 18.09.2026 को निर्धारित की गई थी। परन्तु ठेकेदार / फर्मों द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र में निविदा बिक्री दिनांक 16.09.2026 होने के कारण आज दिनांक 17.09.2026 को बैंक में सर्वर डाउन होने के कारण धरोहर धनराशि की एफ०डी०आर० न बनने के क्रम में अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार निविदा आमन्त्रित दिनांक में संशोधन किया जाता है अब उक्त कार्यो की निविदा आमन्त्रित दिनांक 18.09.2026 के स्थान पर दिनांक 24.09.2026 को अपरान्ह 02.00 बजे तक की जायेगी। शेष नियम व शर्ते यथावत् रहेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद उरई
(जालौन)

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद उरई
(जालौन)

## कार्यालय ग्राम पंचायत इटर्रा, विकास खण्ड पतारा, कानपुर नगर

पत्रांक / मेमो / नि०वे०दा० ग्राम पंचायत निर्माण कार्य / वर्ष-2026-2027 दिनॉक-17.09.2026

**अति-अल्पकालीन निविदा**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ०प्र० की ओर से अन्त्येष्टि स्थल योजना प्राप्त धनराशि से अधोलिखित कार्यों हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय इटर्रा, विकास खण्ड पतारा, कानपुर नगर से दिनॉक 26.09.2026 को निविदाये आमंत्रित करते हैं। जो कि इसी तिथि को सायं 3.00 बजे ग्राम पंचायत इटर्रा, विकास खण्ड पतारा, घाटमपुर, कानपुर नगर में टेण्डर समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी।निविदा प्रपत्र के साथ आपूर्ति कर्ता फर्म को धरोहर राशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ०डी०आर० / नकद जो कि ग्राम निधि खाता-प्रथम इटर्रा, विकास खण्ड पतारा, कानपुर नगर के बंधक हो, जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं काल 02.00 बजे तक दिनॉक 26.09.2026 निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा, निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रूपये मूल्य का नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर व 01.00 रूपये की रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है-

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | स्वीकृत कार्य लागत (लाख रु०में) | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत इटर्रा में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य। | 24.12लाख | 0.49 लाख | 07 माह |

नियम व शर्ते -1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी। 2. फर्म निविदा डालने से पूर्व कार्य का स्थल निरीक्षण कर लें। 3. आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 4. निविदा स्वीकार होने पर प्राक्लन धनराशि 08 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ०डी०आर० डी०डी० के रूप में ग्राम निधि खाता-प्रथम,इटर्रा, विकास खण्ड पतारा, कानपुर नगर के नाम पर बंधक कर प्रस्तुत करनी होगी। 5. संदर्भित लागत कार्य के अनुसार घटायी व बढ़ायी जा सकती है। 6. निविदा कर्ता फर्म का पंजीकरण आयकर एंव व्यापार कर में अवश्य होना चाहिए। 7. कार्य के 60 प्रतिशत पूर्ण होने पर 50 प्रतिशत का भुगतान किया जायेगा। 8. निविदा खुलने के बाद वर्क ऑर्डर जारी होने के सात दिनों कार्य प्रारम्भ करना होगा अन्यथा कि दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 9. नियामानुसार जी०एस०टी० एवं टी०डी०एस० की कटौती की जायेगी। 10. जिस फर्म द्वारा पूर्व में समान आकृति का करने का कार्यादेश देने पर उक्त फर्म को वरीयता दी जाएगी।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत इटर्रा,
विकास खण्ड पतारा,कानपुर नगर

**सचिव**
ग्राम पंचायत इटर्रा,
विकास खण्ड पतारा, कानपुर नगर

## 16 दिन बाद दर्ज हुई युवती के अपहरण की रिपोर्ट

**-सीओ के निर्देश पर हसनगंज पुलिस ने रंजीत समेत एक अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के देवीपुर खड़वारी गांव निवासी संतोषी ने एक सितंबर को हसनगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर 20 वर्षीय बेटी राधा को गांव निवासी रंजीत द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने 16 दिन तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की। रिपोर्ट दर्ज न होने पर पीड़िता ने सीओ तेज बहादुर सिंह से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

सीओ के निर्देश के बाद हसनगंज पुलिस ने रंजीत समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस युवती की तलाश के साथ ही मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। सीओ तेज बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## विश्वकर्मा जयंती पर प्रतिष्ठानों में गूंजे भजन, पूजे गए औजार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव। कस्बा समेत पूरे क्षेत्र में गुरुवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। लोहा, लकड़ी, मैकेनिकल, रिपेयरिंग और राजमिस्त्री के काम से जुड़े लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों पर विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही औजारों की पूजा कर प्रसाद वितरित किया गया। कस्बा फतेहपुर चैरासी, ऊगू समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वकर्मा जयंती को लेकर सुबह से ही प्रतिष्ठानों पर चहल-पहल रही। व्यवसायियों ने अपने काम में इस्तेमाल होने वाले औजारों और मशीनों की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर सुंदरकांड, रामचरितमानस पाठ, आल्हा पाठ और कीर्तन का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सादखेड़ा गांव में लोहा व्यवसायी सत्यम समेत अन्य व्यवसायियों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जयंती को लेकर पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला चलता रहा।

## बरसाती पानी से माढ़ापुर मार्ग के किनारे कटे, हादसे का खतरा

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव ।** नगर के माढ़ापुर मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास बरसाती पानी से सड़क के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मिट्टी कट जाने से सड़क संकरी हो गई है। इससे राहगीरों के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। क्षतिग्रस्त हिस्से के कारण हादसे का खतरा भी बना हुआ है।

बांगरमऊ से बहटा घाट तक करीब आठ किलोमीटर लंबे मार्ग का हाल में चैड़ीकरण कराया गया है। कटरी क्षेत्र के दर्जनों गांव इसी मार्ग से जुड़े हैं। कल्याणी नदी पुल के पास बरसाती पानी के तेज बहाव से सड़क के दोनों ओर की मिट्टी बह गई। इससे किनारे कटने के साथ सड़क का हिस्सा भी प्रभावित हुआ है और मार्ग संकरा हो गया है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक सड़क किनारे कटाव बढ़ने से वाहन चालकों को खासकर बारिश के दौरान परेशानी होती है। रात के समय स्थिति और जोखिम भरी हो जाती है। लोगों ने बताया कि यदि समय रहते क्षतिग्रस्त किनारों की मरम्मत नहीं कराई गई तो कटाव और बढ़ सकता है। नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सड़क का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त दोनों किनारों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत होने से आवागमन सुरक्षित रहेगा और संभावित दुर्घटना को टाला जा सकेगा।

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार, घर पर दबिश देकर पुलिस ने दबोचा

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। कस्बा चैकी पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कार्रवाई से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों में खलबली मच गई।

कस्बा चैकी प्रभारी न्यूटन सिंह ने हमराह सिपाही मुकेश मौर्य के साथ मोहल्ला गुलाम मुस्तफा स्थित वांछित अभियुक्त के घर पर छापा मारा। पुलिस के अनुसार मौके से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित सुनील कुमार पुत्र नंगू को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को देखते ही आरोपी ने बचकर निकलने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक सुनील कुमार काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। उसके खिलाफ कोतवाली में कई आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित होने के कारण पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को कोतवाली ले गई, जहां आवश्यक लिखा-पढ़ी और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## स्कूली वाहनों में अटेंडेंट न मिलने पर कटे चालान, सुरक्षा जांच तेज

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा को लेकर परिवहन विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। 'मिशन सेफ फ्यूचर 3.0' के तहत गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्रों में स्कूली वाहनों का अचानक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुछ वाहनों में अटेंडेंट नहीं मिलने पर चालान की कार्रवाई की गई। छात्राओं को लाने-ले जाने वाले वाहनों में महिला अटेंडेंट की मौजूदगी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त के निर्देश पर जिले में 14 जून से 19 सितंबर तक अभियान चलाया जा रहा है। एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने बताया कि एआरटीओ प्रथम संजीव कुमार सिंह और यात्रीकर माल अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने गुरुवार को अलग-अलग क्षेत्रों में स्कूली वाहनों की जांच की। एआरटीओ प्रथम ने जी-स्कूल और आदर्श विद्या मंदिर के वाहनों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान बसों में अटेंडेंट मौजूद मिले। अधिकारियों ने चालकों और अटेंडेंट को बच्चों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और नियमों का पालन करने को कहा।

वहीं, यात्रीकर माल अधिकारी विनय कुमार पांडेय ने रिशीकुल विद्या मंदिर, जनक दुलारी और एसजेएस पब्लिक स्कूल के वाहनों की जांच की। कुछ वाहनों में अटेंडेंट नहीं मिले। इस पर संबंधित वाहनों का चालान किया गया। अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन और वाहन संचालकों को सभी स्कूली वाहनों में अटेंडेंट की मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्कूल स्तर पर भी बनेगी परिवहन सुरक्षा समिति**

एआरटीओ प्रशासन श्वेता वर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल वाहनों की जांच करना नहीं, बल्कि स्कूल स्तर पर भी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर सभी विद्यालयों में परिवहन सुरक्षा समिति गठित कराने का अनुरोध किया है। साथ ही स्कूली वाहनों में अटेंडेंट की मौजूदगी सुनिश्चित करने और चालकों का चरित्र सत्यापन कराने के बाद इसकी जानकारी परिवहन विभाग को उपलब्ध कराने को कहा गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बच्चों की सुरक्षित यात्रा के लिए चालक के साथ अटेंडेंट की मौजूदगी जरूरी है। छात्राओं को लाने-ले जाने वाले वाहनों में महिला अटेंडेंट की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

## भैंस बांधने को लेकर देवरानी-जेठानी भिड़ीं, मारपीट का वीडियो वायरल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के बरिगांव में जमीन पर भैंस बांधने को लेकर देवरानी और जेठानी के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। घटना का वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मामले में दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर अलग-अलग शिकायतें दी हैं। बरिगांव निवासी रामकली पत्नी जीतबहादुर का आरोप है कि उनकी जमीन पर जेठानी शिवदेवी पत्नी मेवालाल ने भैंस बांध दी थी। विरोध करने पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान किसी ने घटना का वीडियो बना लिया, जो गुरुवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित होने लगा। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी हुई। इसके बाद दोनों पक्ष दही थाने पहुंचे और पुलिस को शिकायत पत्र दिए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# सेवा संकल्प अभियान में गूंजा सेवा का संदेश, रक्तदान से लेकर दीपोत्सव तक हुए आयोजन





**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस और जनसेवा व सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को जिलेभर में सेवा, समर्पण और रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा कार्यालय में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। वहीं जिला अस्पताल में भाजयुमो की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। मंदिरों में हवन-पूजन, दीपोत्सव, पौधरोपण और गंगा आरती कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की गई।

भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और सदर विधायक पंकज गुप्ता की मौजूदगी में दिव्यांगजनों को उनकी जरूरत के अनुसार कृत्रिम व सहायक उपकरण वितरित किए गए। इसके बाद सांसद डॉ. सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज के आवास पर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए हवन-पूजन किया गया। अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सांसद साक्षी महाराज, जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और विधायक पंकज गुप्ता ने गोकुल बाबा मंदिर पहुंचकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। आनंद घाट शुक्लागंज में पौधरोपण के बाद गंगा आरती की गई। झंडेश्वर मंदिर बड़ा चैराहा में दीपोत्सव आयोजित कर मिष्ठान वितरित किया गया।

**जिला अस्पताल में भाजयुमो ने किया रक्तदान**

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजयुमो की ओर से जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। विधायक पंकज गुप्ता, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी और भाजयुमो जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। जिला महामंत्री उदय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रीतेश चैहान, गंगाघाट मंडल अध्यक्ष प्रत्यय गुप्ता, सुधीर चैहान और सतीश चैहान ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

विधायक पंकज गुप्ता ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनका हाल जाना। बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार ने सीएचसी में मरीजों को फल बांटे। वहीं सिद्धपीठ बड़े हनुमान मंदिर में जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में पूजन के बाद श्रद्धालुओं और जरूरतमंदों को फल वितरित किए गए।

**विधानसभाओं में भी हुआ दीपोत्सव**

मौरावां के मोटेश्वर महादेव मंदिर में प्रदेश मंत्री अंजलि मौर्य, पुरवा विधायक अनिल सिंह और जिला महामंत्री रजनीश वर्मा ने दीपोत्सव में हिस्सा लिया। विधायक अनिल सिंह ने मौरावां स्थित कार्यालय में हवन-पूजन किया। बांगरमऊ के बोधेश्वर मंदिर में क्षेत्रीय महामंत्री राजीव मिश्रा, विधायक श्रीकांत कटियार और जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल ने दीप जलाकर मिष्ठान वितरित किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के सभी शक्ति केंद्रों और बूथों पर आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम भी हुआ। जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लाभार्थी परिवारों के साथ घरों के बाहर दीप जलाकर श्जिसने जीवन संवारा, उसे आशीर्वाद हमाराश् का संदेश दिया। बूथ स्तर तक हुए कार्यक्रमों में विकसित भारत के संकल्प को दोहराया गया।

कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह, जिला महामंत्री मनीष जायसवाल, निवर्तमान जिला महामंत्री आशीष बाजपेई अटल, समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीप जलाकर विद्यार्थियों ने दिया सेवा और संवेदना का संदेश




स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विद्यार्थियों से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार शाम उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में 'सेवा दिवस-आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएसए के निर्देश और खंड शिक्षा अधिकारी औरास दीपेश कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने दीप जलाकर सेवा, सद्भाव और सहयोग का संदेश दिया।

सायं सात बजे हुए कार्यक्रम में शिक्षक इंद्रपाल के साथ करीब 20 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। बच्चों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित किए। दीपों से तैयार की गई रचनात्मक प्रस्तुति ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सेवा को महज औपचारिक गतिविधि न मानकर सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाने का संकल्प लिया।

शिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सहयोग और समाजोपयोगी सोच विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे सार्थक प्रयास ही समाज में सकारात्मक बदलाव की आधारशिला बनते हैं।

खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार के मार्गदर्शन में हुई इस पहल ने विद्यार्थियों के अनुभवात्मक अधिगम को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का काम किया। कार्यक्रम के दौरान फोटो और वीडियो भी तैयार किए गए। विद्यालय परिसर में जगमगाते दीपों ने बच्चों को सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ओम प्रकाश, पंचायत सहायक, रसोइया समेत विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# फतेहपुर चैरासी से बांगरमऊ तक जले आशीर्वाद के दीये





स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जिले के फतेहपुर चैरासी और बांगरमऊ क्षेत्र में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कस्बों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक लोगों ने दीप जलाकर सेवा और विकसित भारत के संकल्प को दोहराया।

**फतेहपुर चैरासी में जगह-जगह हुआ दीप प्रज्ज्वलन**

फतेहपुर चैरासी विकासखंड मुख्यालय पर ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह, हेमंत कुमार, विवेक कुमार समेत कर्मचारियों ने दीप जलाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. संजीव, डॉ. मनोज, डॉ. आदित्य सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने दीप प्रज्ज्वलित किए। नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों कृष्ण पाल, विनीत और संतलाल समेत अन्य ने दीप जलाकर कार्यक्रम में सहभागिता की।

कस्बा ऊगू में भी लोगों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दीं। नगर पंचायत फतेहपुर चैरासी और ऊगू की कान्हा गोशालाओं, कार्यालय परिसरों और मंदिरों में भी दीप प्रज्ज्वलित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों ने अपने घरों पर दीप जलाकर कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान लोगों ने विकसित भारत के निर्माण में सहभागिता का संकल्प लिया।

**बांगरमऊ सीएचसी में मरीजों को बांटे फल**

बांगरमऊ में प्रधानमंत्री का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया गया। विधायक श्रीकांत कटियार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों का उल्लेख किया।

विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों, किसानों और वंचित वर्गों को केंद्र में रखकर योजनाएं संचालित की हैं। किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ देश और प्रदेश के विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान एसडीएम बृजमोहन शुक्ला, सीओ हर्ष मोदी, सीएचसी अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष मुकेश पाल, जयपाल पटेल और शुभम कटियार मौजूद रहे।

**सीएचसी परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों ने जलाए दीये**

बांगरमऊ सीएचसी परिसर में गुरुवार शाम करीब सात बजे दीपदान कार्यक्रम हुआ। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार सिंह, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. सुनील राठौर समेत स्वास्थ्य कर्मियों ने दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना की। परिसर में दीपों की रोशनी से माहौल भक्तिमय नजर आया।

# आज से सजेगा बाबा नरसिंह का दरबार, हसेवा मेले में उमड़ेगी श्रद्धा



**-18 से 21 सितंबर तक चलेगा पौराणिक मेला, ढाई से तीन किमी तक सजेंगी दुकानें,सुरक्षा में तैनात होंगे 20 पुलिसकर्मी**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज-मुंशीगंज मार्ग पर हसेवा गांव के बाहर लगने वाला पौराणिक एवं ऐतिहासिक हसेवा मेला गुरुवार से आस्था और श्रद्धा का केंद्र बनेगा। बाबा नरसिंह भगवान के दरबार में 18 से 21 सितंबर तक चलने वाले मेले में दूर-दराज से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। सदियों पुरानी मान्यताओं और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं के साथ इस बार मेले को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सड़क किनारे करीब ढाई से तीन किलोमीटर क्षेत्र में मेले का बाजार सजाया जाएगा।

### हैजा थमने के बाद साधु को माना नरसिंह का स्वरूप

ग्रामीणों के अनुसार, वर्षों पहले क्षेत्र में हैजा जैसी बीमारी का प्रकोप फैला था। इसी दौरान एक साधु गांव में पहुंचे। मान्यता है कि साधु के आने के बाद बीमारी का प्रकोप थम गया। कुछ समय बाद साधु गांव छोड़कर चले गए। इसके बाद ग्रामीणों को विश्वास हुआ कि वह कोई साधारण साधु नहीं, बल्कि स्वयं भगवान नरसिंह के रूप में गांव में आए थे।

ग्रामीण बताते हैं कि साधु जब पड़ोसी गांव के समीप पहुंचे तो लोगों ने उन्हें अपने गांव में रुकने का आग्रह किया। इस पर उन्होंने कहा कि गांव में जिस स्थान पर जमीन फटी हुई मिले, वहीं उन्हें खोज लेना। बाद में जिस स्थान पर जमीन फटी मिली, वहीं बाबा नरसिंह भगवान का दरबार स्थापित किया गया। तभी से यह स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### दूध और पुए का चढ़ता है प्रसाद

ग्रामीणों के अनुसार, आधे भादव की अमावस्या के बाद पड़ने वाले शुक्रवार को बाबा नरसिंह भगवान की विशेष पूजा की परंपरा है। इस दिन श्रद्धालु बाबा के दरबार में दूध अर्पित करते हैं। करीब आधा किलोग्राम आटे के पुए देशी घी में तैयार कर प्रसाद के रूप में चढ़ाए जाते हैं। गांव की परंपरा के अनुसार एक महिला और एक पुरुष पूजा होने तक अन्न ग्रहण नहीं करते। शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद ही व्रत खोला जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है।

### छोटे मेले से ढाई किमी तक फैला कारोबार

करीब 20 से 25 वर्ष पहले तक हसेवा का मेला अपेक्षाकृत छोटा हुआ करता था। समय के साथ इसकी ख्याति और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। अब हसनगंज-मुंशीगंज मार्ग पर करीब ढाई से तीन किलोमीटर तक सड़क के दोनों ओर दुकानें सजती हैं। खान-पान, घरेलू सामान, खिलौने समेत विभिन्न प्रकार की दुकानें मेले की रौनक बढ़ाती हैं। दुकानदार कई दिन पहले ही पहुंचकर दुकानें सजाना शुरू कर देते हैं और मेला समाप्त होने के बाद भी कुछ दिनों तक कारोबार चलता है।

### भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस ने कसी कमर

मेले में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था तेज कर दी है। बृहस्पतिवार को सीओ तेज बहादुर सिंह ने कोतवाल शरद कुमार और पुलिस फोर्स के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र, पार्किंग और भीड़भाड़ वाले स्थानों की व्यवस्थाएं परखी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए दो दरोगा, आठ महिला सिपाही और 10 पुरुष सिपाहियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए।

### अधिक पार्किंग शुल्क वसूला तो होगी कार्रवाई

सीओ ने पार्किंग संचालकों के साथ बैठक कर साइकिल, बाइक और कार से आने वाले श्रद्धालुओं से निर्धारित शुल्क ही लेने के निर्देश दिए। अधिक शुल्क वसूली अथवा विवाद की शिकायत मिलने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के साथ भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देगी।

### दो ऊंचे झूले हटाने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान अधिक ऊंचाई वाले दो झूलों को हटाने के निर्देश दिए गए। मंदिर परिसर में साउंड सिस्टम की व्यवस्था रखने को कहा गया है, ताकि किसी बच्चे के परिजनों से बिछड़ने पर तत्काल सूचना प्रसारित कर उसे परिवार से मिलाया जा सके। सीओ तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मेले में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी जाएगी।

## बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचे विधायक राहत सामग्री बांटकर जाना हाल



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की समस्याएं जानने के लिए विधायक श्रीकांत कटियार ने गुरुवार को बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा किया। उन्होंने ग्राम दुर्गापुरवा पहुंचकर बाढ़ पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनकी परेशानियां सुनीं। विधायक ने प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

विधायक ने ग्रामीणों से कहा कि बाढ़ पीड़ितों को उपलब्ध कराई जा रही खाद्य सामग्री प्रदेश की योगी सरकार की ओर से भेजी गई है। सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। किसी को घबराने या डरने की जरूरत नहीं है। जरूरत के अनुसार प्रभावित परिवारों तक राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गुरुवार का दिन विशेष है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। प्रधानमंत्री ने अपना जीवन गरीबों की सेवा और कल्याण के लिए समर्पित किया है। उनके जन्मदिन पर बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर सहायता करना सेवा भावना का हिस्सा है। इस दौरान तहसीलदार अखिलेश मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि कुन्नू सिंह, जयपाल पटेल और शुभम कटियार मौजूद रहे।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोप, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की शिकायत

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। सफीपुर थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म और अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप सामने आया है। किशोरी की मां ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र दिया और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है। शिकायती पत्र के अनुसार घटना 14 सितंबर की दोपहर करीब दो बजे की बताई गई है। किशोरी की मां का आरोप है कि उस समय उनकी बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान गांव का बब्लू पुत्र ओम प्रकाश घर में घुस आया। आरोप है कि युवक ने तमंचे के बल पर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से उसके अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। परिजनों का आरोप है कि इसके बाद आरोपी कथित फोटो-वीडियो के नाम पर किशोरी को ब्लैकमेल करने लगा और दोबारा गलत काम करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर फोटो-वीडियो गांव के अन्य बच्चों को दिखाने की धमकी देने का भी आरोप है। किशोरी की मां के मुताबिक घटना की जानकारी होने पर जब आरोपी की मां से शिकायत की गई तो आरोपी पक्ष ने उनके और उनकी बेटी के साथ अभद्रता की। शिकायत में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

घटना के बाद किशोरी और उसका परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। परिजनों ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने, एफआईआर दर्ज करने और कथित अश्लील फोटो-वीडियो के दुरुपयोग की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिली है और मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## फिर हिंसा

करीब तीन साल से अधिक समय से जातीय हिंसा और उससे उपजे सामाजिक तनाव से घिरा मणिपुर एक बार फिर समस्या ग्रस्त हो रहा है। यह सही है कि स्थितियों में कई बार सुधार के संकेत नजर आए लेकिन यह भी साफ है कि तनाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हो सका है। आज भी हिंसक घटनाओं का राज्य के सामान्य जनजीवन पर प्रभाव पड़ रहा है। राज्य के तामेंगलॉन्ग जिले के एक गांव में मंगलवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी और कुछ फार्म हाउसों को जला दिया। इसके कुछ ही देर बाद दूसरे गांव पर रात करीब 10:30 बजे हुए हमले में गोलीबारी शुरू हुई जो बुधवार तड़के तक चलती रही। इससे पहले रविवार को भी दो जिलों में हुए उग्रवादी हमले में चार लोग मारे गए थे। इस पर सरकार का औपचारिक संदेश एक बार फिर सामने आया कि राज्य में हिंसा बर्दाश्त नहीं होगी और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी लेकिन सवाल यह है कि अगर ऐसा सख्त रुख है तो उसका असर क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। समस्या की तह में जाएं तो साफ होता है कि राज्य की समस्या केवल जाति संघर्ष तक सीमित नहीं है। इसके पीछे प्रशासनिक व्यवस्था, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और संसाधनों को लेकर समुदायों के बीच लंबे समय से चले आ रहे अविश्वास जैसे उलझाऊ कारण भी हैं। सामान्य स्थिति लाने के लिए इन कारणों को समझना भी जरूरी है जिनसे तनाव की पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अलावा राज्य में विस्थापन भी एक आम समस्या है। हिंसा के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने घर छोड़कर लंबे समय से राहत शिविरों में रह रहे हैं। इनका लौटना सुरक्षा का भरोसा आजीविका के साधन और संपत्ति तथा पुनर्वास को लेकर ठोस उपायों पर निर्भर करेगा। इसके लिए जरूरी है कि आम लोगों की सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त हो। हिंसा की आशंका वाले क्षेत्रों में पर्याप्त सुरक्षा और संवेदनशील इलाकों में मजबूत प्रशासनिक पकड़ भी होनी जरूरी है। यह भी आवश्यक है कि हिंसा या उकसावे की घटनाओं पर निष्पक्ष और सख्त कदम उठाए जाएं। इन तात्कालिक समस्याओं को हल करना ही होगा, दीर्घकालिक समाधान के लिए प्रयास भी किए जाने चाहिए। यह तो बहुत सीधी बात है कि जिन लोगों ने हिंसा और बेघर होने का सामना किया है, उनके भीतर भय और असुरक्षा गहरे तक घर कर गई है और ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए सबसे बड़ी जरूरत राज्य सरकार, उसके प्रशासन तथा आम लोगों के बीच भरोसा बहाली की है। संदेह और वैमनस्य इसी से खत्म होगा जिसके बाद ही स्थिति के पूरी तरह समान होने की उम्मीद की जा सकती है। राज्य सरकार के साथ केंद्र को भी दिशा में प्रयास बढ़ाने होंगे तथा यह धारणा बनने से रोकना होगा कि मणिपुर को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है।

## स्वागतयोग्य निर्णय

अदालतों पर मुकदमों का बोझ इस समय एक बड़ी समस्या है। इसकी वजह से बड़ी संख्या में अपराधों, विवादों तथा अन्य मामलों पर निर्णय नहीं हो पा रहा है। त्वरित न्याय के उद्देश्य की प्राप्ति में यह बहुत बड़ी बाधा है। इसका एक बड़ा कारण न्यायालय तथा न्यायिक अधिकारियों की कमी है जिसके कारण न्याय की अवधारणा पूरी तरह साकार नहीं हो पा रही है। एक आकलन के अनुसार प्रदेश के न्यायालयों में इस समय एक करोड़ बीस लाख छात्र हजार एक सौ पांच बाद लंबित हैं। कुछ वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में प्रदेश भर में कुल 9149 में न्यायालय के गठन का मामला आया था। इसके बाद राज्य सरकार ने 2024 में पहले चरण में नौ सौ अदालतों के गठन को सिद्धांत रूप में स्वीकृति दी थी। अब प्रदेश सरकार ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के सभी जिलों में नौ सौ नई अदालतों के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। नया कार्यक्रम के साथ न्यायिक एवं अंश संपर्कों के कुल 6656 नए पदों पर भारती का रास्ता भी साफ हो गया है। निश्चित रूप से पदार्थ की संख्या बढ़ने से मुकदमा की सुनवाई और विस्तरों की क्षमता बढ़ेगी। इसके शुरुआती चरण के लिए बजट भी आवंटित कर दिया गया है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि नई अदलतों के गठन के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी विशेष रूचि ली थी। इस तरह से प्रदेश में प्रदेश में त्वरित न्याय की प्रक्रिया को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम उठा लिया गया है। इससे बड़ी संख्या में छोटे वादकारियों और महिलाओं को बार-बार अदालतों के चक्कर लगाते हुए न्याय के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ यह प्रवृत्ति भी नियंत्रण में आएगी जिसमें दबंग और पहुंच वाले लोग न्यायालय में मामला लटके ने रहने के कारण सजा से लंबे समय तक बचे रहते थे। नई अदालतों के गठन से वास्तव में प्रदेश की न्याय व्यवस्था और गतिशील होगी तथा न्याय में विलंब की नौबत ही नहीं आएगी। प्रदेश सरकार का यह निर्णय जन कल्याणकारी और इसीलिए स्वागत योग्य है। इससे लोगों में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास में भी बढ़ोतरी होगी।

## काँव-काँव

◆◆◆

**यूपीआई शुल्क पर घमासान**
फ्री का चस्का छूटता नहीं, घमासान होगा ही!

**प्रदेश में बिजली संकट गहराया**
अंधेरों से उजालों का संघर्ष होता रहता है!

**हमारे विरुद्ध डिजिटल अभियान चला रही भाजपा : अखिलेश**
फिजिकल अभियान नहीं चला रही यही शुक्र कीजिए!

**केजीएमयू में अल्ट्रासाउंड के लिए 45 दिन इंतजार**
इतने दिनों में तो मरीज को भगवान का अपॉइंटमेंट मिल जाएगा!

**ऑनलाइन गेम में रकम गंवाने पर महिला ने फांसी लगाई**
जुआ जीवन का शत्रु है,महाभारत का कारण यही था!

**एआई से उत्पादकता और नौकरी जाने का खतरा बढ़ा**
श्रमजीवियों की सौत की तरह होती है मशीनी तरक्की!

◆◆◆

# यूपीआई की यात्रा का बदलता पड़ाव

यूपीआई पर शुल्क शून्य रखने के पीछे सोच साफ थी–डिजिटल भुगतान अपनाने में कीमत बाधा न बने। ग्राहक और व्यापारी नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आए, बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ाव बढ़ा और छोटे से छोटे भुगतान के लिए भी नकदी पर निर्भरता कम हुई। अब जब यूपीआई रोजमर्रा के भुगतान का हिस्सा बन चुका है, उसके कुछ व्यापारी भुगतानों पर शुल्क लगाने का फैसला एक सीधा सवाल खड़ा करता है–जिस व्यवस्था को फैलाने के लिए लागत की बाधा हटाई गई थी, उसके व्यापक हो जाने के बाद वही बाधा फिर क्यों लाई जा रही है? नई व्यवस्था में व्यक्ति से व्यक्ति के भुगतान, रु. 2,000 तक के व्यापारी भुगतान और क्यूआर के जरिए प्रति माह रु.1 लाख तक प्राप्त करने वाले पात्र छोटे व्यापारियों के भुगतान शून्य एमडीआर के दायरे में रहेंगे। सरकार के अनुसार करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन भी इससे अप्रभावित रहेंगे। रु. 2,000 से अधिक के निर्धारित व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा। दायरा सीमित है और दर भी छोटी है। लेकिन रकम छोटी होने से उसका असर भी छोटा हो, यह जरूरी नहीं। अगर 0.4 प्रतिशत से व्यापारी के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ना है, तो उससे मिलने वाली राशि कितनी निर्णायक है? और अगर असर पड़ सकता है, तो इसे मामूली कहकर आगे बढ़ जाना भी ठीक नहीं।



**– डॉ. शिवम भारद्वाज**

यूपीआई पर शुल्क शून्य रखने के पीछे सोच साफ थी–डिजिटल भुगतान अपनाने में कीमत बाधा न बने। ग्राहक और व्यापारी नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आए, बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ाव बढ़ा और छोटे से छोटे भुगतान के लिए भी नकदी पर निर्भरता कम हुई। अब जब यूपीआई रोजमर्रा के भुगतान का हिस्सा बन चुका है, उसके कुछ व्यापारी भुगतानों पर शुल्क लगाने का फैसला एक सीधा सवाल खड़ा करता है–जिस व्यवस्था को फैलाने के लिए लागत की बाधा हटाई गई थी, उसके व्यापक हो जाने के बाद वही बाधा फिर क्यों लाई जा रही है? नई व्यवस्था में व्यक्ति से व्यक्ति के भुगतान, रु. 2,000 तक के व्यापारी भुगतान और क्यूआर के जरिए प्रति माह रु.1 लाख तक प्राप्त करने वाले पात्र छोटे व्यापारियों के भुगतान शून्य एमडीआर के दायरे में रहेंगे। सरकार के अनुसार करीब 96 प्रतिशत व्यापारी लेन-देन भी इससे अप्रभावित रहेंगे। रु. 2,000 से अधिक के निर्धारित व्यापारी भुगतानों पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगेगा। दायरा सीमित है और दर भी छोटी है। लेकिन रकम छोटी होने से उसका असर भी छोटा हो, यह जरूरी नहीं। अगर 0.4 प्रतिशत से व्यापारी के व्यवहार पर कोई असर नहीं पड़ना है, तो उससे मिलने वाली राशि कितनी निर्णायक है? और अगर असर पड़ सकता है, तो इसे मामूली कहकर आगे बढ़ जाना भी ठीक नहीं। यूपीआई के संचालन और विस्तार में खर्च होता है। तकनीक, सुरक्षा, रखरखाव और क्षमता बढ़ाने के लिए संसाधन चाहिए। सरकार भी इसे यूपीआई की दीर्घकालिक स्थिरता से जोड़ती है। लेकिन किसी व्यवस्था की लागत होना और उसके उपयोग पर शुल्क लगाना एक ही बात नहीं है। हर भुगतान व्यवस्था की अपनी लागत होती है। नकदी को देखें तो नोट छापने, उनकी सुरक्षा, ढुलाई, भंडारण, वितरण, गिनती और खराब नोटों को वापस लेने तक पूरा तंत्र काम करता है। इसलिए केवल डिजिटल भुगतान के ढांचे की लागत का हवाला शुल्क लगाने का पूरा आधार नहीं बन सकता बल्कि यूपीआई ने भुगतान व्यवस्था के दूसरे हिस्सों का बोझ भी घटाया है। रकम सीधे खाते में पहुंचती है, लेन-देन का रिकॉर्ड बनता है और नकदी रखने, गिनने तथा जमा कराने की जरूरत कम होती है। व्यापारी के लिए इसका अर्थ केवल सुविधा नहीं, बल्कि भुगतान से जुड़े समय और श्रम में कमी भी है। यानी जिस व्यवस्था की अपनी लागत है, उसने दूसरी ओर व्यवस्था पर पड़ने वाला कुछ खर्च भी कम किया है। इस बचत को नजरअंदाज करके केवल नई लागत देखना अधूरी तस्वीर होगी। नई लागत का असर व्यापारी तक ही रुक जाएगा, यह मान लेना भी कठिन है। वह लाभ में उसका असर समायोजित कर सकता है, कीमत में जोड़ सकता है या ग्राहक को दूसरे भुगतान माध्यम की ओर मोड़ सकता है। ऐसे में सवाल केवल यह नहीं रहेगा कि शुल्क कौन देगा; सवाल यह भी होगा कि भुगतान का तरीका कौन बदलेगा।

यूपीआई की बड़ी उपलब्धि लेन-देन की संख्या से आगे की है। उसने डिजिटल भुगतान को असाधारण से सामान्य बना दिया है। छोटी खरीदारी के लिए नकदी निकालने की जरूरत न रहना अब रोजमर्रा की आदत है। ऐसी आदतें बनाने में समय लगता है, लेकिन उन्हें बदलने के लिए हमेशा बड़ा आर्थिक झटका जरूरी नहीं होता। इसलिए 96 प्रतिशत लेन-देन के अप्रभावित रहने का आंकड़ा महत्वपूर्ण होते हुए भी पूरी तस्वीर नहीं बताता। वह दायरा बताता है, लेकिन यह नहीं बताता कि प्रभावित कारोबार अपने व्यवहार में क्या बदलाव करेंगे।





सरकार का तर्क है कि नई व्यवस्था से बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं और अन्य संबंधित संस्थाओं को यूपीआई के संचालन और विस्तार के लिए संसाधन मिलेंगे। यह तर्क व्यवस्था की वित्तीय जरूरत को सामने रखता है। लेकिन इसके साथ यह सवाल भी बना रहता है कि संसाधन जुटाने का रास्ता ऐसा हो सकता है या नहीं, जिसमें डिजिटल भुगतान को स्वीकार करने की लागत बढ़े बिना व्यवस्था को टिकाऊ बनाया जा सके। यही इस बदलाव की असली कसौटी है। 0.4 प्रतिशत की दर छोटी हो सकती है; लेकिन नीति का असर प्रतिशत में नहीं, व्यवहार में दिखाई देता है। जिस व्यवस्था ने नकदी से जुड़े कई खर्च और प्रक्रियाएं कम की हैं, उसकी लागत तय करते समय केवल वसूली नहीं, उससे पैदा होने वाले संभावित बदलाव को भी देखना होगा। छोटी कीमत से शुरू हुआ बदलाव कहीं भुगतान की पुरानी आदतों की वापसी का रास्ता न खोल दे–यूपीआई के अगले पड़ाव पर यही सवाल सबसे गंभीर है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथ अष्टादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

यया तु धर्मकामार्थान्धृत्या धारयतेऽर्जुन । प्रसङ्गेन फलाकाङ्क्षी धृतिः सा पार्थ राजसी ।। 34।।

हे पार्थ ! फल की इच्छावाला मनुष्य अति आसक्ति से जिस धारणा के द्वारा केवल धर्म, अर्थ और काम को धारण करता है (मोक्ष को नहीं), वह धारणा राजसी है। इस धारणा में भी लक्ष्य वही है, केवल कामना करता है। जो कुछ करता है, उसके बदले में चाहता है। अब तामसी धारणा के लक्षण देखें-

शाह यया स्वप्नं भयं शोकं विषादं मदमेव च। न विमुञ्चति दुर्मेधा धृतिः सा पार्थ तामसी ।। 35।।

हे पार्थ ! दुष्ट बुद्धिवाला मनुष्य जिस धारणा के द्वारा निद्रा, भय, चिन्ता, दुःख और अभिमान को भी (नहीं छोड़ता इन सबको) धारण किये रहता है, वह धारणा तामसी है। यह प्रश्न पूरा हुआ। अगला प्रश्न है, सुख-

सुखं त्विदानीं त्रिविधं शृणु मे भरतर्षभ। अभ्यासाद्रमते यत्र दुःखान्तं च निगच्छति ।। 36 ।।

अर्जुन ! अब सुख भी तीन प्रकार का मुझसे सुन। उनमें से जिस सुख में साधक अभ्यास से रमण करता है अर्थात् चित्त को समेटकर इष्ट में रमण करता है और जो दुःखों का अन्त करनेवाला है तथा-

आयत्तदग्रे विषमिव परिणामेऽमृतोपमम् । तत्सुखं सात्त्विकं प्रोक्तमात्मबुद्धिप्रसादजम् ।। 37।।

उपर्युक्त सुख साधन के आरम्भकाल में यद्यपि विष के सदृश लगता है (प्रह्लाद को शूली पर चढ़ाया गया, मीरा को विष मिला। कबीर कहते हैं-'सुखिया सब संसार है, खाये अरु सोवै। दुखिया दास कबीर है, जागे अरु रोवै।' अतः आरम्भ में विष-जैसा भासता है) परन्तु परिणाम में अमृततुल्य है, अमृत-तत्त्व को दिलाने वाला है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**अकृष्टफलमूलानि वनवासरति सदा।**
**कुरुतेहरहः श्राद्धमृषिर्विप्रः च उच्यते।।**

बिना जुती धरती से मिलने वाले फल-मूलादि का सेवन करने वाला तथा वन में निवास करने वाला और प्रतिदिन पितरों का श्राद्ध व तर्पण करने वाला ब्राह्मण ऋषि कहलाता है।

◆◆◆

# मरीज ग्राहक नहीं, कैदी है – अस्पताल में विकल्पहीनता का सच

अस्पताल के दरवाजे तक आदमी बीमारी लेकर पहुंचता है, लेकिन लौटते समय अक्सर भारी बिल का बोझ साथ होता है। हैरानी यह कि इलाज का सबसे महंगा हिस्सा हमेशा दवा या ऑपरेशन नहीं होता; कई बार



**– डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'**

कुछ रुपये की मामूली प्लास्टिक ट्यूब ही जेब पर सबसे बड़ा वार कर जाती है। महाराष्ट्र एफडीए आयुक्त तुकाराम मुंडे की सर्वे रिपोर्ट ने मेडिकल उपभोग्य सामग्रियों पर भारी मार्कअप की यही चुभती हकीकत सामने रखी है। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये (2,841 प्रतिशत मार्कअप), 6.75 रुपये की सिरिंज 57.20 रुपये और 29.41 रुपये का कैथेटर 310 रुपये में मरीज तक पहुंच सकता है। यानी बीमारी का इलाज विज्ञान करता है, लेकिन बिल का हिसाब ऐसा है कि मरीज को हर कदम पर अपनी जेब का इलाज करना पड़ता है। 2,841 प्रतिशत का मार्कअप यानी खरीद कीमत का लगभग 29 गुना–मामूली आंकड़ा नहीं। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये में मरीज के बिल तक पहुंच सकता है, तो सवाल है कि कीमत इतनी क्यों बढ़ी? अस्पताल के अपने खर्च हैं–स्टाफ, मशीनें, बिजली-पानी और दूसरी व्यवस्थाएं। यह उचित है। लेकिन अस्पताल कोई धर्मशाला नहीं, तो मरीज भी बीमारी के नाम पर पैसा उगलने वाला एटीएम नहीं। दस-बीस प्रतिशत के सामान्य व्यापारिक मार्जिन और हजारों प्रतिशत के अंतर को एक तराजू में नहीं तौला जा सकता। 11.05 रुपये की वस्तु 325 रुपये में पहुंचे, तो सवाल सिर्फ मुनाफे का नहीं, पारदर्शिता का है। इलाज में कीमत का सच छिपेगा, तो भरोसा भी धीरे-धीरे भय में बदल जाएगा।

बाजार में ग्राहक के पास मोलभाव और विकल्प होते हैं; अस्पताल के बिस्तर पर पड़ा मरीज इनसे लगभग वंचित होता है। दुकान पर महंगी चीज छोड़कर दूसरी दुकान जा सकते हैं, लेकिन अस्पताल में बीमारी की तात्कालिकता, डॉक्टर की सलाह और परिवार की चिंता विकल्प सीमित कर देती है। वह चाहकर भी नहीं कह सकता–÷सिरिंज महंगी है, दूसरी जगह से ले आता हूं।÷ उस क्षण वह ग्राहक नहीं, अपनी मजबूरी के हवाले मरीज होता है। इसलिए मेडिकल आइटम की मनमानी कीमत केवल पैसे नहीं, अधिकार का सवाल है। मरीज को पता होना चाहिए कि वस्तु कितने में खरीदी गई, उसकी निर्धारित कीमत क्या है और उससे कितनी रकम ली जा रही है। इलाज में पारदर्शिता सुविधा नहीं, मरीज का अधिकार है। मरीज के हाथ में पहुंचा बिल कहानी का आखिरी पन्ना है; कीमत का खेल उससे बहुत पहले शुरू होता है। तुकाराम मुंडे की रिपोर्ट इसी परत को खोलती है। निर्माता से वितरक और आपूर्ति श्रृंखला के अलग-अलग पड़ावों तक कीमत बढ़ती है। मुंडे के अनुसार, एमआरपी अक्सर अस्पताल पहुंचने से पहले ही तय हो चुका होता है, जिसका अंतिम बोझ मरीज के बिल पर पड़ता है। दवाओं की कीमतों पर नियमन है, लेकिन अधिकांश मेडिकल उपभोग्य सामग्रियां लंबे समय तक ऐसी कठोर निगरानी से बाहर रहीं। नतीजा यह कि इलाज की जरूरी मामूली वस्तु भी कीमतों की ऐसी भूलभुलैया में पहुंच गई, जिसका रास्ता मरीज को दिखाई नहीं देता। अब उद्योग संगठन भी उचित मूल्य और पारदर्शिता की मांग कर रहे हैं। यानी सवाल किसी एक अस्पताल का नहीं, पूरी व्यवस्था की जवाबदेही का है। बीमारी घर में आती है तो सबसे पहले बजट टूटता है। मध्यमवर्ग सबसे अधिक पिसता है–न पूरी सरकारी मदद मिलती है, न निजी इलाज का भारी खर्च आसानी से उठता है। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने इलाज की पहुंच बढ़ाई है, फिर भी निजी अस्पतालों में मेडिकल उपभोग्य सामग्रियों का खर्च बड़ा सवाल है। कई बार दवाओं से ज्यादा बिल उन छोटी चीजों का बनता है, जिन्हें मरीज बाजार में सस्ता समझता है। फिर परिवार सोचता है–कहां से उधार लें, क्या गिरवी रखें, कौन-सा खर्च रोकें। बीमारी मरीज को बिस्तर पर लिटाती है, भारी बिल पूरे परिवार की कमर तोड़ देता है। इसे सिर्फ व्यापार कहना इस पीड़ा को छोटा करना है। मरीज को इलाज चाहिए, सिफारिशों की फाइल नहीं। सरकार नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी और संबंधित विभाग को सिफारिश भेज चुकी है, लेकिन जरूरत अब कागज से आगे बढ़ने की है। जरूरी मेडिकल उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की कीमतों पर नियंत्रण हो, व्यापारिक मार्जिन की तार्किक सीमा तय हो और बिल में खरीद मूल्य व मरीज से वसूली गई रकम साफ लिखी जाए। मरीज को अपने इलाज का हिसाब समझने के लिए अर्थशास्त्र पढ़ने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उसे बस पता हो कि वस्तु कितने में आई और उससे कितने लिए गए। स्वास्थ्य सेवा में पारदर्शिता कोई सुविधा नहीं, भरोसे की पहली शर्त है।

यह समस्या महाराष्ट्र की सीमा पर खड़ी कोई अकेली दीवार नहीं है। निजी स्वास्थ्य व्यवस्था में अस्पताल का बिल, इलाज की कीमत और बीमा खर्च एक-दूसरे से जुड़े हैं। आज बढ़ा इलाज खर्च कल बीमा प्रीमियम के रूप में आम आदमी की जेब पर लौट सकता है। सवाल सीधा है–स्वास्थ्य सेवा का मकसद मरीज को स्वस्थ करना है या उसकी मजबूरी से कमाई करना? अस्पतालों को खर्च निकालने और उचित लाभ कमाने का अधिकार है, लेकिन मुनाफे की भी सीमा और मर्यादा होती है। जिस मरीज के पास बीमारी के समय सौदेबाजी का विकल्प नहीं, उसकी मजबूरी कमाई का आधार बन जाए तो स्वास्थ्य सेवा का भरोसा ही कटघरे में खड़ा हो जाता है।

अस्पताल में इलाज के साथ भरोसा भी दांव पर होता है। 11.05 रुपये का आईवी सेट 325 रुपये में बिकना इसी भरोसे पर सवाल है। बीमारी में परिवार डॉक्टर, अस्पताल और व्यवस्था पर विश्वास करता है कि उसकी मजबूरी समझी जाएगी, उसका फायदा नहीं उठाया जाएगा। लेकिन मामूली मेडिकल वस्तु पर हजारों प्रतिशत का अंतर सामने आए तो चोट जेब और विश्वास, दोनों पर पड़ती है।

इस मूल्य-अंधेरे को दूर करना सरकार, नियामक संस्थाओं, निर्माताओं, वितरकों और अस्पतालों–सभी की जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य सेवा की पहचान महंगी मशीनों से नहीं, पारदर्शिता और ईमानदारी से होनी चाहिए। वरना सवाल रहेगा–बीमारी शरीर की थी, फिर इलाज के साथ मेरी जेब को सजा क्यों मिली?

## प्रेरक प्रसंग

### मन का पाप

एक साधु थे। जंगल में रहते थे। एक दिन घूमते हुए वह नदी के किनारे गये। बड़ा रमणीक स्थान था। चारों ओर प्रकृति का साम्राज्य फैला था। सघन वृक्षों पर पक्षी चहचहा रहे थे। संत ने देखा कि एकान्त स्थान पर एक पेड़ के नीचे एक युवक और युवती बैठे हैं। दोनों बड़े आनंदित थे। दोनों के हाथ में एक-एक गिलास था। संत ने सोचा कि इस निर्जन स्थान पर बैठकर ये लोग निश्चय ही मदिरापान कर रहे होंगे और गंदी बातें कर रहे होंगे। शराब पीकर आदमी का दिमाग फिर जाता है। वह बुरी बातें ही सोचता है, बुरे काम ही करता है। आदमी का कितना पतन हो गया है। वह यह सब सोच ही रहे थे कि सामने से एक नाव आती दिखाई दी। नदी की धारा बड़ी तीव्र थी। जोर की लहरें उठ रही थीं। अचानक नाव को लहरों का थपेड़ा लगा और वह उलट गई।

संत के मुंह से जोर की चीख निकली। उनकी आंखें बंद हो गई। जैसे ही आंखें खुलीं कि देखते क्या हैं कि जिस युवक को उन्होंने पापी समझ रखा था, वही युवक छलांग लगाकर पानी में कूदा और पांच आदमियों को निकालकर बाहर ले आया।

संत खड़े-खड़े देख रहे थे। युवक पास आकर बोला, महाराज,भगवान की कृपा से पांच आदमियों की तो जान बच गई। अब एक रह गया है। उसके प्राण आप बचा लीजिये।

संत को तैरना नहीं आता था। वह कूदने की हिम्मत कैसे कर सकते थे ? यह देखकर युवक ने कहा, स्वामीजी, इंसान के लिए इंसान से बढ़कर और कुछ नहीं है। इतना कहकर उसने एक छलांग फिर लगाई और अंतिम व्यक्ति को भी बचाकर बाहर ले आया।

साधु का लज्जा से सिर झुक गया। जिसे वह पापी समझ रहे थे, उससे बढ़कर पुण्यात्मा उन्होंने अपने जीवन में नहीं देखा था।

## आपका पत्र मिला

### बांग्लादेश की सामरिक दिशा के ठोस संकेत

पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला बांग्लादेश की नई सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

बांग्लादेश ने पुष्टि कर दी है कि वह चीन में बने 4.5वीं पीढ़ी के जे-10सीई लड़ाकू विमान खरीदने जा रहा है। इसके अलावा वह चीनी लड़ाकू हेलीकॉप्टर, वीआईपी ट्रांसपोर्ट हेलीकॉप्टर, और ड्रोन्स की खरीदारी भी करेगा। इसका अर्थ है कि अब बांग्लादेश चीन अस्त्र प्रणाली का हिस्सा बनने जा रहा है। कुछ ही रोज पहले बांग्लादेश ने मक्का सुरक्षा समझौते में शामिल होने की इच्छा जताई। हालांकि इस समझौते में शामिल देशों से बांग्लादेश को कोई न्योता नहीं मिला है, मगर संसद में विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने कहा कि अगर आमंत्रण मिलता है, तो उस पर बांग्लादेश सकारात्मक नजरिए से विचार करेगा। मक्का समझौता पाकिस्तान, सऊदी अरब, और तुर्किये के बीच हुआ है। ईरान युद्ध से पश्चिम एशिया में बदली सामरिक स्थितियों के बीच उस क्षेत्र में नई उभरती सुरक्षा व्यवस्था में पाकिस्तान की भूमिका ठोस ढंग से बढ़ रही है।

अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश के पाकिस्तान से आम संबंध गहरे हुए हैं। इसी बीच पाकिस्तान की मुख्य भूमिका वाले समझौतों से जुड़ने की इच्छा और चीनी हथियार प्रणालियों को खरीदने का फैसला उसकी सामरिक दिशा के ठोस संकेत हैं। भारत को इससे उचित संदेश ग्रहण करना चाहिए।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# ब्रेन हेल्थ : उम्र बढ़ने पर भूलने की आदत सामान्य या डिमेंशिया का संकेत, कैसे करें पहचान

उम्र बढ़ने के साथ किसी का नाम याद न आना, सामान रखकर भूल जाना या किसी तारीख को याद करने में ज्यादा समय लगना आम बात है। 60 की उम्र होते-होते शरीर में कई तरह के बदलाव होने लगते हैं, दिमागी क्षमता भी उनमें से एक है। यही वजह है कि परिवार के लोग अक्सर बुजुर्गों की हर भूल को उम्र का असर मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि हर भूल सामान्य नहीं होती? 60 की उम्र के बाद अल्जाइर रोग और डिमेंशिया के मामले भी बढ़ जाते हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। डिमेंशिया में याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता इतनी प्रभावित हो जाती है कि इसका रोजमर्रा के कामों पर भी असर पड़ने लगता है। बार-बार एक ही सवाल पूछना, परिचित जगहों पर रास्ता भूल जाना, बिल या पैसों का हिसाब संभालने में परेशानी होना, बातचीत करने में दिक्कत होना ऐसे संकेत हैं जिन्हें गंभीरता से लेना चाहिए। लेकिन याददाश्त में कमी का मतलब हमेशा डिमेंशिया भी नहीं होता। इसके कई और भी कारण हो




सकते हैं, जिनकी पहचान जरूरी है।

**याददाश्त की समस्या और डिमेंशिया-** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उम्र बढ़ने पर दिमाग की काम करने की गति कुछ धीमी हो जाती है। कभी किसी का नाम तुरंत याद न आना, कोई चीज रखकर भूल जाना या तारीख याद करने में थोड़ा समय लगना सामान्य उम्र से जुड़ी भूल हो सकती है। याददाश्त से संबंधित ऐसी दिक्कतों के बावजूद लोग आमतौर पर रोज के काम कर लेते हैं। अगर कोई व्यक्ति बार-बार एक ही सवाल पूछता है, रास्ते भूल जाता है, बातचीत के दौरान सामान्य शब्द नहीं मिलते तो इसे केवल उम्र का असर नहीं मानना चाहिए। कई बार ये डिमेंशिया का संकेत हो सकता है। डिमेंशिया में याददाश्त के अलावा सोचने, निर्णय लेने, भाषा और ध्यान जैसी क्षमताएं भी प्रभावित हो सकती हैं। व्यक्ति के व्यवहार या व्यक्तित्व में बदलाव भी दिखाई दे सकता है। ऐसे लक्षण लगातार दिखें तो डॉक्टर से जांच कराना जरूरी है।

**हर याददाश्त की समस्या डिमेंशिया नहीं-** याददाश्त कमजोर होने के पीछे कई ऐसे कारण हो सकते हैं जिनका इलाज संभव है। अध्ययनों में पाया गया है कि कई बार नींद की समस्या, तनाव, डिप्रेशन, थायरॉइड की बीमारी और विटामिन-बी12 जैसे जरूरी पोषक तत्वों की कमी भी याददाश्त को प्रभावित कर सकती है। इसलिए बुजुर्ग में अचानक याददाश्त की दिक्कत को तुरंत डिमेंशिया मान लेना सही नहीं है। याददाश्त की कई समस्याओं को दिनचर्या में बदलाव करके भी सुधारा जा सकता है।

**सामान्य याददाश्त की दिक्कत और डिमेंशिया में अंतर-** कभी-कभार चीजें भूल जाना सामान्य हो सकता है, लेकिन डिमेंशिया में भूलने की समस्या लगातार बढ़ती जाती है और रोजमर्रा के काम प्रभावित होने लगते हैं। डिमेंशिया के कारण बार-बार एक ही बात पूछने, रास्ते न याद आने और सामान्य काम करने में दिक्कत होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सामान्य भूलने में व्यक्ति बाद में याद कर सकता है, जबकि डिमेंशिया में याददाश्त और सोचने-समझने की क्षमता धीरे-धीरे कमजोर होती जाती है।

# क्या आप सोते समय बोलते हैं, ऐसा होने के कारण

सोते समय बोलना एक आम समस्या है, जिसे अक्सर हल्के में लिया जाता है। हालांकि, यह समस्या कई लोगों के लिए शर्मिंदगी का कारण बन सकती है। इस लेख में हम आपको कुछ प्रमुख कारण बताएंगे, जिनकी वजह से सोते समय बोलने की आदत पड़ सकती है और इससे कैसे निपटा जा सकता है। इसके अलावा हम यह भी जानेंगे कि कैसे इस समस्या से निजात पाया जा सकता है और इससे जुड़े मिथकों को तोड़ सकते हैं।



**तनाव और चिंता-** तनाव और चिंता सोते समय बोलने का एक प्रमुख कारण हो सकता है। जब हम दिनभर किसी समस्या या चिंता में उलझे रहते हैं तो रात को हमारी नींद भी प्रभावित होती है। इस स्थिति में हमारा दिमाग शांत नहीं हो पाता और हम अनजाने में अपनी चिंताओं को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए दिनभर की चिंताओं को बिस्तर पर लाने से बचें और सोने से पहले कुछ देर ध्यान लगाएं।

**सपने देखना-** सपने देखना भी सोते समय बोलने का एक कारण हो सकता है। जब हम किसी सपने को बहुत गहराई से जीते हैं या उसका असर हमारे मन पर ज्यादा होता है तो हम अनजाने में उसे बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए अपने सपनों को समझने की कोशिश करें और अगर जरूरत हो तो किसी विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके।

**मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं-** कुछ मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, जैसे उदासी और गहरे तनाव आदि भी सोते समय बोलने का कारण बन सकते हैं। इन समस्याओं का असर हमारे मन पर गहरा होता है, जिससे हम अनजाने में अपनी भावनाओं को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, नियमित रूप से योग और ध्यान करें और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लें, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

**शारीरिक असुविधा-** शारीरिक असुविधाओं, जैसे दर्द या असुविधाजनक गद्दे का असर भी हमारी नींद पर पड़ता है, जिससे हम अनजाने में अपनी असहजता को बिस्तर पर व्यक्त कर देते हैं। इससे बचने के लिए अपनी शारीरिक स्थिति का ध्यान रखें, आरामदायक गद्दे का उपयोग करें और नियमित रूप से व्यायाम करें, ताकि शरीर स्वस्थ रहे। इसके अलावा दर्द होने पर चिकित्सक से संपर्क करें और उचित उपचार कराएं, ताकि समस्या का समाधान हो सके।

# कफ और खांसी से हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



मौसम बदलते ही कई लोगों को खांसी, गले में खराश और जुकाम जैसी परेशानियां होने लगती हैं। कभी-कभी हल्की खांसी कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाती है, लेकिन लगातार खांसने से गले में दर्द, जलन और बेचैनी बढ़ सकती है। खासकर रात के समय खांसी होने पर नींद भी प्रभावित होती है।

ऐसे में लोग राहत के लिए घरेलू नुस्खों का सहारा लेते हैं। कुछ आसान उपाय गले को आराम देने और खांसी की तीव्रता कम करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, हर खांसी का कारण मौसम में बदलाव या सामान्य सर्दी-जुकाम नहीं होता। एलर्जी, संक्रमण, अस्थमा या दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं भी इसके पीछे हो सकती हैं। इसलिए अगर खांसी लंबे समय तक बनी रहे, सांस लेने में दिक्कत हो या तेज बुखार जैसे लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। खांसी और कफ से राहत पाने के लिए दवाएं और सिरप उपलब्ध हैं लेकिन कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर भी खांसी से छुटकारा पाया जा सकता है। ये घरेलू नुस्खे काफी असरदार हो सकते हैं। हालांकि अगर समस्या तीन हफ्तों से अधिक समय तक बनी रहे तो डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। इस लेख में कुछ घरेलू उपायों और प्राकृतिक औषधियों के बारे में बताया जा रहा है जिससे खांसी और कफ की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

**गर्म पानी और नमक**

गुनगुने पानी से गरारे करना खांसी की शिकायत होने पर काफी असरदार हो सकता है। गरारा करने से गले की खराश और गले में जमा कफ दूर होता है। इसके लिए गर्म पानी में सेंधा नमक मिलाकर गरारे करना चाहिए। सुबह उठने पर गले में खराश की समस्या अधिक रहती है। इसलिए सुबह गरारे जरूर करें।

**अदरक का काढ़ा**

दादी-नानी के लोकप्रिय नुस्खों में से एक काढ़ा है जो सर्दी, खांसी और जुकाम में काफी असरदार होता है। खांसी से छुटकारा पाने के लिए अदरक का काढ़ा पीएं। इसके लिए अदरक को छोटे टुकड़ों में काटकर पानी के साथ उबाल लें। इसमें शहद मिलाएं और गर्म गर्म पीएं।

**भाप लें**

खांसी और जुकाम होने पर गर्म पानी की भाप भी ली जा सकती है। भाप लेने से नाक और गले की नलियां खुलती हैं और खांसी से राहत मिलती है।

**हल्दी दूध**

हल्दी बेहद फायदेमंद औषधीय गुणों से युक्त है। हल्दी में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुण होते हैं। इसके सेवन से खांसी से राहत मिलती है। गर्म दूध में एक टीस्पून हल्दी पाउडर मिलाकर रात में सोने से पहले इसका सेवन करें। खांसी की शिकायत दूर हो सकती है।

**तुलसी के पत्ते**

तुलसी स्वास्थ्यवर्धक औषधि है, जिसका सेवन कई तरह से शरीर को लाभ पहुंचा सकता है। तुलसी में विटामिन सी, जिंक और आयरन जैसे खनिज होते हैं। ये प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। अगर बहुत खांसी आ रही हो तो तुलसी की पत्तियों का रस निकालकर उसमें शहद की कुछ बूंदें मिलाएं। इसका सेवन करें। चाहे तो तुलसी की चाय बनाकर भी पी सकते हैं।

# 8 घंटे सोने के बाद भी सुबह रहती है थकान, क्या है इसके पीछे का कारण

सुबह आंख खुलते ही शरीर भारी-भारी सा लगता है, बिस्तर से उठने का मन नहीं करता और रातभर सोने के बाद भी ऐसा लगता है जैसे सही से आराम ही नहीं मिला? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सुबह उठने के बाद अक्सर माना जाता है कि आप फ्रेश और ऊर्जावान होते हैं, पर इसके विपरीत थके-थके से उठना कई बार सेहत में गड़बड़ी का संकेत भी हो सकता है। कभी-कभी देर रात तक जागने, नींद पूरी न होने या फिर तनाव जैसी समस्याओं के कारण सुबह उठने पर आपको ऊर्जा में कमी और थकान महसूस हो सकती है। लेकिन अगर पर्याप्त नींद लेने के बाद भी अक्सर यही शिकायत बनी रहती है, तो इसके पीछे के कारणों को समझना बहुत जरूरी हो जाता है। आइए समझते हैं कि आखिर किन वजहों से आपको ऐसी समस्याएं हो सकती हैं और कब अलर्ट हो जाना चाहिए?



**सुबह होने वाली थकान की दिक्कत-** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर में आयरन की कमी या एनीमिया के कारण थकान के साथ कमजोरी, सांस फूलने, दिल की धड़कन तेज होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। वहीं कुछ लोगों में थायरॉइड हार्मोन कम बनने की वजह से भी थकान के साथ वजन बढ़ने, ठंड ज्यादा लगने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। डायबिटीज में भी लगातार थकान हो सकती है। इसलिए सुबह की थकान को सिर्फ उम्र, काम या नींद की कमी मानकर लंबे समय तक नजरअंदाज करना ठीक नहीं है।

**नींद पूरी होने के बाद भी थकान रहे तो ध्यान दें-** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कभी-कभार थकान होना सामान्य है, लेकिन अगर रोज सुबह उठने के बाद शरीर में ऊर्जा नहीं रहती और यह समस्या लगातार बनी हुई है, तो इसके कारणों को समझना बहुत जरूरी है। आमतौर पर नींद की कमी, तनाव, खान-पान की गड़बड़ी और व्यायाम की कमी की वजह से ये दिक्कतें होती सकती हैं। इसी तरह स्लीप एपनिया जैसी समस्या के कारण सोते समय घुटन या हांफने के साथ बार-बार नींद टूटने की दिक्कत होती है। इस वजह से नींद पूरी नहीं हो पाती और आप थके-थके से लग सकते हैं।

**एनीमिया और थायरॉइड की समस्या-** सुबह ऊर्जा की कमी और थकान कई बार एनीमिया और थायरॉइड जैसी समस्याओं का संकेत हो सकती है। आयरन की कमी से होने वाली एनीमिया, शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। इसके कारण थकान, कमजोरी, सांस फूलने, दिल की धड़कन तेज महसूस होने जैसे लक्षण हो सकते हैं। इसी तरह, हाइपोथायरॉइडिज्म यानी थायरॉइड हार्मोन कम बनने की समस्या के कारण भी कई लोगों को ज्यादा थकान के साथ, ठंड लगने, कब्ज और ध्यान लगाने में परेशानी हो सकती है। मसलन अगर आपको भी अक्सर सुबह उठने के बाद थकान बनी रहती है तो डॉक्टर से मिलकर एक बार एनीमिया और थायरॉइड की जांच करा लें। **कहीं आपको डायबिटीज तो नहीं-** ब्लड शुगर का स्तर अक्सर बढ़े रहने के कारण भी लोगों को लगातार थकान की शिकायत हो सकती है। अगर सुबह की थकान के साथ बहुत ज्यादा प्यास लगती है, बार-बार पेशाब आता है या बिना कोशिश के वजन कम हो रहा है, तो ब्लड शुगर की जांच जरूर करा लें।

# साइलेंट किलर है हार्ट अटैक

हृदय रोग एक बेहद गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जो के आज कल के समय में बहुत आम हो गई है। एक समय था जब इस बीमारी को बढ़ती उम्र के साथ होने वाली समस्याओं में गिना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है क्योंकि अब छोटी उम्र के बच्चों में भी इसका खतरा देखा जा रहा है। कुछ हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक पता चला है कि पिछले कुछ सालों से ये हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है। सभी लोगों को हृदय स्वास्थ्य की ओर विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। इसी के साथ चलिए आज आपको इसके लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में बताते है। **हार्ट अटैक के लक्षण :-** ● हार्ट अटैक का पहला लक्षण है सीने में दर्द होना। इस से सीने में दबाव, हेवीनेस और टाइटनेस महसूस होने लगती है। इस से पेट के ऊपर दाएं, बाएं या बीच में दर्द होता है। भूलकर भी इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ● हार्ट अटैक आने से पहले उल्टी, इनडाइजेशन, सीने में जलन, पेट में दर्द या मतली जैसी परेशानियां आती है। जरुरी तो नहीं है कि ये समस्याएं आए तो हार्ट की बीमारी ही पर हां अगर ये संकेत बार-बार मिलें तो डॉक्टर से संपर्क करें। ● छाती के बीच में दर्द या दबाव महसूस होते समय अगर ये दर्द आपके गले या जबड़े तक फैल जाए तो ये दिल का दौरा पड़ने का लक्षण हो सकता है। ● हार्ट अटैक आने से पहले कई बार शरीर के बाई ओर दर्द होता है ये धीरे-धीरे फैलने लगता है। जिस वजह से कुछ लोगों को बांह में दर्द होता है, तो आपको यदि सीने से होकर बांह में दर्द महसूस हो रहा हो।

# चॉकलेट खाने के शौकीन हैं? इन चीजों के साथ इसका स्वाद लगता है बेहतरीन

चॉकलेट एक ऐसा फ्लेवर है, जो हर किसी को पसंद आता है। खासकर बच्चों में तो इसका क्रेज देखने लायक है। अगर आप भी चॉकलेट के शौकीन हैं और रोजाना इसका सेवन करते हैं तो आइए आज हम आपको 5 ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जिनके साथ चॉकलेट का मेल खाने से इसका स्वाद और भी ज्यादा बढ़ जाता है। साथ ही ये कई सेहत से जुड़े फायदे भी दे सकती हैं।

**चॉकलेट और केले का मेल**

चॉकलेट और केले का मेल एक बढ़िया संयोजन है। केले में पोटेशियम और फाइबर होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। जब आप चॉकलेट के साथ केले को मिलाकर खाते हैं तो यह एक स्वादिष्ट और पोषक नाश्ता बन जाता है। केले की मिठास और चॉकलेट का हल्का कड़वा स्वाद एक साथ मिलकर एक खास अनुभव प्रदान करते हैं। इसे आप फलों के सलाद में भी शामिल कर सकते हैं और इसका आनंद ले सकते हैं।

**चॉकलेट और बादाम का मिश्रण**

चॉकलेट और बादाम का मेल भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। बादाम में प्रोटीन, फाइबर और विटामिन होते हैं, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। जब आप चॉकलेट के साथ बादाम को मिलाकर खाते हैं तो यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी अच्छा होता है। इसे आप नाश्ते के रूप में खा सकते हैं या इसे मिठाइयों में भी शामिल कर सकते हैं।

**चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी-** चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी का मेल किसी भी मौके को खास बना सकता है। स्ट्रॉबेरी में विटामिन होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है।


जब आप चॉकलेट के साथ स्ट्रॉबेरी को मिलाकर खाते हैं तो यह एक अनोखा अनुभव प्रदान करता है। इसे आप मिठाई के रूप में भी खा सकते हैं या इसे किसी पार्टी में परोस सकते हैं। इस संयोजन का मजा लेना न भूलें।

**चॉकलेट और नारियल-** चॉकलेट और नारियल का मेल भी एक बढ़िया विकल्प हो सकता है। नारियल में फाइबर होता है, जो पाचन के लिए अच्छा होता है। जब आप चॉकलेट के साथ नारियल को मिलाकर खाते हैं तो यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। इसे आप मिठाइयों में भी शामिल कर सकते हैं या इसे किसी पार्टी में परोस सकते हैं। इसका आनंद लें और अपने नाश्ते को खास बनाएं।

**चॉकलेट और कॉफी-** क्या आप जानते हैं कि कॉफी और चॉकलेट का मेल भी बहुत अच्छा होता है? कॉफी में कैफीन होता है, जो आपको ऊर्जा देता है और चॉकलेट का हल्का कड़वा स्वाद इसे खास बनाता है। इसे आप सुबह-सुबह नाश्ते में ले सकते हैं या शाम की चाय के साथ भी इसका आनंद ले सकते हैं।

# मानसिक तनाव लेने से शरीर में होते हैं नकारात्मक बदलाव

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव एक सामान्य समस्या बन चुकी है। काम का दबाव, पारिवारिक समस्याएं या भविष्य की चिंता ये सब मिलकर हमें मानसिक रूप से थका देते हैं। लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि मानसिक तनाव सिर्फ हमारे दिमाग को ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को प्रभावित करता है। जब हम तनाव में होते हैं तो हमारा शरीर %फाइट या फ्लाइट% मोड में चला जाता है, जिससे कुछ खास हार्मोन, जैसे कॉर्टिसोल और एड्रेनालाईन, रिलीज होते हैं। इन हार्मोनों के कारण दिल की धड़कन तेज हो जाती है, ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और शरीर की ऊर्जा आपकी समस्या से लड़ने के लिए तैयार हो जाती है। अगर यह तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। यह न केवल हमारे मूड को प्रभावित करता है, बल्कि हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। आइए इस लेख में इसी के बारे जानते हैं कि मानसिक तनाव से शरीर में क्या-क्या प्रमुख बदलाव होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है।



**पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर**

तनाव का सीधा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। तनाव के दौरान कॉर्टिसोल जैसे हार्मोन पेट में एसिड का उत्पादन बढ़ाते हैं, जिससे एसिडिटी, पेट में जलन और अपच की समस्या हो सकती है। यह पाचन क्रिया को धीमा कर सकता है, जिससे कब्ज या दस्त जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**ब्लड प्रेशर और हृदय पर प्रभाव**

लगातार तनाव में रहने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जिससे हृदय संबंधित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। तनाव की वजह से हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इससे हृदय पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जो गंभीर हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

**नींद की गुणवत्ता में कमी**

तनाव और नींद का गहरा संबंध है। जब हम तनाव में होते हैं, तो हमारा दिमाग लगातार सक्रिय रहता है, जिससे सोने में दिक्कत होती है। दरअसल तनाव की वजह से रात में भी कॉर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ा रह सकता है, जिससे नींद नहीं आती है और अगर आती भी है तो नींद की गुणवत्ता खराब होती है। पर्याप्त नींद न मिलने से शरीर और दिमाग दोनों थके रहते हैं, जिससे और भी कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**इम्यून सिस्टम का कमजोर होना**

लंबे समय तक तनाव में रहने से इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाती है। मानसिक तनाव की वजह से शरीर में बन रहा है कॉर्टिसोल हार्मोन संक्रमण से लड़ने की क्षमता को कम कर सकता है, जिससे आप आसानी से बीमार पड़ सकते हैं। कई बार अधिक तनाव लेने से इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिसकी वजह से हमें बार-बार सर्दी-जुकाम या वायरल इंफेक्शन जैसी बीमारियां हो सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 18 सितंबर 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते शरद ऋतौ भाद्रपद मासोत्तमे शुक्ल पक्षे सप्तमी तिथौ शुक्र वासरे 13/02/ ज्येष्ठा नक्षत्रे 22/45/ प्रीति योग 13/35/ वणिज करणे 13/02/ धनु राशिगत चन्द्रमा 22 घं. 45 मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- भद्रा घं. 13 मि. 02 से घं. 26 मि. 15 तक। मंगल कर्क राशि में घं. 16 मि. 36 पर।

**मेष :** किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझना हो सकता है।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्यों में विघ्न पैदा हो सकते हैं। किसी कार्य और आय की चिंता से ग्रसित रहेंगे। स्वजनों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** अभिलाषाओं की आंशिक पूर्ति होगी। परिश्रम से किया गया कार्य वांछित फल देगा। असमंजस पैदा होंगे। नये कार्य बनेंगे।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रस की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** जीवनसाथी के व्यवहार से असहमति होगी। किसी कार्य विशेष की सफलता से दांपत्य जीवन प्रभावित होगा।

**मीन :** कार्य क्षेत्र में प्रभाव होगा। नौकरी में उन्नति की संभावना है। व्यस्तता से दाम्पत्य जीवन प्रभावित होगा।

**राज्यमंत्री ने समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री को भेजा पत्र**

**ललितपुर।** श्रम एवं सेवायोजन विभाग के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आलोक पाठक जिलाध्यक्ष परिषदीय अनुदेषक कल्याण एसोसिएषन जनपद ललितपुर व अन्य के संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र का अवलोकन करने की मांग की, जिसमें इन लोगों द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अनुदेषकों की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराते हुये उनके सकारात्मक निराकरण करवाने का अनुरोध किया है, अतः उक्त के संबंध में आपसे सादर अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त पत्र में उल्लिखित मांगों, समस्याओं के निराकरण करने हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के लिये संबंधित को निर्देषित करने की

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर सीएचसी रामपुरा में मरीजों को बांटे फल



उरई : सीएचसी में मरीजों का फल बांटे ब्लाक प्रमुख व डा. प्रदीप कुमार राजपूत ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो रामपुरा(जालौन)।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अवतरण दिवस के अवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में सेवा, जनकल्याण और सामाजिक सरोकार से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत वर्तमान ब्लॉक प्रमुख एवं प्रशासक अजीत सिंह सेंगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचे और अस्पताल में भर्ती मरीजों तथा उपचार करा रहे मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने मरीजों और उनके साथ परिवार जन से बातचीत कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

ब्लॉक प्रमुख के अस्पताल पहुंचने पर स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा करना और उनके दुख-दर्द में सहभागी बनना सबसे बड़ा सामाजिक कार्य है।उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की भी जानकारी ली और चिकित्सकों से कहा कि उपचार के लिए आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशीलता और सहयोग की भावना से व्यवहार किया जाय ब्लाक प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।फल वितरण के दौरान मरीजों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह के साथ उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सेवा, सहयोग और जनकल्याण का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रदीप कुमार राजपूत, डा. अरुण सिंह जादौन, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार प्रजापति, दीपू नीनावाली, बटेश्वर पाल, शिवकुमार गौर सहित समाजसेवी, भाजपा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और समाज सेवी भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी मौजूद रहे। इसके पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में चिकित्साधीक्षक डा. प्रदीप कुमार राजपूत के नेतृत्व स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## रामपुरा में व्यापार मंडल के साथ एसडीएम ने की बैठक, अतिक्रमण और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

स्वतंत्र भारत ब्यूरो रामपुरा(जालौन)। नगर पंचायत रामपुरा क्षेत्र में बाजार व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आमजन एवं व्यापारियों को होने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर उपजिलाधिकारी एवं अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी मनोज प्रकाश ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण, यातायात व्यवस्था तथा साफ-सफाई सहित विभिन्न नगर संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान बाजार क्षेत्र में होने वाले अतिक्रमण को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के अंदर ही रखें, जिससे मुख्य बाजार एवं मार्गों पर आवागमन बाधित न हो। सड़क और फुटपाथ पर सामान फैलाने से राहगीरों तथा वाहन चालकों को परेशानी होती है। इसलिए व्यापारियों से सहयोग करने की अपील की गई।इसके साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बाजार में अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न किए जाने तथा आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा की गई। बैठक में बाजार में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के उपायों पर भी चर्चा की गई।उपजिलाधिकारी मनोज प्रकाश ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि नगर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन और व्यापार मंडल के बीच समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण, यातायात और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर सभी संबंधित लोगों को नियमों का पालन करना होगा, ताकि रामपुरा नगर का बाजार क्षेत्र व्यवस्थित,स्वच्छ और सुगम बना रहे।बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी मनोज प्रकाश, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि ओम प्रकाश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक मैथिली शरण गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित पुरवार, अजत पुरवार, जमील, देवेंद्र, जय नारायण, प्रशांत कठिल, स्वाल मुहम्मद, इन्ने गुप्ता अरुण गुप्ता राजेंद्र कुमार राठौर, अंजनी गुप्ता, राजकुमार सिंह, अनुराग सोनी, आदि व्यापार मंडल मौजूद रहे।

**ओरिएंट ने निक्स शील्ड 6केए एमसीबी रेंज किया लॉन्च**

**कानपुर।** विविध 3 अरब अमेरिकी डॉलर के सी.के., बिरला ग्रुप का हिस्सा, ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने निक्स शील्ड 6केए एमसीबी रेंज लॉन्च करते हुए अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। आवासीय और हल्के व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए डिज़ाइन की गई यह नई रेंज परफॉरमेंस, सेफ्टी और एप्लीकेशन सूटेबिलिटी के सही संतुलन के साथ विश्वसनीय सर्किट सुरक्षा की बढ़ती मांग को पूरा करती है। ओरिएंट इलेक्ट्रिक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ रविंद्र सिंह नेगी ने कहा 6केए एमसीबी सेगमेंट में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, विशेष रूप से आवासीय और हल्के व्यावसायिक अनुप्रयोगों में, और हम एक विश्वसनीय और सुविकसित इंजीनियरिंग वाले उत्पाद के साथ इस जरूरत को पूरा करने का अवसर देखते हैं। निक्स शील्ड के साथ, हम एक ऐसा समाधान लेकर आ रहे हैं जिसे रोजमर्रा के इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो रिलायबिलिटी, परफॉरमेंस और वैल्यू का सही संतुलन प्रदान करता है। हम ग्राहकों और पेशेवरों की जरूरतों को समझने पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्विच, स्विचगियर और वायर श्रेणियों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। निक्स शील्ड इसी समझ पर आधारित है, जो आवासीय और हल्के व्यावसायिक अनुप्रयोगों की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुकूल एक विश्वसनीय समाधान प्रदान करता है।

**चेंज द सोच कैंपेन-लखनऊ टू अयोध्या ड्राइव कानपुर पहुँचा**

**कानपुर।** फ्रैंकलिन टेम्पलटन का चेंज द सोच-लखनऊ टू अयोध्या ड्राइव, उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला राज्यव्यापी अभियान, अब कानपुर शहर पहुंचा है। इस पहल का उद्देश्य वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, खासतौर पर महिलाओं के बीच। भारत में फ्रैंकलिन टेम्पलटन के 30 वर्षों की उपस्थिति को स्मरण करते हुए यह 30-दिन की यात्रा लखनऊ से शुरू हुई और अयोध्या में समाप्त होगी। इस दौरान 2,600 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए 21 प्रमुख शहरों और कस्बों को शामिल किया जाएगा। इंटरैक्टिव वित्तीय शिक्षा सत्रों, विशेषज्ञ विचारों और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से यह ड्राइव म्यूचुअल फंड निवेश को सरल बनाने और हजारों भारतीयों को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए आत्मविश्वास प्रदान करने का लक्ष्य रखती है। उत्तर प्रदेश के 21 शहरों और कस्बों में यह यात्रा सिद्धार्थ भट्टाचार्य, हेड-बिज़नेस डेवलपमेंट, इंटरनल सेल्स और डायरेक्ट चैनल, फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया द्वारा नेतृत्व की जाएगी। इस पहल पर बोलते हुए अविनाश सातवलेकर, प्रेसिडेंट, फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया ने कहा हमारे चेंज द सोच-कन्याकुमारी टू कश्मीर ड्राइव को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने यह पुनः सिद्ध किया कि निवेशक शिक्षा को सीधे भारत के समुदायों तक पहुँचाना कितना महत्वपूर्ण है। उस यात्रा की गति को आगे बढ़ाते हुए हम राज्य-केन्द्रित पहलों के माध्यम से अपनी भागीदारी को और गहरा कर रहे हैं, जो वित्तीय जागरूकता को लोगों के और करीब लाती हैं। उत्तर प्रदेश, भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य, वित्तीय साक्षरता और समावेशन पर संवाद को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

## राजकीय मेडिकल कालेज में सेवा दिवस, आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम, पात्र लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात



उरई : लाभार्थियों को सम्मानित करते डीएम ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)** प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर जनपद में सेवा, सम्मान और स्वावलंबन की भावना को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई के ऑडिटोरियम में आयोजित 'सेवा दिवस आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रशासक घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी समीर, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चैहान, विधान परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, अपना दल जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी तथा भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने किया। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाने के साथ ही उन्हें रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसरों से जोड़ना है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया, जिससे सेवा और सम्मान के साथ स्वावलंबन की दिशा में भी कदम बढ़ा।इस अवसर पर एनआरएलएम द्वारा 3 प्रशस्ति पत्र, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 50 स्वीकृति पत्र एवं 3 टूल किट, उद्योग विभाग द्वारा 10 सिलाई मशीन एवं 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान की गईं। कृषि विभाग द्वारा 15 स्प्रेयर एवं 2 कल्टीवेटर तथा उद्यान विभाग द्वारा 15 स्प्रिंकलर टूल वितरित किए गए। वहीं आईटीआई के माध्यम से 10 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान कर रोजगार के अवसरों से जोड़ा गया। कार्यक्रम में जनसेवा को विकास की आधारशिला बताते हुए लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने और पात्र लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प दोहराया गया। 'जिसने जीवन संवारा, उन्हें आशीर्वाद हमारा' की भावना के साथ आयोजित 'सेवा दिवसकृआशीर्वाद का दिया। कार्यक्रम ने जनसेवा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के संदेश को मजबूती दी। सेवा संकल्प अभियान जनसेवा को राष्ट्रसेवा से जोड़ते हुए समाज के अंतिम पायदान तक विकास और अवसर पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में आगे बढ़ रहा है।इस अवसर परमुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारी व बड़ी संख्या मे लाभार्थी, मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रामपुरा में महिलाओं को फल व गुलगुले वितरित किए नगर अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने



उरई : प्रधानमंत्री का जन्मदिवस मनाती नगर अध्यक्ष व अन्य ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो रामपुरा(जालौन)।** नगर पंचायत रामपुरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर अध्यक्ष गायत्री वर्मा की अध्यक्षता में गरीब एवं असहाय महिलाओं को फल एवं गुलगुले वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत की ओर से जरूरतमंद महिलाओं को फल और गुलगुले बांटकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर सेवा कार्य किया गया। नगर अध्यक्ष गायत्री वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर नगर पंचायत रामपुरा में विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जैसे बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर चैराहा, महाराणा प्रताप चैराहा, गांधी चबूतरा , कान्हा गौशाला तथा जिन लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिले है उन लोगों के आवासों सहित नगर के प्रमुख स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर नगर में लगभग 5 हजार दीपक जलाए जाने की तैयारी की जा रही है। प्रमुख स्थानों को दीपों से सजाकर जन्म दिवस कार्यक्रम को विशेष रूप दिया जाएगा। नगर पंचायत द्वारा कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। नगर अध्यक्ष ने कहा कि सेवा, स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से ऐसे आयोजनों को जनभागीदारी से सफल बनाया जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से भी कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की।फल एवं गुलगुले वितरण के दौरान जरूरतमंद महिलाओं में उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने नगर पंचायत द्वारा किए गए सेवा कार्य की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष गायत्री ओमप्रकाश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक मैथिली शरण, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुठौद पूजा शुक्ला, अजय पुरवार, संतोष खटीक, राखी सभासद, शनि चैहान सभासद उरई, जितेंद्र कुमार, राहुल, सुनील , आदि नगर पंचायत के कर्मचारी एवं महिलाएं सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने विधायक संग पीएम के जन्मदिन पर चलाया स्वच्छता अभियान व बांटे फल



उरई : स्वच्छता अभियान चलाते विधायक व पालिकाध्यक्ष ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच (जालौन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दिन गुरुवार को नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया और मरीजों को फल वितरित कर सेवा कार्य नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक मूलचन्द्र निरंजन व पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने मार्कण्डेश्वर चैराहे पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया कार्यकर्ताओं ने चैराहे और आसपास के स्थानों पर साफ-सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने और कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने का संदेश दिया। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचे जहां विधायक मूलचन्द्र निरंजन पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए फल पाकर मरीजों और उनके तीमारदारों ने खुशी जताई इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा और जनकल्याण के कार्यों के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छता अभियान और मरीजों को फल वितरण किया गया उन्होंने कहा कि स्वच्छता के साथ जरूरतमंदों की सेवा करना सामाजिक जिम्मेदारीहै और पार्टी कार्यकर्ताओं को ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता और अन्य लोग मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर अनिल वर्मा मनीष नगरिया अशोक गुर्जर नरेश कुशवाहा अभिनव राजावत अजय कुशवाहा नरेंद्र विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवक हुए घायल

**कोंच(जालौन)।** ग्राम हिंगुटा आटा निवासी राजू 39 वर्ष पुत्र मोतीलाल अहिरवार बारी रखकर अपने गांव हिंगुटा लौट रहे थे इसी दौरान दूसरी ओर से ग्राम कूड़ा निवासी अभिजीत 32 वर्ष पुत्र महेश प्रसाद मोटरसाइकिल से अपने गांव जा रहे थे कूड़ा और हिंगुटा के बीच दोनों मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए हादसा देखकर आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल मदद की और एंबुलेंस के माध्यम से दोनों घायलों को सीएचसी कोंच पहुंचाया।सीएचसी प्रभारी अनिल शाक्य ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया हादसे के बाद घटनास्थल पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

**चोरी के शक में 14 वर्षीय किशोर को नहर में फेंका**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कोंच(जालौन)।** मोवाइल चोरी के शक में एक दबंग ने 14 वर्षीय किशोर को नहर में फेंक दिया लेकिन गनीमत रही कि वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने किशोर को बचा लिया और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार दिन बुधवार को देर रात्रि 14 वर्षीय किशोर चाउमीन खाने के लिए उरई रोड स्थित नहर के पास गया हुआ था इसी दौरान वहां पर एक व्यक्ति ने किशोर पर मोवाइल चोरी करने का शक जताया और दबंग युबक ने किशोर के साथ मारपीट करते हुए उसे नहर में फेंक दिया वहां से गुजर रहे राहगीरों ने किशोर को नहर से बाहर निकाला और दबंग आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## महाविद्यालय में भगवान विश्वकर्मा की पूजा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



ललितपुर। पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी में भगवान विश्वकर्मा की पूजा कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष विधि विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, शांति एवं संस्थान की निरंतर प्रगति की कामना की गई। डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन, निर्माण, शिल्प, वास्तुकला एवं तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है व विश्वकर्मा पूजा हमें अपने कार्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, परिश्रम एवं समर्पण की प्रेरणा देती है व वर्तमान समय में विज्ञान एवं तकनीक का महत्व लगातार बढ़ रहा है व विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। असिस्टेन्ट प्रोफेसर प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा हमें कर्म एवं सृजन के प्रति सम्मान की भावना का संदेश देती है। जगत झा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन एवं निर्माण के प्रतीक हैं। भजनलाल साहू ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रम, कौशल, तकनीक एवं सृजनशीलता के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर भी है। फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विनोद यादव ने कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा का विशेष महत्व है। इस अवसर पर असिस्टेन्ट प्रोफेसर हरिओम शरण सेन, नसीम खान, रामलखन यादव, रमाकांत सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सीएचसी में मरीजों से मिले पालिकाध्यक्ष, फल बांटकर जल्द स्वस्थ होने की कामना



उरई : कालपी सीएसची मरीजों को फल बांटे पालिकाध्यक्ष ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरोकालपी (जालौन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को नगर में सेवा संकल्प अभियान के तहत जनसेवा के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और फल वितरित किए।

पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने सीएचसी के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों से उपचार के संबंध में जानकारी ली और चिकित्सकों द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। फल वितरण के दौरान उन्होंने मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को इस बार सेवा और जनकल्याण की भावना के साथ मनाया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनकी सहायता करना है। उन्होंने कहा कि किसी बीमार व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना और जरूरत के समय उसके साथ खड़ा होना ही जनसेवा की वास्तविक भावना है।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों की जिम्मेदारी है कि वे समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की समस्याओं को समझें और उनके सहयोग के लिए आगे आएं। सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में आपसी सहयोग, संवेदना और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा गतिविधियों से जोड़कर मनाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।अस्पताल में फल मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने प्रसन्नता जताई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी सेवा कार्यों में सहयोग किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बाजपेई, अमरदीप पांडेय, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अंकित ठाकुर, धर्मेंद्र पाल, अरविंद राठौर, सभासद राकेश यादव, रविंद्र कोरी, रियाजुल हक, छोटे सोनी, शरद तिवारी, गंगाराम प्रजापति, आशीष यादव, भूरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लाभान्वित लाभार्थियों को चेक एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, ललितपुर।** मुख्यमंत्री के द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में भगवान विश्वकर्मा जयन्ती के अवसर पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 के अन्तर्गत विश्वकर्मा स्वरोजगार एवं स्वदेशी मेला-2026 पर आधारित प्रदर्शनी एवं मार्जिन मनी ऋण पोर्टल का शुभारंभ और विभिन्न योजनओं में लाभान्वित लाभार्थियों को चेक एवं टूलकिट का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कलैक्ट्रेक्ट सभागार में अनुराग शर्मा सांसद की अध्यक्षता में विश्वकर्मा जयन्ती पर इन्द्रिरा गांधी प्रतिष्ठान, में आयोजित कार्यक्रम का संजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सांसद द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत पूर्व में संचालित ट्रेड जैसे दर्जी, बढ़ई, नाई, हलवाई, राजमिस्त्री, मोची, कुम्हार, धोबी, इत्यादि के अतिरिक्त 9 आधुनिक ट्रेडों जैसे मोबाइल रिपेरिंग, ऑटोमोवाइल रिपेयर, सोलर इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल रिपेयर, प्लंविंग, कम्प्यूटर रिपेयरिंग, डिजिटल फोटोग्राफी, इलैक्ट्रॉनिक रिपेयर, ब्यूटी एवं वेलनेस इत्यादि ट्रेडो को सम्मिलित किया गया है, जिससे स्थानीय कारीगर एवं शिल्पकरों को निशुल्क प्रशिक्षण, निशुल्क टूलकिट तथा 5000 मानदेय प्रदान कर उन्हें रोजगार मुहैया कराने के साथ ही प्रशिक्षित सम्बन्धित ट्रेडों के लाभार्थियों को बिना गारन्टी एवं बिना ब्याज तथा 15 प्रतिशत छूट के साथ 10 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था की गई है व साथ ही सी.एम.युवा, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत भी स्थानीय शिक्षित युवाओं, युवतियों को उद्यम स्थापना किये जाने हेतु ऋण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर किया जा रहा है। राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ एवं सदर विधायक रामरतन द्वारा सम्बोधित करते हुये कहा कि आज का दिन सेवा दिवस मनाया जा रहा है व जनपद के हर ग्रामवासी को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, जिससे स्थानीय परम्परागत कारीगर, शिल्पकार, हस्तशिल्पियों को योजनान्तर्गत आत्मनिर्भर बनने तथा अपना स्वयं का उद्यम स्थापना में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षित लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा टूलकिट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन, जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत, उद्यमी कमलेश सरार्फ अध्यक्ष स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज एसो, मुकेश पुरवार अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज एसोसियेषन एवं योजनान्तर्गत लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी आगुन्तुक अतिथियों एवं कार्यक्रम के आये सभी लाभार्थियों का आभार उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल द्वारा किया गया।

## सपा नेता की शिकायत पर रॉयल एकेडमी स्कूल के प्रधानाचार्य सहित दो के खिलाफ मामला दर्ज

-फीस न भर पाने के कारण पुत्र को बंधक बनाकर रखना व पत्नी से अभद्रता करने का आरोप

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मुहल्ला सिद्दन में स्थित रायल अकादमी स्कूल के प्रधानाचार्य सहित दो के खिलाफ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश यादव पुत्र आशाराम ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि उनका पुत्र शहर के रॉयल एकेडमी नामक स्कूल में कक्षा नवमी की पढ़ाई कर रहा था व उसका पिछले कई महीनों से बीमार होने पर उपचार हरियाणा के मेदांता चिकित्सालय में चल रहा था व वह अपने पुत्र का इलाज करने में व्यस्त थे इस कारण स्कूल की फीस जमा नहीं कर पाए, जब उनका पुत्र स्वस्थ हुआ तब उन्होंने अपने पुत्र को स्कूल भेजा, तब रॉयल एकेडमी स्कूल के कोऑर्डिनेटर कमल एवं प्रधानाचार्य सहित अन्य कर्मचारियों ने उनके पुत्र को परीक्षा नहीं देने दी व एक कमरे में बंधक बनाकर रखा, तब जानकारी मिलने पर उनकी पत्नी स्कूल पहुंची, तब स्कूल के प्रधानाचार्य सहित अन्य कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़ित छात्रा के पिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर स्कूल प्रशासन के खिलाफ 127(2), 352 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# युवक की हत्या की घटना के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**बांदा।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस पुलिस टीम द्वारा युवक की हत्या की घटना में वांछित अभियुक्त पवन उर्फ बल्ला को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि थाना तिंदवारी क्षेत्र के ग्राम छापर में 13 सितंबर 26 को एक युवक का शव बरामद हुआ था । घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिंदवारी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस टीमों का गठन किया गया था । पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से प्राप्त भौतिक एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन एवं परीक्षण किया गया । साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की सहायता से घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई । जांच के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त अंकित उर्फ अंकुल पुत्र रामसेवक निवासी माटा थाना तिंदवारी जनपद बांदा को कल थाना तिंदवारी पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है । पूछताछ में अभियुक्त अंकित उर्फ अंकुल द्वारा घटना में अपने साथी पवन उर्फ बल्ला पुत्र रामप्रकाश निवासी माटा थाना तिंदवारी जनपद बांदा के शामिल होने की जानकारी दी गई ।

पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त पवन उर्फ बल्ला की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे । इसी क्रम में आज थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पवन उर्फ बल्ला पुत्र रामप्रकाश निवासी माटा थाना तिंदवारी जनपद बांदा है।

## अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अंतर्जनपदीय शातिर अपराधी गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** अवैध असलहा लेकर घूम रहे एक शातिर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

मटौंध थाना क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस टीम गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इचौली रोड स्थित गैस एजेंसी के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध असलहा लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को रोक लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हृदेश उर्फ ब्रजेश पुत्र मलखान निवासी वाधवा खोड़ाए थाना कबरईए जनपद महोबा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में थाना कबरई और थाना मटौंध में विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने इस मामले में थाना मटौंध पर मु0अ0सं0 167๘26ए धारा 3๘25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मटौंध दीपेन्द्र कुमार सिंहए उपनिरीक्षक मणिशंकर मिश्र और कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार रहे।

## मोदी के जन्मदिन पर सेवा और समर्पण का संदेश ग्राम पंचायतों में जले दीप

बांदा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन एवं उनके सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सेवाए समर्पण और संकल्प का संदेश दिया। कस्बे से लेकर विकासखंड की 61 ग्राम पंचायतों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी पदाधिकारियोंए कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए।

इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने मां मढ़ीदाई परिसर में पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घ सार्वजनिक जीवन और देशसेवा के 25 साल पूरे होने पर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा और समर्पण की भावना के साथ मनाने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में कस्बे के साथ ही विकासखंड की 61 ग्राम पंचायतों में विभिन्न धार्मिक स्थल पहाड़ी महादेवए रामजानकी मंदिरए मढ़ी दाई मंदिर और सरकारी परिसरों में दीप जलाकर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं व्यक्त की गईं।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचना और समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ खड़ा होना ही इस अभियान का उद्देश्य है। पूरे क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान अजय पटेलए विजय विक्रम सिंहए रमाकांत पटेलए सौरभ शिवहरेए राकेश कुमार गुप्तएरामजी मिश्रए संतोष यादवएसंतोषानंदन गौतमए रामकृपाल मौर्य सहित तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## खबर एक नज़र

### सपा कार्यालय में मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती




**बांदा।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में आज भगवान विश्वकर्मा की पावन जयंती बड़े धूमधाम और भक्तिभाव के साथ मनाई गई। इस ऐतिहासिक अवसर की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष लालमन यादव ने की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा प्रदेश सचिव मुलायम यादवए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता बीरेन्द्र गुप्ताएकुदरत उल्ला खांए अजय चौहान दादाए सत्यनारायण सोनकर पप्पू यादवए नेतराम वर्माए दुर्गा यादवए शिवसागर यादवए रवि दिवाकरए के साथ.साथ शिवदास विश्वकर्माए नत्थू विश्वकर्माए जितेंद्र यादवए दुर्गा प्रसादए आसिफ खानए अनुपम विश्वकर्माए दिलीप कुमारए रवि राजपूतए एमण्डीण् खुरानाए दीपक सिंहए जगनायक यादवए विवेक कुमारए वीरेंद्र फ़ौजी सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य नेताए कार्यकर्ता और विश्वकर्मा समाज के सम्मानित सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।विधानसभा अध्यक्ष लालमन यादव ने भगवान विश्वकर्मा के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि सृष्टि के आदि शिल्पीए कलाए कौशल और मेहनत के प्रतीक कृ की जयंती पर पूरे माहौल में भक्तिए एकता और सामाजिक सद्भाव की लहर दौड़ी है। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों को अपनानेए समाज की एकजुटता बनाए रखने और युवाओं को कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

विधानसभा अध्यक्ष लालमन यादव के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने बांदा की धरती पर एक बार फिर साबित कर दिया कि जब नेता और समाज एक साथ खड़े होते हैंए तो त्योहार सिर्फ पूजा नहींए बल्कि सामाजिक शक्ति का उत्सव बन जाता है।

### किशोरी ने फंदा लगाकर जान दी

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के अकौना गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने बुधवार शाम पुनाहूर गांव में अपने नाना के घर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय घर के अन्य स्वजन बीमार नाना की देखभाल में लगे थे। किशोरी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। खुदकुशी के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

थाना क्षेत्र के अकौना गांव निवासी प्रेमबाबू की 17 वर्षीय पुत्री विनीता देवी बुधवार की दोपहर अपनी बड़ी बहन संगीता की कोर्रही स्थित ससुराल से वापस पुनाहूर गांव पहुंची थी। यहां उसके नाना रामरूप का घर है। रामरूप की तबीयत खराब होने के कारण परिवार के लोग उनकी सेवा.सुश्रूषा में लगे हुए थे। इसी दौरान विनीता घर के कच्चे मकान में बनी अटारी में चली गई। कुछ देर बाद जब विनीता नजर नहीं आयी।तो स्वजनों की नजर अटारी की तरफ गई तो वह धन्नी से रूपट्टे का फंदा लगाकर लटकी मिली।किशोरी को इस हालत में देखकर स्वजनों में चीख.पुकार मच गई। आनन.फानन उसे नीचे उतारा गयाए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।विनीता चार बहनों में तीसरे नंबर की थी। उसकी मौत की खबर मिलते ही मां श्यामकली समेत अन्य स्वजन बदहवास हो गए। अचानक हुई इस घटना से अकौना और पुनाहूर गांव में भी मातम छा गया। किशोरी ने यह कदम क्यों उठायाए इसे लेकर स्वजन भी कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रहे हैं। थानाध्यक्ष सीपी तिवारी ने बताया है किशोरी ने फांसी लगाकर खुदखुशी की है। कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। जाँच की जा रही

## नूतन बाल समाज के गणेश महोत्सव में तीसरे दिन सांस्कृतिक संध्या ने बांधा समां



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा** श्रेय आकर्ष इंस्टीट्यूट के छात्र.छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता सभी का दिल।

नूतन बाल समाज द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या के तीसरे दिन भक्तिमय और देशभक्ति से ओत.प्रोत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। श्रेय आकर्ष इंस्टीट्यूट के निर्देशन में छात्र.छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किएए जिन्हें उपस्थित श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। आप सभी को ज्ञात हो की

कार्यक्रम में महिषासुर मर्दिनीए है कथा संग्राम कीए गणेश वंदना नृत्य तथा देशभक्ति सामूहिक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रतिभागी छात्र.छात्राओं में श्लोक राजए आकांक्षाए शान्वीए दीपांशीए खुशीए काव्याए रोशनीए राधिकाए निवेदिताए वैष्णवीए सृष्टिए वैदेहीए वीरताए प्राचीए यशीए प्राची एवं अंशिका की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने भरपूर तालियों से सराहा। इस अवसर पर आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे.मुन्ने बच्चों ने विभिन्न किरदारों की आकर्षक वेशभूषा धारण कर अपनी मासूम अदाओं से सभी का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रद्युम्न दुबे श्लालूश् ने दीप प्रज्वलित किया। समारोह में जीतू त्रिपाठीए श्रीमती ज्योत्सना पुरवारए निखिल सक्सेनाए समाजसेवी सुनील सक्सेनाएसंजय ओमरए भुवनेंद्र रावतए प्रमोदिनी अवस्थीएतथा सुशील तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

सभी प्रस्तुतियों का नृत्य निर्देशन डांस गुरु मोहम्मद दिलशाद खान ने किया। श्रेय आकर्ष इंस्टीट्यूट की संचालिका श्रीमती रानी दमेले ;अंजू द्ध ने आयोजन समिति को सफल एवं भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का प्रभावी एवं रोचक संचालन मशहूर उद्घोषक पंकज रावत ने कियाए जबकि अंत में निखिल सक्सेना ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

अतर्राध्बांदा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपाइयों ने सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के तहत पालिका अध्यक्ष संगीता निराला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में जहां फल वितरण किया वहीं कश्मीर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरा बाबा धाम में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा ही संकल्प कार्यक्रम के प्रथम दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया गया वहीं कश्मीर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गौरव बाबा धाम में भाजपाइयों स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चला कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती निराला ने कहा कि आज हम देश के प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मना रहे हैं जिनके जीवन का उद्देश्य है गरीब किसान मजदूर सभी के हितों के लिए कार्य करना उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उनके राष्ट्र निर्माण हुआ सभी वर्गों के लिए सामाजिक उत्थान सहित आर्थिक समृद्धि के लिए किए गए कार्यों से लोगों को लाभ मिल रहा है? वहीं देर शाम गौरा बाबा धाम सहित विभिन्न सार्वजनिक महापुरुषों के स्थलों पर दीपदान किया गया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह नगर महामंत्री दीनदयाल द्विवेदी द्वारिका लखेरा शिवमोहन गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डाक्टर अरविंद आदि मौजूद रहे ।

## जेआरएचएसयू में विद्यार्थियों को योगाचार्य ने बताए अष्टांग योग के लाभ



**चित्रकूट-** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में गुरुवार को व्याख्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाराष्ट्र के लोनावाला स्थित कैवल्यधाम योग संस्थान के सेवानिवृत्त वरिष्ठ योग शिक्षक योगाचार्य भरत शिवहर्ष सिंह ने कहा कि तनाव, अनियमित दिनचर्या और लगातार बढ़ते स्क्रीन टाइम के दौर में योग शरीर के साथ मन को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। योग केवल आसन करने तक सीमित नहीं, बल्कि स्वस्थ, संयमित और अनुशासित जीवन पद्धति है।

कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दर्शन एवं योग विभाग की ओर से भारतीय ज्ञान प्रणाली के तहत आयोजित व्याख्यानमाला में उन्होंने 'आधुनिक जीवन शैली में योग की आवश्यकता एवं महत्व' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग के आठ अंगों यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि की उपयोगिता समझाई। उन्होंने कहा कि योग का उद्देश्य केवल शरीर को स्वस्थ रखना नहीं, बल्कि मन को शांत और एकाग्र करना भी है। योगाचार्य ने कहा कि मोबाइल का अत्यधिक उपयोग, पढ़ाई का दबाव, अनियमित नींद और खानपान विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। नियमित योग, ध्यान और श्वास अभ्यास से दिनचर्या को व्यवस्थित करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने छात्रों को अपनी क्षमता के अनुसार योग सीखकर नियमित अभ्यास करने की सलाह दी।

इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. हरिकांत मिश्रा, डॉ. महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ. विनोद कुमार मिश्रा, डॉ. अमिता, डॉ. प्रमिला मिश्रा, जितेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. घनश्याम पाल, डॉ. प्रदीप कुमार गोंड समेत शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## हवन पूजन के साथ की प्रधानमंत्री के दीर्घायु की कामना

**.. मोदी जी के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया रक्तदान**

**.. जिले के 1550 बूथों में 10 हजार घर दीपक की रौशनी से जगमगाये बाँदा**




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान को भाजपा द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए हवन पूजन कर उनके दीर्घायु की कामना की गई स इस अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किये गये स आप सभी को ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में केन नदी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नदी किनारे एकत्र कूड़ा कचरा को साफ कर स्वच्छता का सन्देश दिया स कार्यक्रम में निखिल सक्सेनाए अमित सेठ भोलूए दुर्गा चौरसियाए निर्मला गौतमए संतोष नायकए आनंदी साहूए आदि मौजूद रहे स तत्पश्चात महेश्वरी देवी मंदिर में यज्ञवेदी में हवन पूजन कर मोदी जी के दीर्घायु एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प और देश की प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की कामना की स इसी प्रकार जिला अस्पताल में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की उपस्थिति में आयोजित राकदान शिविर में दर्जनों भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया तथा अस्पताल में भरती मरीजों को फल देकर उनके शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की स इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी व नरैनी में में भी रक्तदान शिविर आयोजित किये गये स इसी प्रकार सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के लगभग 1550 बूथों में लगभग 10 हजार दिए जलाये गये और मोदी जी के दीर्घायु की कामना की गई स इस अवसर पर पुष्कर द्विवेदीए उत्तम सक्सेनाए धीरेन्द्र सिंह धीरूए संतोष राजपूतए पंकज रैक्रवारए मालती बासूआदि मौजूद रहे।

## साइबर ठगी से बचाव को लेकर जनपद में चलाया गया जागरूकता अभियान



**बांदा।** साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचाने के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र.छात्राओं और आमजन को साइबर अपराध से बचाव के लिए जरूरी सावधानियों की जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में 17 सितंबर को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने लोगों को बताया कि किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी और यूपीआई पिन साझा न करें। अनजान वीडियो कॉल रिसीव करने से बचें तथा लॉटरी और इनाम के नाम पर आने वाले कॉल व मैसेज से सावधान रहें। लोगों को स्क्रीन शेयरिंग एप के जरिए होने वाली ऑनलाइन ठगी के बारे में भी जानकारी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर एनीडेस्कए क्विक सपोर्टए टीमव्यूअर और स्क्रीन मिरर जैसे एप फोन में इंस्टाल न करें। सोशल मीडिया का इस्तेमाल सावधानी से करने तथा अनजान लोगों के साथ अपनी फोटो और गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की अपील की गई। साइबर फ्राड होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई। आनलाइन शिकायत के लिए गृह मंत्रालय की वेबसाइट साइबरक्राइम डॉट जीओवी डॉट इन के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा थाना स्तर पर संचालित साइबर हेल्प डेस्क और जनपद के साइबर क्राइम पुलिस थाने से संपर्क करने की प्रक्रिया समझाई गई। ओटीपीए यूपीआई पिन और अन्य गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें। अनजान लिंकए काल और वीडियो कॉल से सावधान रहें। किसी के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप इंस्टाल न करें और सोशल मीडिया पर निजी फोटो व जानकारी अनजान लोगों के साथ साझा न करें। साइबर अपराध होने पर समय गंवाए बिना 1930 पर कॉल करें। ऑनलाइन शिकायत साइबरक्राइम डाट जीओवी डाट इन पर दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही नजदीकी थाने की साइबर हेल्प डेस्क पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी पुलिस ने दी।

### क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत कराने को लेकर शिक्षक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बांदा। क्षतिग्रस्त डायवर्जन रोडए अतर्रा .ओरन रोड की मरम्मत कराने को लेकर शिक्षक वेलफेयर एसोशिएशन ने एसडीएम को ज्ञापन दिया है। शिक्षकों को कहना है कि आमजन के साथ ही नियमित विद्यालय जाने के दौरान क्षतिग्रस्त रोड में हादसे का खतरा बना रहता है। एसडीएम ने इओ नगर पालिका एवं खंड विकास अधिकारी को क्षतिग्रस्त रोड सही कराने के निर्देश दिए। शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी अजय साहू शिक्षकों के साथ गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंच एसडीएम को ज्ञापन दिया है। जिला प्रभारी ने दिए ज्ञापन में बताया कि बिसंडा रोड स्थिति रेलवे क्रासिंग पर ऊपरगामी पुल निर्माण होने के चलते बांदा रोड केन नहर किनारे व बदौसा रोड स्थित मंडी परिसर के बगल की रोड को डायवर्जन रोड बनाया गया है। यह दोनों रास्ते खराब है। पूरे रोड में बड़े बड़े दो. तीन फीट के गहरे गड्ढे हैं। इसके अलावा अतर्रा.ओरन रोड में बारिश के जलभराव के चलते ग्राम बल्लान से चौसड़ के बीच पांच.छह स्थानों में सड़क काटी गई थी। जिसके कारण अतर्रा.ओरन रोड बीते 15 दिनों से बंद है।

## जिले में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती






**चित्रकूट-** आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर गुरुवार को जिले में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह का माहौल रहा। शहर से लेकर तकनीकी संस्थानों और कार्यस्थलों तक भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया।

विश्वकर्मा समाज की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही शोभायात्रा भी निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इसमें लौहकार, स्वर्णकार, ताम्रकार, काष्ठकार और मूर्तिकार समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, भाजपा नेता जगदीश गौतम, शानू गुप्ता, अजय सोनी, रामप्रकाश विश्वकर्मा, रामबहादुर विश्वकर्मा, केपी विश्वकर्मा, रामलाल विश्वकर्मा (सीए), रेडक्रास समिति के सचिव विजय किशोर, भरत विश्वकर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। भैरों प्रसाद मिश्र ने समाज को एकजुट रहने का संदेश देते हुए सहयोग का भरोसा दिया। जगदीश गौतम ने कहा कि निर्माण और आधुनिक विज्ञान के विकास में भगवान विश्वकर्मा की परंपरा का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में तीन-चार दशक से योगदान दे रहे समाज के लोगों का सम्मान किया गया। समाज के बच्चों ने संगीत की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। पुष्पराज विश्वकर्मा, अंकित और रामलाल विश्वकर्मा ने सामाजिक एवं राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की बात कही। लोगों ने विश्वकर्मा समाज एकीकरण अभियान को आगे बढ़ाने के लिए हाथ उठाकर सहमति जताई। इसी प्रकार दीनदयाल शोध संस्थान के दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, आरोग्यधाम की रसशाला और मातृ सदन में हवन-पूजन व आरती के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। संस्थान की कर्मशालाओं और प्रयोगशालाओं में मशीनों व उपकरणों की साफ-सफाई और सजावट के बाद पूजन हुआ। भागवत एवं ज्योतिषाचार्य पंडित राम विशाल शुक्ल ने पूजन संपन्न कराया। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा पूजन की धार्मिक मान्यताओं की जानकारी दी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के प्रकल्प प्रभारी और प्रशिक्षण शालाओं से जुड़े कार्यकर्ता मौजूद रहे। हनुमान धारा रोपवे परिसर में भी वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई। इस दौरान मशीनों, केबल कार, तकनीकी उपकरणों और औजारों का पूजन कर रोप-वे के सुरक्षित संचालन, यात्रियों की सुरक्षा और टीम की सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूजा के बाद प्रसाद वितरित किया गया। साइट इंचार्ज कपिल ध्यानी, लेखाकार राकेश वर्मा, राजनीश पांडेय, प्रशांत मुदली, नितेश तिवारी समेत अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत
कानपुर, शुक्रवार, 18 सितम्बर 2026 10

# फतेहपुर समाचार

**एसपी ने ली व्यापार संघ के पदाधिकारियों की बैठक**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। व्यापारियों की सुरक्षा एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की निगरानी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापार संघ के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। एसपी ने व्यापारियों की समस्याएं व सुझाव सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सदैव सक्रिय रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की अपील की। बैठक में क्षेत्राधिकारी नगर सहित संबंधित पुलिस अधिकारी एवं व्यापार संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जिले भर के निर्माण, अभियांत्रिकी और तकनीकी विभागों में सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी कार्यालयों, कार्यशालाओं और विद्युत उपकेंद्रों पर विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों व कर्मचारियों ने औजारों और मशीनों की विधि-विधान से पूजा कर देश की प्रगति एवं समृद्धि की कामना की।

पूजन अनुष्ठान के क्रम में नलकूप खण्ड सिंचाई विभाग में अधिशासी अभियन्ता प्रशान्त सिंह तथा सहायक अभियंता नरेंद्र कुमार यादव, बबलू भारती, मूलचंद्र यादव, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, मुकेश कुमार और अरविंद कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं विद्युत विभाग के सथरियांव पावर हाउस में जेई दीप नारायण के नेतृत्व में पूजन किया गया, जिसमें पंकज, ज्ञानेंद्र, आशीष, नरेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह और अशोक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त राधानगर पावर हाउस में एसडीओ महेश चन्द्र, जेई शैलेन्द्र सिंह, नमन सचान, हिमांशु वर्मा, दीपक साहू और सुनील कुमार आदि ने पूजन संपन्न कराया।

उधर तेलियानी ब्लॉक स्थित लघु सिंचाई विभाग की कार्यशाला में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान सहायक अभियंता शुभम कुमार मिश्र, जेई अक्षय कुमार, बसन्त गुप्ता और राकेश कुमार पाल आदि मौजूद रहे। सभी स्थानों पर पूजन-अर्चन के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं, जिससे पूरे जनपद में उत्सव का माहौल बना रहा।

## विश्वकर्मा जयंती व सेवा संकल्प अभियान पर प्रेक्षागृह में बांटी गई टूल किट व चेक




- हुआ सजीव प्रसारण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में विश्वकर्मा जयंती समारोह एवं टूल किट व चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पशुधन एवं दुग्ध विकास राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों व उपस्थित जनसमूह ने लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना।

इसके उपरांत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर व भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक और परंपरागत कारीगरों को टूल किट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े कामगारों को आधुनिक संसाधनों व टूल किट से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से आशीर्वाद का दीया जलाने की अपील की। वहीं विधायक विकास गुप्ता व जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के जनसेवा काल पर विचार व्यक्त किए। इस मौके पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, एलडीएम आदि लाभार्थी उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### राज्यमंत्री ने विकास चित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर स्सेवा संकल्प अभियानस् के तहत जिला सूचना विभाग फतेहपुर द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में तीन दिवसीय विकास चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि, पशुधन एवं दुग्ध विकास राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री सहित अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने प्रदर्शनी का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

चित्रात्मक प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के अविरल जनसेवा काल की उपलब्धियों, केंद्र व राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी नीतियों, विकास परियोजनाओं और योजनाओं की सफलता को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अतिथियों ने इसे विकसित भारत्‌ की झलक करार दिया और सूचना विभाग के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उद्घाटन के उपरांत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने प्रदर्शनी पहुंचकर देश व प्रदेश में हुए विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग एवं एलडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### सपा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन से हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह तथा संचालन जिला महासचिव चैधरी मंजर यार ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव समरथ पाल ने भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का प्रथम शिल्पी व तकनीकी कौशल का प्रतीक बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। गोष्ठी के दौरान प्रेमनाथ विश्वकर्मा, श्रीचंद्र विश्वकर्मा, राजकरण विश्वकर्मा, गिरजा शंकर विश्वकर्मा एवं लखन विश्वकर्मा ने पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रवक्ता जगदीश सिंह, डॉ. रामनरेश पटेल, राम किशोर प्रजापति, अरुणेश पांडे, डीजी कुशवाहा, मनोज यादव, सुनील उमराव, सुशील दोषी, चंदन पाल, आरती पाल, नंदू पाल, हीरा लाल साहू, ज्ञान सिंह, सुहेल खान हेमू, रिशु तिवारी, राजबाबू यादव, अनिल यादव, नागेंद्र यादव, कामता प्रसाद, विमलेश पटेल, अजय लोहिया, शीलेंद्र मिश्रा, शिव सिंह एवं राम भवन आदि उपस्थित रहे।

### रेडक्रॉस ने गोद लिए 29 टीबी मरीजों की उठाई पोषण की जिम्मेदारी

- सीएचसी बिंदकी में रक्तदान शिविर संपन्न

बिंदकी (फतेहपुर)। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं श्री बालाजी सेवा न्यास के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में रक्तदान शिविर तथा क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव एवं बिंदकी संयोजक मोना ओमर के नेतृत्व में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, नगर पालिका अध्यक्ष राधा साहू एवं सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. धर्मेंद्र ने किया। शिविर में डॉ. धर्मेंद्र, कमलेश कुमार, रवींद्र कुमार शुक्ला, अंकेश कुमार, अविनाश कुमार, अंकित पटेल, निखिल ओमर, विश्वास गुप्ता, आदित्य एवं राजकुमार साहू सहित 10 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया, जबकि 25 अन्य लोगों ने आगामी शिविरों के लिए पंजीयन कराया। तत्पश्चात रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा गोद लिए गए 29 क्षय रोगियों को विधायक जय कुमार जैकी एवं डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा पोषण सामग्री की किट वितरित की गई। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि यह पोषण सामग्री मरीजों का चिकित्सीय कोर्स पूरा होने तक नियमित प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मोना ओमर, उमेश श्रीवास्तव, विकास तिवारी, अनूप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विमलेश ओमर, अनूप गुप्ता, जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से अशोक शुक्ला व विनोद कुमार तथा सीएचसी से कमल सिंह, जानकी प्रकाश सिंह, नरेंद्र नाथ पांडे व राजकुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगर पालिका परिषद सदर की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर से एक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर यह रैली पटेल नगर, पत्थर कटा चैराहा व बिंदकी बस स्टॉप होते हुए जिला चिकित्सालय पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल वॉलिंटियर्स ने स्लोगन और जिंगल के माध्यम से नागरिकों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने और कचरा निर्धारित स्थान पर डालने के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), परियोजना निदेशक डीआरडीए, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका तथा जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### पालिका अध्यक्ष ने 8.78 लाख रुपये की सफाई सामग्री वितरित की

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा राज्य वित्त आयोग मद से स्वीकृत 8,78,200 रुपये की लागत से सफाई उपकरण खरीदे गए हैं। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष राज कुमार मौर्य एडवोकेट एवं अधिशासी अधिकारी रवींद्र कुमार ने पालिका परिसर में 34 वार्डों के सफाई नायकों को फावड़ा, झाड़ू, तसला, बाल्टी, गैंती और साबड़ सहित आवश्यक सफाई सामग्री वितरित की। पालिका अध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों से उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर शहर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सभासद शादाब अहमद, विनय तिवारी, अरुण कुमार यादव, अतीश पासवान, संजय श्रीवास्तव, सुशील यादव, शाबिर, पवन द्विवेदी, संतोष पटेल, गुड्डू यादव, विवेक नागर, राम सिंह पटेल, शहजाद अनवर, अयाज अहमद, मो. अहमद, रितिक पाल, आफताब अहमद, मुन्नी लाला तथा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, के.आर. चंद्राकर और स्वास्थ्य लिपिक गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्वर्णकार संघ ने धूमधाम से मनाई भगवान विश्वकर्मा जयंती

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। स्वर्णकार संघ के तत्वाधान में गुरुवार को चैक स्थित हजारी लाल फाटक में भगवान विश्वकर्मा पूजन का आयोजन हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ। स्वर्णकार समाज के सदस्यों ने अपने पारंपरिक औजारों व उपकरणों का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के उपरांत महाआरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर रामदास सर्राफ, मयंक सोनी, मनीष सोनी, दीपक सोनी, पिंटू सोनी, चंद्रपाल, सूर्यभान सोनी, संजय जौहरी, मोनू सोनी, विकास सोनी, लल्लू सोनी, अनुज सोनी, बबला सोनी, सुभाष सोनी, रामसागर सोनी, विजय बहादुर सोनी, गोरे सोनी, राकेश सोनी, शरद सोनी, राजू सोनू, अजय सोनी, रामलाल सोनी, रोहन सोनी एवं शुभम आदि उपस्थित रहे।

### सर्पदंश की पृथक घटनाओं में बालक समेत दो की मौत

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। खागा व हथगाम क्षेत्र में सर्पदंश की दो अलग-अलग घटनाओं में एक दस वर्षीय बालक और एक युवक की अकाल मृत्यु हो गई। पहली घटना में खखरेरू थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी सुनील तिवारी अपने दस वर्षीय पुत्र अंशू तिवारी के साथ कमरे में सो रहे थे। बुधवार देर रात छत से गिरे जहरीले सांप ने पिता-पुत्र दोनों को डस लिया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे स्वजन दोनों को तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर स्थिति के कारण बालक अंशू को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दो दिनों तक इलाज के बाद अंशू (कक्षा 04 का छात्र) की मौत हो गई, जबकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना नगर पंचायत हथगाम के तेहीपारा में घटी, जहां 38 वर्षीय अमरजीत मौर्य पुत्र शिव कुमार मौर्य को बुधवार रात शौच के लिए उठते समय जहरीले सांप ने डस लिया। स्वजन उन्हें इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे, किंतु रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी साधना देवी की तहरीर पर हथगाम थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है।

## मेधावी छात्रों का सम्मान और लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर चैराहे का अनावरण



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पाल सामुदायिक उत्थान समिति के तत्वाधान में रामलीला मैदान में मेधा छात्र अलंकरण समारोह एवं अहिल्याबाई होल्कर चैराहे के अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के कोषाध्यक्ष देशराज पाल ने की। मुख्य अतिथि ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव हरिश्चंद्र मंडल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि पाल विकास समिति वाराणसी के अध्यक्ष मुन्नालाल पाल रहे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व समिति अध्यक्ष डॉ. अमित पाल ने शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि समिति प्रतिवर्ष प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का कार्य करती है। समारोह में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नगर पालिका परिषद में सभासद सरोज पाल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा नामित चैराहे के सुंदरीकरण हेतु अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापित करने में विशेष आर्थिक सहयोग देने वाले एपी मोटर्स के निदेशक राकेश पाल सहित भीखूलाल पाल, ई. सत्यपाल पाल, ई. जेपी पाल, रामपाल पाल, मनमोहन पाल, ऋतिक पाल और जितेंद्र पाल को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिका बोर्ड के उपस्थित सभासदों को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट की गई। समारोह में गोरखपुर से आए जादूगर अशोक यादव ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से लोगों को अंधविश्वास से दूर रह तर्क और विज्ञान अपनाने का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र मंडल ने पेरियार ई.वी. रामासामी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए मेधावियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ. रतीभान पाल, सूरजभान पाल, रामचंद्र पाल, कुलदीप पाल, रामप्रसाद पाल, सौरभ पाल, बबलू पाल, रामविनोद पाल, धीरेंद्र कुमार पाल, श्यामलाल पाल, रामबाबू पाल, बचराज पाल, मनराज पाल, बचैली पाल, पवन पाल, धनराज पाल, रज्जन पाल, बद्री प्रसाद पाल, मनीष पाल एवं शिव भोला पाल आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन मुस्तैद, डीएम-एसपी ने लिया जायजा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के 18 सितंबर को बिंदकी तहसील के अदमपुर कोरसम स्थित एक स्कूल में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बिंदकी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए सभी विभागों के मध्य समन्वय स्थापित कर प्रोटोकॉल के अनुसार समय से पूर्व तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को प्रवेश-निकास द्वार, पार्किंग, निर्धारित मार्ग, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा के दृष्टिगत अग्निशमन उपकरणों, फायर टेंडर, मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और खाद्य सुरक्षा मानकों की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा विकास खंड अधिकारी मलवां को कार्यक्रम स्थल व आवागमन मार्गों पर स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी बिंदकी, नायब तहसीलदार मलवां, बीडीओ मलवां आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर अस्पतालों में रक्तदान शिविर व फल वितरण

- जनपद में जलाए गए आशीर्वाद के दीये

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद भर में विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज फतेहपुर, जिला चिकित्सालय तथा सीएचसी खागा व बिंदकी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुए, जहाँ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने लोगों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया, वहीं अस्पतालों में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

इसके साथ ही आशीर्वाद दीया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। शाम 7 बजे केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने घरों में एक-एक दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं तेजस्वी जीवन की कामना की। उत्सव के इस वातावरण में कलेक्ट्रेट, विकास भवन, शिक्षण संस्थानों, चिकित्सालयों, प्रमुख तीर्थ स्थलों, शासकीय भवनों, ग्राम पंचायत सचिवालयों, अन्नपूर्णा भवनों, पार्कों, अमृत सरोवरों, ऐतिहासिक बावन इमली स्थल, गंगा-यमुना नदियों के घाटों, पंप कैनाल, रेलवे स्टेशनों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों एवं विकास खंड कार्यालयों सहित समस्त प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर नागरिकों व अधिकारियों ने आशीर्वाद का दीपक जलाकर प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी।

## फतेहपुर में चार वर्षीय बच्ची की मौत पर हंगामा

- प्राइवेट क्लीनिक पर गलत इंजेक्शन का आरोप, रास्ता जाम

विजयीपुर (फतेहपुर)। किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर कस्बे में एक चार वर्षीय बच्ची की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि प्राइवेट क्लीनिक में गलत इंजेक्शन लगाए जाने से बच्ची की हालत बिगड़ी, जिसके बाद इलाज के दौरान केजीएमयू लखनऊ में उसकी मौत हो गई। खखरेरू थाना क्षेत्र के सधुवापुर निवासी सर्वेश यादव के अनुसार, वह 3 सितंबर को अपनी चार वर्षीय पुत्री यशी का इलाज कराने विजयीपुर स्थित सतगुरु क्लीनिक पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि क्लीनिक में इंजेक्शन लगाने के बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। वहीं, दूसरी ओर क्लीनिक संचालक ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनके यहां किसी तरह का कोई इंजेक्शन नहीं लगाया गया था।

हालत बिगड़ने पर बच्ची को जिला अस्पताल फतेहपुर, कानपुर के अस्पतालों से होते हुए केजीएमयू लखनऊ ले जाया गया, जहां 17 सितंबर को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। गुरुवार को बच्ची का शव विजयीपुर स्थित सतगुरु क्लीनिक लाते ही परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों ने डॉक्टर को मौके पर बुलाने और कार्रवाई की मांग को लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली व गाड़ियों से मुख्य मार्ग को बाधित कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक आवागमन पूरी तरह ठप रहा।

हंगामे की सूचना मिलते ही एसडीएम खागा अश्वनी पांडेय, सीओ खागा रवि प्रकाश सिंह, किशनपुर कार्यवाहक थाना प्रभारी सुमित तिवारी और धाता थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के काफी समझाने-बुझाने और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजनों का गुस्सा शांत हुआ और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। किशनपुर के कार्यवाहक थाना प्रभारी सुमित तिवारी ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत पूर्व विधायक ने बांटे आवास प्रमाण पत्र

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत पूर्व विधायक विक्रम सिंह के कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं दीप वितरित किए गए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे और कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सीधे पहुंच रहा है। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, सुशीला मौर्या, अभिषेक शुक्ला, सुशील तिवारी बच्चा, विवेक तिवारी, विनोद गौतम, संतोष पटेल, बलराम लोधी, अखिलेश चैहान, प्रशांत सिंह गौतम, बलकेश, आदित्य, जय यादव, लक्ष्मी लोधी, संतोष दीक्षित, राम प्रकाश गुप्ता, शुभम गुप्ता, दीपक वाल्मीकि, बाबूराम, शफील अहमद, वंदना देवी, हसीना बेगम, शुभम त्रिपाठी, ऋषभ गुप्ता, आदर्श सिंह, रेखा, सुनैना देवी, हुस्न बानो एवं कमलेश आदि लाभार्थी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो और सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन का रक्तदान शिविर

-26 युवाओं ने किया रक्तदान, टीबी मरीजों को बांटी गई पोषण किट

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा और सर्वफॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में मानस रक्तकेंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. उदय भान सिंह, एसीएमओ डॉ. प्रभाकांत, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अशोक कुमार और समाजसेवी संजय पांडेय विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि मानस रक्तकेंद्र के चिकित्सक डॉ. दिनेश सचान ने अतिथियों का स्वागत किया।

शिविर में 26 युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिसमें भाजयुमो महामंत्री प्रसून तिवारी ने 32वीं और गुरमीत सिंह ने 49वीं बार रक्तदान किया। इनके अलावा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, रितिक, अनिरुद्ध, अखिलेश, अंकित, रोहित, प्रज्वल, शोभित, दिग्विजय, अनुज, विनय, हर्षित, शिवेंद्र, अनुपम, मो. सैफ, मो. मुकीम, मो. हसन, रोहित, शशांक, शिवम, अब्दुल समीद, अहद शहीद, मोबीन शहीद और दीपक तिवारी ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि साध्वी निरंजन ज्योति ने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं की सराहना की, वहीं अतिथियों द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

सामाजिक सरोकार निभाते हुए मानस रक्तकेंद्र के सौजन्य से अतिथियों द्वारा टीबी रोगियों को पोषण किट भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से संगठन ऐसे सेवा कार्य जारी रखेगा। इस मौके पर भाजयुमो से आशीष तिवारी, ऐश्वर्य सिंह चंदेल, किशन शुक्ला, गौरव अग्रहरि; फाउंडेशन से अजय साहू, राजेश मौर्य, राजेंद्र गुप्ता तथा मानस रक्तकेंद्र से डॉ. कैलाश पटेल, प्रभारी अमन यादव, अनामिका पाल एवं प्रीति आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा नेताओं को पुलिस ने रोका, घंटों चली मान-मनौव्वल



**खागा, (फतेहपुर)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने जा रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह सहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के काफिले को पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। नगर के जीटी रोड स्थित यशराज रिसॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता हुसैनगंज व सदर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए रवाना हो रहे थे। तभी एसडीएम अश्वनी पांडे व सीओ रवि प्रकाश सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए काफिले को आगे बढ़ने से रोक दिया, जिससे मौके पर गहमागहमी की स्थिति उत्पन्न हो गई।

पूर्व को-ऑपरेटिव चेयरमैन उदय प्रताप सिंह ने प्रशासनिक कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए विरोध जताया। इस दौरान उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडे, क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह, हथगाम थाना प्रभारी अरुण चतुर्वेदी, धाता थाना प्रभारी अभिलाष तिवारी, खागा कोतवाली प्रभारी संजय पांडे व तहसीलदार पीयूष कुमार पांडे उपस्थित रहे, जबकि स्थिति पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक लगातार नजर बनाए रहे।

# नगर पालिका बोर्ड बैठक में पीएम के जन्मदिवस को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पास, 17 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** सदर नगर पालिका की बोर्ड बैठक अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अनुपूरक और अभिनंदन प्रस्ताव ध्वनि मत से पास किये गये। सबसे प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री के जन्मदिवस 17 सितंबर को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने के लिए अभिनंदन प्रस्ताव लाया गया जिसे सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से पास कर दिया।

प्रस्ताव के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे नगर पालिका क्षेत्र में विशेष जागरूकता और स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत स्वच्छता जल संरक्षण वृक्षारोपण प्लास्टिक मुक्त नगर और जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। अभियान की अगुआई पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल और अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार करेंगे।

बैठक में नगर के विकास से जुड़े अन्य प्रस्तावों पर भी चर्चा हुईए



जिनमें साफ.सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करना प्रकाश व्यवस्था में सुधार और जल निकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे प्रस्ताव शामिल रहे। सभी प्रस्तावों को सभासदों ने एकमत होकर पास किया।

पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा संकल्प के रूप में मनाना हम सभी के लिए गौरव की बात है। इस एक महीने के अभियान में पालिका का प्रत्येक सभासद और कर्मचारी बढ़.चढ़कर भाग लेंगे और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने सभी सभासदों से राजनीतिक और व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर विकास को सर्वोच्च लक्ष्य बनाने का आह्वान किया। अंत में उन्होंने पीएम के मंत्र सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास को आत्मसात कर नगर के विकास को नई गति देने का संकल्प दिलाया।

पूर्व विधान परिषद सदस्य मनोज अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के विजन पर ही सभी कार्य किया जाएगा उन्होंने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने का आवाहन किया है अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि अभियान की रूपरेखा तैयार कर ली गई है और सभी वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सभासद एवं पालिका के कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली।



स्वतंत्र भारत कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण बंदियों से पूछे हाल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश बिंदिया भटनागर ने जिला कारागार फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल बैरक महिला बैरक सहित सभी बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से उनके लंबित मामलों और स्वास्थ्य की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष जागरूक किया। साथ में मौजूद अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार राणा डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने बंदियों को विधिक राय देकर जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक अरविंद कुमार श्रीवास्तव जेलर विक्रम सिंह यादव जेल विजिटर अताउल्लाह हक श्यामवीर सिंह प्रशांत गुप्ता सीता आदि साथ रहे।

## पीएम मोदी के 76वें जन्मदिन पर सेवा संकल्प अभियान लोहिया अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो फर्रुखाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर भाजपा एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रक्तदान शिविर एवं मरीजों को फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजयुमो की ओर से आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह 76वां जन्मदिन है और साथ ही सामाजिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष भी पूर्ण हो रहे हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर तीन बार प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने जनसेवा की है और विश्व पटल पर भारत की छवि मजबूत की है। उनके नेतृत्व में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है

भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि जिले के प्रत्येक बूथ पर सेवा और जनसहभागिता के साथ जन्मदिन मनाया जा रहा है। शाम सात बजे सभी बूथों पर हर घर दीपक जलाकर शुभकामनाएं दी जाएंगी।

25 वर्ष पूर्ण होने पर एक माह तक सेवा व जनसंपर्क कार्यक्रम चलेंगे जिलाधिकारी डॉ अंकुर लाठर ने कहा कि प्रधानमंत्री का जीवन जनसेवा को समर्पित रहा है। स्वस्थ व्यक्ति का रक्तदान जरूरतमंद की जान बचाता है पिछले महीनों में गर्भवती महिलाओं को रक्त उपलब्ध कराकर ऐसे शिविरों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विधायक सुशील शाक्य ने भी विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अभिषेक वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी सीएमओ डॉ आनंद उपाध्याय पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार डॉण् भूदेव सिंह राजपूत अमरदीप दीक्षित बबीता पाठक जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी मयंक सिंह बुंदेला सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ‘स्वच्छता ही सेवा’ अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया

**स्वतंत्र भारत छिबरामऊ कन्नौज ।** नगर पालिका परिषद द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से श्स्वच्छता ही सेवाश् अभियान के अंतर्गत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली की शुरुआत नगर पालिका परिसर से हुईए जिसे अधिशासी अधिकारी अजय कुमार महोदय एवं अवर अभियंता रविराज कौशल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ने उपस्थित लोगों और नगर पालिका कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहींए बल्कि हम सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और आस.पास के परिवेश को साफ रखें तथा सिंगल.यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करें। जिसमें मौजूद वरिष्ठ लिपिक संजय सिंह सफाई प्रभारी अमरदीए आशुतोष पांडेए प्रवेश कुमारए रमेश यादवए सफाई नायक सुभाष चंद्रए अमरजीतए सुजीतए आदि पालिका कर्मचारियों उपस्थित रहे।

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर
वाद संख्या–567 सन् 2026

रीतू कटियार उम्र लगभग 32 वर्ष वयस्क पत्नी रूपेश कुमार पुत्री कमलाकान्त कटियार निवासिनी 351/5 पहलवान पुरवा आजाद नगर नवाबगंज, कानपुर नगर आधार नं. 831409798281 मो.9683474995 .....प्रार्थिनी/वादिनी

बनाम–रूपेश कुमार उम्र लगभग 37 वर्ष वयस्क पुत्र राजाराम निवासी 76/323 कुली बाजार थाना मूलगंज कानपुर नगर उत्तर प्रदेश आधार नम्बर–450485977662 .....विपक्षी/प्रतिवादी

विवाह विच्छेद प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–13–1 थाना नवाबगंज

हरगाह वादिनी ने आपके नाम एक नालिश बावत विवाह विच्छेद प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–13–1 के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 08.10.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 17.09.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुन्सरिम न्यायालय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 8920/2026
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202603410008920
श्री चरनजीत सिंह बग्गाआदि बनाम श्रीमती रिद्धी अरोड़ा आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1.श्री चरनजीत सिंह बग्गा बालिग पुत्र श्री एम०एस० बग्गा, आदि दोनो निवासीगण मकान नं0 122/12 सरोजनी नगर कानपुर नगर। ......आवेदकगण/वादीगण/भूस्वामी

बनाम–1. श्रीमती रिद्दि अरोड़ा पत्नी श्री सुमित अरोड़ा निवासिनी मकान नं० 111ए/420 अशोक नगर गुमटी गुरूद्वारा कानपुर नगर 2. श्रीमती गुंजन शर्मा बालिग पुत्री विद्यासागर शर्मा निवासिनी मकान नं० 1/43 केसा कालोनी, गोविन्द नगर, कानपुर नगर.......विपक्षी/किरायेदार थाना–फीलखाना कानपुर नगर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 21 (2) (क)(ख)(ड)(एम) उ.प्र. अधि. 16 सन 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14.10.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 17.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर
वाद सं. 361 सन 2026

नेहा बाजपेई उम्र लगभग 31 वर्ष पत्नी सुधाकर त्रिवेदी पुत्री प्रेमनारायण बाजपेई साकिन 749, द्विवेदी नगर, गल्लामण्डी थाना सेन पश्चिम पारा जनपद कानपुर नगर....वादिनी

बनाम– सुधाकर त्रिवेदी उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र जगदीश कुमार साकिन नया सरकारी अस्पताल के सामने बरीपाल रोड अमौली जनपद फतेहपुर ....विपक्षी /प्रतिवादी

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–144 बी०एन०एस०एस०

हरगाह वादिनी ने आपके नाम एक नालिश बावत धारा–144 बी०एन०एस०एस० के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28.09.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 17.09.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुन्सरिम न्यायालय श्रीमान प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कानपुर नगर

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई पीठासीन अधिकारी का नाम राजेश कुमार मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 14512/2026
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202603410014512
गुरू नारायण खत्री स्कूल सोसाइटी द्वारा प्रबंधक वरूण मेहरोत्रा बनाम वैभव कुमार गुप्ता उर्फ सोनू
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021

1.गुरू नारायण खत्री स्कूल सोसाइटी द्वारा प्रबंधक वरूण मेहरोत्रा स्थित 15/116 सिविल लाइन कानपुर नगर ......आवेदकगण/भूस्वामी/वादी

बनाम–1. वैभव कुमार गुप्ता उर्फ सोनू पुत्र स्व. अरूण कुमार गुप्ता पता–दुकान गंगा गेस्ट हाउस स्थित प्रेमेसेस नं. 15/116 सिविल लाइंस कानपुर नगर ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार थाना–कोतवाली

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 21 (2) (a)(b)(m) उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधि. 16 सन 2021

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 14.10.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 17.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) उन्नाव
दी. वाद सं. 1151/2025
लोकनाथ आदि बनाम उमा शंकर आदि

बनाम–1.उमाशंकर पुत्र श्रीसंठा प्रसाद नि. ग्राम कंचनपुर परगना मौरावॉं तहसील पुरवा जिला उन्नाव 2. श्रीमती कलावती पत्नी स्व. श्रीरामेश्वर नि. ग्रा. कंचनपुर पर. मौरावॉं तह. पुरवा जिला उन्नाव 3. जीत बहादुर पुत्र श्री राम स्वरूप नि. ग्राम. असोहा पर. असोहा तह. पुरवा जिला उननाव 4. राम धीरज पुत्र श्री राजनारायण नि. ग्राम असोहा पर. असोहा तह. पुरवा जिला उन्नाव 5. शारदा पत्नी श्री सुरेश नि. ग्राम कांथा पर. असोहा तह. पुरवा जिला उन्नाव 6. अमर पाल पुत्र छोटेलाल ग्राम गडिरियनखेड़ा पो. कंचनपुर पर. मौरावा तह. पुरवा जिला उन्नाव 7. जयविन्द सिंह पुत्र श्री स्वयम्वर सिंह नि. ग्राम सण्डौली पो. सरवन तह. पुरवा जिला उन्नाव ...प्रतिवादीगण

वाद वास्ते विक्रम विलेख निरस्तीकरण एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.10.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 08.09.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

माननीय न्यायालय सिविल जज (सी०डि०) महोदय उन्नाव
प्रकीर्ण वाद संरख्या–147/2026

उदय शंकर शुक्ला आयु 55 वर्ष पुत्र स्व० मन्नूलाल शुक्ला हाल निवासी ग्राम एवं डाकए सोहरामऊ जिला उन्नाव....वादी

बनाम–1. स्व० शांतिदेवी बाजपेई पत्नी स्व० विश्वनाथ बाजपेई निवासिनी ग्राम इकघरा उर्फ सिकन्दरपुर परगना झलोतर अजगैन तहसील व जिला उन्नाव 2. प्रदीप दीक्षित 3. सुधीर कुमार दीक्षित पुत्रगण श्री बी० एन० दीक्षित निवासी 355/315 आलमनगर, राजाजीपुरम लखनऊ 4. संजय पुत्र श्री राजनारायण निवासी ग्राम सरोसा परगना झलोतर अजगैन तहसील हसनगंज जिला उन्नाव 5. श्रीमान शाखा प्रबन्धक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हरौनी जिला लखनऊ 6. क्षेत्रीय कार्यालय/Regional manager union Bank of India, यूनियन बैंक भवन, विभूति खण्ड गोमती नगर लखनऊ 7. प्रधान कार्यालय यूनियन बैक० आफ इंडिया 249 विधान भवन मार्ग नरीमन प्वाइंट मुम्बई (महाराष्ट्र) ......विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भा० उत्तराधिकार अधि० बाबत निर्गत किये उत्तराधिकार प्रमाणपत्र

नोटिस प्रकाशन–सूचित किया जाता है कि उदय शंकर शुक्ला पुत्र स्व० मन्नूलाल शुक्ला हाल निवासी ग्राम एवं डाक सोहरामऊ जिला उन्नाव ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हरौनी जिला लखनऊ में जमा धनराशि को प्राप्त करने की बाबत न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु तिथि 18.09.2026 नियत है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह उक्त नियत तिथि पर प्रातः 10.00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाबदेही प्रस्तुत करे अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है और तदनुसार वाद का निस्तारण एकपक्षीय रूप से कर दिया जायेगा। नोटिस आज दिनांक 17.09.2026 को न्यायालय द्वारा हस्ताक्षरित मुद्रांकित होकर जारी की गई। आज्ञा से, मुन्सरिम सिविल जज (सी०डि.) उन्नाव।

सी.आर.– 1314/K-CN

### सूचना

सूच्य हो कि मैं राजेन्द्र प्रसाद (पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद) व पत्नी सरोज श्रीवास्तव, नि. रामगंज पक्का तालाब, फतेहपुर (मूलनिवासी–सुकेती, फतेहपुर) अपने पुत्र दीपक कुमार व उसकी पत्नी ज्योति को उनके अनुचित आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चलअचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके किसी भी लेनदेन, कृत्य या अपराध के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।(45)

सी.आर.– 1314/K-45

### सूचना

मैने अपने पुत्रों शिवम उर्फ नितिन गुप्ता व सत्यम उर्फ अभिनय गुप्ता के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से तंगआकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है। उनके कृत्यो व लेनेदन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार ना होगा। लक्ष्मी गुप्ता पत्नी स्व. संतोष गुप्ता नि. ग्राम गजेनपुर तहसील बिल्हौर कानपुर नगर।(45)

सी.आर.– 1314/K-45

### अदालती सूचना

न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) उन्नाव
दी. वाद सं. 1149/2025
लोकनाथ आदि बनाम शारदा प्रसाद आदि

बनाम–1. शारदा प्रसाद पुत्र गया प्रसाद नि. ग्राम व पर. असोहा तह. पुरवा जिला उन्नाव 2. श्रीमती कलावती तथा कथित पत्नी स्व. रामेश्वर नि. ग्राम शम्भूखेड़ा मलिहागाढ़ा पर. मौरावॉं तह. पुरवा जिला उन्नाव 3. जीत बहादुर पुत्र रामस्वरूप नि. ग्रम शम्भूखेड़ा मलिहागाढ़ा कंचनपुर पर. मौरावॉं तह. पुरवा जिला उन्ना 4. रामधीरज पुत्र राजनारायण नि ग्राम असोहा पर. असोहा तह. पुरवा जिला उन्नाव 5. पूजा पत्नी पप्पू नि. मुन्सिफ कोर्ट कस्बा व पर. व तह. पुरवा जिला उन्नाव 6. आशीष पुत्र रामशंकर नि. गाम असोहा पर. असोहा तह. पुरवा जिला उन्नाव 7. सुनील कुमार पुत्र सुन्दर लाल नि. ग्राम कंचनपुर पर. मौरावॉं तह. पुरवा जिला उन्नाव ...प्रतिवादीगण

वाद वास्ते विक्रम विलेख निरस्तीकरण एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.10.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 08.09.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) उन्नाव
दी. वाद सं. 1150/2025
लोकनाथ आदि बनाम अमन सिंह आदि

बनाम–1. अमन सिंह पुत्र सुनील सिंह नि. 551क/240 भिलावॉं आलमबाग लखनऊ 2. श्रीमती कलावती तथा कथित पत्नी स्व. रामेश्वर नि. ग्राम कंचनपुर पर. मौरावॉं तह. पुरवा जिला उन्नाव 3. जीतबहादुर पुत्र स्वरूप नि. ग्राम शम्भू खेड़ा मलिहागाढ़ा कंचनपुर पर. मौरावॉं तह. पुरवा जिला उन्नाव 4. रामधीरज पुत्र राजनारायण नि. ग्राम. असोहा पर. असोहा तह. पुरवा जनपद उन्नाव 5. चन्द्रावती पत्नी शिवप्रसाद नि. ग्राम अकोहरी पर. मौरावॉं तह. पुरवा जिला उन्नाव 6. शिवकान्त पुत्र अवधेश कुमार नि. ग्राम असोहा पर. असोहा तह. पुरवा जिला उन्नाव 7. गोपाल सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह नि. ग्राम निगॉव पर. व तहसील पुरवा जिला उन्नाव...प्रतिवादीगण

वाद वास्ते विक्रय विलेख निरस्तीकरण एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31.10.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 08.09.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर
याचिका संख्या 713 सन 2024
राजन कुमार बनाम खुशबू देवी आदि
धारा–13 हिन्दू विवाह अधिनियम
जिला–फतेहपुर।

चूँकि प्रत्युत्तरदाता–1. खुशबू देवी उम्र करीब 22 वर्ष पत्नी राजन कुमार पुत्री रामदत्त मूल निवासी ग्राम मुरांव थाना थरियांव जनपद फतेहपुर हालमुकाम ग्राम व पोस्ट खखरेरू तहसील खागा जनपद फतेहपुर, 2. निखिल यादव उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम प्रतापपुर थाना नर्वल पोस्ट नर्वल, जिला कानपुर देहात आपके विरुद्ध याची– राजन कुमार उम्र करीब 23 वर्ष पुत्र श्रवण कुमार निवासी ग्राम रुहल्लापुर पोस्ट उकाथू परगना एकडला तहसील खागा जिला फतेहपुर ने याचिका संस्थित किया है, जैसा कि याचिका में वर्णित है। एतद्द्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 18.09.2026 को, समय 10.30 बजे पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथनध्आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें। एतद्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपको मामले की सम्यक सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय 03.00 बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरुद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरुद्ध डिक्री या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

एतद्द्वारा आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्भित किया जायेगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 19.08.2026 को पारित किया गया। न्यायालय की आज्ञा से,प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर।

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

श्रीमान प्रथम अपर लघुवाद न्यायालय कानपुर नगर
वाद सं. 421 सन् 2023
नया 1154/23

1. अरूण कुमार बाजपेई उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र रामगोपाल बाजपेई निवासी ग्राम काकराबाद पोस्ट मौहार जिला फतेहपुर उ.प्र. व अन्य..वादीगण

बनाम– श्रीमती संतोषा पटेल बालिग पत्नी रामचन्द्र पटेल निवासी ग्राम व पोस्ट औंग जिला फतेहपुर उ.प्र. ...प्रतिवादिनी

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21.09.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 09.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम

सी.आर.– 1314/K-CN

### अदालती सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय उन्नाव
न. मुकदमा 282/26
मो. तालिब बनाम मदीना अंसारी

मोहम्मद तालिब उम्र 44 वर्ष पुत्र मोहम्मद जलील निवासी 114/21 अकरमपुर थाना कोतवाली तहसील व जिला उन्नाव मो. 9794375975 .....प्रार्थी/वादी

बनाम–श्रीमती मदीना अन्सारी उम्र 40 वर्ष पुत्री शकील अहमद पत्नी मोहम्मद तालिब निवासिनी 95/78 अंसार नगर, तलाक महल कानपुर .....विपक्षिनी/प्रतिवादिनी

तलाक मुस्लिम विधि (दावा घोषणात्मक वाद)

हरगाह मो. तालिब ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26.10.2026 ई. को बवक्त बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुलउमूर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल कराना चाहते हो उसी रोज पेश करिए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 17.09.2026 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.– 1314/K-CN

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0, उन्नाव

पत्रांकः– 3989 एम0/1 एमटी/ई–टेन्डर/उ0वृ0/2026–27 दिनांकः– 15.09.2026

### ई–निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

2.

| क0 सं0 | जनपद/विधानसभा का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (टेण्डर कास्ट रू0 300.00+ स्टेश्नरी चार्जेज रू0 2000.00+ जीएसटी रू0 414.00) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरदोई/हरदोई | जनपद हरदोई में स्थित पुलिस लाइन परिसर में यातायात कार्यालय के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य। | 81.00 | 6.05 | 2714.00 | 06 माह | श्रेणी–ए एवं बी (भवन कार्य) |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.09.2026 से 05.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो दि0 05.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 05.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगइन का पेज खुलेगा जिस पर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगइन करना होगा। लॉगइन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जाने वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी समस्त वॉछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
3. उक्त कार्यों हेतु प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के पत्रांक– 795/BDD-1(NH)/40MT-11/2020 दिनांक 16.10.2020 द्वारा निर्धारित निविदाओं की लागत के अनुसार परियोजना पर तैनात किये जाने वाले तकनीकी कर्मचारियों की संख्या एवं अर्हता तथा मशीनरी की संख्या एवं प्रकार की उपलब्धता निविदादाता द्वारा निर्माण के समय कार्यस्थल पर सुनिश्चित की जायेगी।

(मनिन्दर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0
हरदोई

(एन0 के0 वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0
उन्नाव

उ0प्र0 256467 दिनांक- 17.09.2026 Website: www.upgov.nic.in

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# रूस पर शिकंजा कसने वाला बिल अमेरिकी संसद से पास

भारत-चीन पर 100% तक टैरिफ का खतरा

वॉशिंगटन। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को रूस और ईरान पर नए प्रतिबंध लगाने वाले एक बड़े विधेयक को मंजूरी दे दी। 262 सांसदों ने इसके पक्ष में और 159 ने विरोध में मतदान किया। 61 पन्नों वाले इस विधेयक को अब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। यह विधेयक पिछले महीने अमेरिकी सीनेट में भी 86-11 वोटों से पारित हो चुका है। इसका नाम लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 रखा गया है। यह नाम जुलाई में अप्रत्याशित रूप से दिवंगत हुए सीनेटर लिंडसे ग्राहम के सम्मान में रखा गया है, जो रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के प्रमुख समर्थकों में रहे थे। विधेयक का सबसे अहम निशाना रूस का ऊर्जा क्षेत्र है। इसका मकसद रूस से तेल और गैस खरीदने वाले बड़े देशों पर आर्थिक दबाव बनाकर उसकी ऊर्जा से होने वाली कमाई घटाना है। इस कानून के तहत राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में तेल और गैस खरीदने वाले तीसरे देशों के सामान पर शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। इनमें चीन और भारत जैसे देश भी प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों का घोषित उद्देश्य रूस की उन आय के स्रोतों को कम करना है, जिनसे यूक्रेन के खिलाफ 2022 से जारी युद्ध को फंड किया जा रहा है। राष्ट्रपति को रूस से बड़ी मात्रा में ऊर्जा खरीदने वाले तीसरे देशों पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाने का अधिकार मिल सकता है। सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार, यह प्रावधान 2025 के विधेयक में प्रस्तावित 500 फीसदी शुल्क के मुकाबले अधिक सीमित है। रूस के प्राकृतिक गैस निर्यात का 15 फीसदी से कम आयात करने वाले और रूसी ऊर्जा पर निर्भरता घटाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने वाले देशों के लिए छूट का प्रावधान है। अटलांटिक काउंसिल के अनुसार, चीन अगर रूसी तेल खरीदना जारी रखता है तो उसके सामान पर राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर 100 फीसदी तक शुल्क लगाया जा सकता है।



भारत पर असर : रूस से लगातार डिस्काउंटेड क्रूड ऑयल खरीद रहे भारत के निर्यात पर इस फैसले से बड़ा संकट आ सकता हैं

## अब श्रद्धांजलि भी देने लगा एआई, डिजिटल शोक से अकेलेपन का खतरा

# 'मां को एआई से बनाया है, उनसे बात करता हूं'



लंदन। पिछले महीने मशहूर गायिका डॉली पार्टन के निधन के बाद दुनिया भर से उन्हें श्रद्धांजलि देने का तांता लग गया था। जैक व्हाइट ने लंदन के एक संगीत कार्यक्रम में उनका प्रसिद्ध गाना जोलिन गाया। लेकिन, सबसे अजीब और वायरल होने वाली श्रद्धांजलि किसी सेलिब्रिटी ने नहीं दी, बल्कि वह किसी इंसान द्वारा दी ही नहीं गई थी। रन जोलिन नाम का लगभग पांच मिनट का यह गाना देश-दुनिया के संगीत का एक अनूठा उदाहरण है। वीडियो में डॉली पार्टन स्वर्ग में उन मशहूर हस्तियों के बीच दिखाई देती हैं जो इस दृश्य को देखकर हैरान या आनंदित हो रहे हैं। वीडियो में दिवंगत माइकल जैक्सन, व्हिटनी ह्यूस्टन केनी जैसे सितारे नजर आते हैं।

टकटॉक, यूट्यूब, स्पॉटिफाई पर गाना 'कंट्री माइल' नाम से एक क्रिएटर ने जारी किया है। रॉबिन विलियम्स, एल्विस प्रेस्ली, कोबे ब्रायंट और मार्टिन लूथर किंग जैसे कई दिवंगत दिग्गजों को इस 'डेथस्लॉप' का सामना करना पड़ा है, जिससे उनके परिवार अक्सर सहम जाते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर के छात्र जैक मैनिंग कहते हैं, जो एआई-आधारित जनरेटिव घोस्ट पर शोध कर रहे हैं। मैनिंग ने जब अपनी बहन को खोया था, तब जनरेटिव एआई का दौर नहीं था।

यही वजह है कि आज वह इस बात का अध्ययन करते हैं कि लोग कैसे डिजिटल रूप से शोक मना रहे हैं, जिसमें अब एआई ग्रीफबॉट्स भी शामिल हो चुके हैं। ग्रीफबॉट्स की मदद से यूजर्स अपने दिवंगत प्रियजनों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड करते हैं, साथ ही उनके व्यक्तित्व और मूल्यों का विवरण देते हैं ताकि वे उनके साथ एक वर्चुअल और जीवित उपस्थिति महसूस कर सकें। सेएंस, री-मेमोरी वर्सोना जैसी कंपनियां इसके लिए भारी फीस वसूलती हैं। इसके अलावा लोग चैटजीपीटी या अन्य भाषा मॉडल का उपयोग करके भी अपने किसी मृत दादा-दादी या दोस्त की नकल करने के लिए कह सकते हैं। मैं मज़ाक में कहता हूं कि मेरी मां का वर्सोना बॉट मुझे वह बुरा बेटा बनने की अनुमति देता है, जो जीवित रहते हुए मैं कभी नहीं बन सका, वर्सोना के संस्थापक जस्टिन हैरिसन कहते हैं, जिन्होंने अपनी मां के कैंसर से पीड़ित होने के दौरान उनका एआई प्रतिकृति तैयार किया था।

## रिपोर्ट : ट्रम्प सरकार ने हूती विद्रोहियों से सीक्रेट डील की, अमेरिकी जहाजों पर हमला नहीं करेंगे हूती लड़ाके

वॉशिंगटन। अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों के साथ सीक्रेट डील की है। एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक इस डील के तहत हूतियों ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वे लाल सागर में अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना नहीं बनाएंगे। इसके बदले में अमेरिका यमन में हूतियों के खिलाफ सऊदी अरब की सैन्य मदद नहीं करेगा। अमेरिकी अधिकारियों और हूती नेताओं के बीच यह बातचीत पिछले हफ्ते ओमान की राजधानी मस्कट के अमेरिकी दूतावास में हुई थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को पुष्टि की कि अमेरिका हूतियों के सीधे संपर्क में है। हूतियों ने कहा है कि लाल सागर में सऊदी के जहाजों और सऊदी का तेल ले जाने वाले जहाजों को वे अब भी टारगेट करेंगे। हूतियों की दलील है कि यमन पर सऊदी अरब की नाकेबंदी और सैन्य कार्रवाई के चलते उसके जहाजों को निशाना बनाना उनका अधिकार है। मामले से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, 2025 में अमेरिका और हूतियों के बीच हुआ सीजफायर कायम है।

## फलस्तीनी नेताओं पर ट्रंप प्रशासन की सख्ती जारी

वाशिंगटन। ट्रंप प्रशासन ने लगातार दूसरे वर्ष संयुक्त राष्ट्र में विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए एक उच्च स्तरीय फलस्तीनी

■ वीजा देने से किया इनकार

प्रतिनिधिमंडल को वीजा देने से इनकार कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित फलस्तीनी अधिकारी, इस्राइल के साथ शांति स्थापित करने के लिए पिछले समझौतों के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहे हैं। विभाग ने कहा कि फलस्तीनी प्राधिकरण ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में इस्राइल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी रखी है। इसके साथ ही इस्राइलियों पर हमलों के दोषी कैदियों के परिवारों को भत्ता देना जारी रखा है। इसमें फलिस्तीन मुक्ति संगठन (पीएलओ) से जुड़े अधिकारियों का भी जिक्र किया गया है। विभाग ने कहा, 'अमेरिका से किए गए वादों के बावजूद सुधार न करने और शांति की संभावनाओं को कमजोर करने वाली गतिविधियों के कारण, अमेरिका पीएलओ सदस्यों और पीए अधिकारियों को वीजा न देने वाले प्रतिबंधों को आगे भी जारी रखेगा।' जो मौजूदा अमेरिकी कानून के अनुसार है।

## अफगानों के साथ जबरदस्ती पर भारत ने उठाई आवाज

यूएन। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर तिमाही बैठक में भारत ने अफगान लौटने वालों की मानवीय स्थिति पर चिंता जताई। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि 30 लाख से अधिक लोगों की ऐसी जबरन वापसी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में बड़े स्तर पर मानवीय मदद और लोगों के बेहतर पुनर्वास के प्रयास होने चाहिए। भारत ने कहा कि अफगान लोगों की वापसी स्वैच्छिक, सुरक्षित और सम्मानजनक होनी चाहिए।

हरीश ने कहा कि वापस लौटने वालों के पुनर्वास और समाज में दोबारा शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह की प्रतिक्रिया ऐसी स्थिति में अपेक्षित थी, वह नहीं दिखना मौजूदा समय की चिंताजनक तस्वीर है।

■ यूएन में लश्कर-जैश पर भी चेताया

राजदूत पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि अलकायदा ने अफगानिस्तान से बाहर भी अपने सहयोगी संगठनों के जरिए आतंक का नेटवर्क फैलाया। उन्होंने 9/11 हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि इन हमलों की योजना बनाने और उन्हें निर्देशित करने वाले अलकायदा नेताओं को किसी दूर-दराज के, बिना शासन वाले इलाके में छिपे लोग समझना सही नहीं होगा। उनके मुताबिक इन लोगों ने लंबे समय तक अपनी पहचान और गतिविधियों को छिपाए रखा था। हरीश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ऐसे सुरक्षित ठिकानों की निरंतरता से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। भारत ने कहा कि 9/11 के साजिशकर्ताओं को जिस माहौल में काम करने का अवसर मिला था, उसी तरह का वातावरण बाद के वर्षों में अलका यदा से जुड़े संगठनों के लिए भी जगह और समर्थन देता रहा है। हरीश ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद का नाम लेते हुए कहा कि ऐसे संगठन अलग-अलग पहचान अपनाकर सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध व्यवस्था से बचने की कोशिश करते रहे हैं।

## जन्मदिन पर पुतिन ने पीएम मोदी को भेजा बधाई संदेश

नई दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों और हाल ही में दोनों नेताओं के बीच हुई उच्च-स्तरीय मुलाकातों का भी जिक्र किया। इस संदेश में आपसी संबंधों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री की सीधी भूमिका का जिक्र किया गया। इसके साथ ही नई दिल्ली और मॉस्को के बीच औपचारिक संबंधों की गहराई को रेखांकित किया गया। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, 'आपको अपने देशवासियों से गहरा सम्मान और वैश्विक मंच पर बड़ा रुतबा हासिल है। यह बिल्कुल सही भी है।

## 'ईरान के हितों की रक्षा के लिए चीन तैयार'

### अराघची ने अपने बीजिंग दौरे को बताया सफल

तेहरान। चीन के दौरे पर पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बताए शांति के चार सिद्धांतों को बहुत ही अहम बताया। अपनी चीन यात्रा के दौरान उन्होंने वहां के सहयोगियों के साथ हुई बातचीत को भी सफल बताया। अराघची ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'चीन में हमारे सहयोगियों के साथ सफल बातचीत हुई। ईरान उस रणनीतिक साझेदारी को अहमियत देता है जो हमने समय के साथ बनाई है। आज लिए गए फैसले इस क्षेत्र में भविष्य के रणनीतिक संतुलन को तय करेंगे और इनके दूरगामी असर होंगे। राष्ट्रपति शी की ओर से शांति के लिए बताए गए चार सिद्धांत बहुत अहम हैं।' इससे पहले चीन के विदेश मंत्री और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की सेंट्रल कमेटी के पॉलिटिकल ब्यूरो सदस्य वांग यी ने बुधवार को अराघची से मुलाकात की। चीनी विदेश मंत्रालय के हवाले से ईरानी न्यूज एजेंसी मेहर ने बताया कि चीन की राजधानी में अराघची से मुलाकात के दौरान वांग ने कहा, 'ईरान के साथ बातचीत और सहयोग को मजबूत करने और ईरान के जायज अधिकारों और हितों की रक्षा करने को चीन तैयार है।'

## 'खुद कानून तोड़ने वाली ताकतें सुरक्षा परिषद में'

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि जो वैश्विक शक्तियां खुद अंतरराष्ट्रीय कानून का

■ यूएन में सुधार पर बोले गुटेरेस- बिना सजा नियम तोड़ रहे देश

उल्लंघन करती हैं। वे ही सुरक्षा परिषद में बैठी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि 15 देशों वाले इस वैश्विक संगठन में सुधार सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए।

महासचिव गुटेरेस ने सत्ता के पुनर्वितरण की जरूरत पर भी जोर दिया। गुटेरेस ने बुधवार को पत्रकारों से कहा, 'साफ बात यह है कि हमारे बीच भू-राजनीतिक मतभेद हैं। इन मतभेदों के बीच ऐसी ताकतें हैं जो खुद अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करती हैं और सुरक्षा परिषद में शामिल हैं। जैसा कि हम जानते हैं, इसी वजह से सुरक्षा परिषद ठप पड़ी है। यही कारण है कि सुरक्षा परिषद में सुधार को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ऐसी सुरक्षा परिषद को स्वीकार नहीं किया जा सकता जिसका स्वरूप आज की दुनिया के बजाय कई दशक पुरानी दुनिया को दर्शाता हो।' यूएन प्रमुख



ने यूएम जनरल असेंबली के 81वें सेशन के हाई-लेवल वीक की शुरुआत से पहले वर्ल्ड हेडक्वार्टर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, 'और यह एक तरह का 'पैरालिसिस' (ठहराव या बेअसर होने की स्थिति) है।' गुटेरेस ने कहा कि यूएन सुरक्षा परिषद के ठप पड़ने से ऐसी स्थिति बन गई है कि दुनिया भर के हर देश को लगता है कि उन्हें अपनी मर्जी का कुछ भी करने का हक है।' क्योंकि सबसे बड़ी ताकतों का उदाहरण अच्छा नहीं है। वे जानते हैं कि वे बिना किसी सजा के ऐसा कर सकते हैं क्योंकि सिक्योरिटी काउंसिल खुद बेअसर हो चुकी है।

## यूरोपीय संघ : 13 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर लगे रोक

### सख्त नियमों का रखा प्रस्ताव

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। 27 सदस्यीय देशों के संघ ईयू की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन बुधवार को स्ट्रासबर्ग में स्टेट ऑफ द यूरोपियन यूनियन पर अपने सालाना भाषण के दौरान 13 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम और चैटबॉट इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा। इससे बड़ी उम्र के किशोरों के लिए भी कड़े नियम प्रस्तावित किए हैं। लेयेन ने कहा कि कई लोग बड़ी टेक कंपनियों की ताकत को बहुत अधिक मानते हुए उसे कम करना नामुमकिन मानते हैं, लेकिन हम इससे सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि कि बच्चों को लत लगाने वाले फीचर्स, अत्यधिक उग्र सामग्री, लड़कियों की फोटो का इस्तेमाल, एआई से बनाई गई यौन तस्वीरों के खतरे से बचाया जाना चाहिए। उन्होंने इस तरह के प्रतिबंधों का चरणबद्ध खाका पेश किया।

उन्होंने कहा कि 13 से 15 साल के बच्चों को समय-सीमा के साथ अभिभावकों की देखरेख वाले मिनी अकाउंट्स दिए जाएंगे, जबकि 15 से 18 साल के किशोरों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को सुरक्षित डिजाइन उपलब्ध कराना होगा। इस प्रस्ताव को लेकर अधिक जानकारी गुरुवार को आने की उम्मीद है।

## गोरों के खिलाफ भेदभाव के आरोपों पर होगा एक्शन

केप टाउन। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को एक नई घोषणा की। प्रशासन का कहना है कि वे उन अधिकारियों के यात्रा पर प्रतिबंध

■ ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण अफ्रीकी अफसरों पर लगाया बैन

लगाएगा, जिनके बारे में यह दावा है कि वे दक्षिण अफ्रीका में गोरों और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ भेदभाव के लिए जिम्मेदार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को कहा कि वह उन विदेशी नागरिकों के अमेरिकी वीजा रद्द कर देंगे या वीजा आवेदनों को अस्वीकार कर देंगे, जो दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक जातीय और नस्लीय समूहों के खिलाफ बिना मुआवजे के भूमि अधिग्रहण,



नस्ल-आधारित भेदभाव और हिंसा भड़काने की अनुमति देने वाले कानूनों और नीतियों को लागू करने या उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार या इसमें शामिल पाए जाते हैं। रुबियो ने कहा, 'अमेरिका इस तरह के व्यवहार को बेरोकटोक नहीं चलने देगा। ये कार्रवाइयां सीधे तौर पर शांति, आर्थिक स्थिरता और कानून के शासन को कमजोर करती हैं। ये अमेरिका की विदेश नीति के मूल सिद्धांतों के विपरीत हैं।' दक्षिण अफ्रीकी सरकार ने श्वेत लोगों के खिलाफ भेदभाव के अमेरिकी आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। इसके साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले साल सत्ता में लौटने के बाद से प्रशासन की ओर से किए गए दावे निराधार और गलत सूचना का परिणाम हैं।

रुबियो ने उन अधिकारियों की पहचान नहीं की जिन्हें यात्रा प्रतिबंधों के तहत निशाना बनाया जाएगा। हालांकि दक्षिण अफ्रीका में अल्पसंख्यक श्वेतों के एक लॉबी समूह ने पहले अमेरिका से अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस पार्टी के अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया था, जो दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा की पार्टी है और दक्षिण अफ्रीका की संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

बदलाव

### ईरान में हिजाब नियमों पर क्यों थम रही सख्ती?

## बिना सिर ढके निकल रहीं महिलाएं, कट्टरपंथी चाह रहे कार्रवाई

दुबई। ईरान की राजधानी तेहरान में महिलाएं बिना सिर ढके खुले कैफे में बैठ रही हैं और छोटे टॉप पहन रही हैं। पार्कों में पुरुष शॉर्ट्स और महिलाएं लेगिंग पहनकर साथ में व्यायाम कर रही हैं। सड़क किनारे होने वाले संगीत कार्यक्रमों में महिलाएं नाचती दिखाई दे रही हैं और खुले बालों के साथ नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए तेहरान के इन दृश्यों से पता चलता है कि इस्लामी गणराज्य में सामाजिक पाबंदियों को लागू करने में हाल के वर्षों में काफी ढील आई है। इस बदलाव की एक बड़ी वजह 16 सितंबर 2022 को 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के बाद भड़के बड़े पैमाने के विरोध प्रदर्शन हैं। अमीनी को कथित तौर पर सही तरीके से सिर पर स्कार्फ नहीं पहनने के आरोप में नैतिकता पुलिस ने हिरासत में लिया था। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनों को सख्ती से दबाया था। इस कार्रवाई में 500 से अधिक लोग मारे गए और हजारों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, शांति बनाए रखने के लिए




अधिकारियों ने महिलाओं के हिजाब और शालीन कपड़ों से जुड़े नियमों को लागू करने में पीछे हटना शुरू कर दिया। अब सवाल यह है कि क्या इस ढील को फिर से खत्म किया जा सकता है। ईरान के सत्ता प्रतिष्ठान में कट्टरपंथी नेता महिलाओं के पहनावे पर फिर सख्ती की मांग कर रहे हैं। लेकिन शीर्ष नेता ऐसे समय में जनता की नाराजगी भड़काने से बचने की चेतावनी दे रहे हैं, जब युद्ध, अमेरिका के हमलों, प्रतिबंधों और नौसैनिक नाकाबंदी के कारण पहले से कमजोर अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है।

सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के ससुर और राजनेता गुलाम अली हद्दाद आदेल ने पिछले सप्ताह हिजाब को लेकर सार्वजनिक टिप्पणी में कहा, 'युद्ध की परिस्थितियों के कारण हम उस मोर्चे में उस तरह प्रवेश नहीं कर सकते, जिस तरह हमें करना चाहिए।' तेहरान में रहने वाली कार्यकर्ता और पूर्व राजनीतिक कैदी पूरन नाजेमी ने कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद हिजाब को लेकर मतभेद और गंभीर हो गए हैं। उन्होंने फोन पर कहा, 'वे प्रदर्शनों से डरते हैं।' राजधानी के एक समृद्ध उत्तरी इलाके में रहने वाली 20 साल के शुरुआती दशक की एक विश्वविद्यालय छात्रा ने बताया कि वह सिर पर स्कार्फ नहीं पहनती, लेकिन ऐसे कपड़े पहनती है जो उसके हाथ और पैर का अधिकांश हिस्सा ढकते हैं।

उसने कहा, मुझे लगता है कि मैंने बहुत ज्यादा कपड़े पहन रखे हैं। उसने बताया कि उसकी सहेलियां ऐसे टॉप पहनकर बाहर जाती हैं जिनमें उनके कंधे खुले रहते हैं और घुटने तक के शॉर्ट्स पहनती हैं। सुरक्षा कारणों से उसने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर एपी से बात की। ईरान में सबसे सख्त स्थिति में महिलाओं के लिए बाल ढकने वाला स्कार्फ और पूरे शरीर को छिपाने वाले ढीले कपड़े पहनना जरूरी है। सड़कों पर धार्मिक पुलिस इन नियमों का उल्लंघन करने वाली महिलाओं पर जुर्माना लगा सकती है, उन्हें परेशान कर सकती है या गिरफ्तार कर सकती है।पिछले एक दशक में कई महिलाओं ने इन सीमाओं को चुनौती दी है। उन्होंने स्कार्फ को पीछे खिसकाकर अधिक बाल दिखाने शुरू किए और शरीर से चिपके कपड़े पहनने लगीं। 2022 के बाद कई महिलाओं ने पूरी तरह सिर ढकना बंद कर दिया। हाल के समय में तेहरान के कुछ हिस्सों में महिलाएं हाथ, पैर और यहां तक कि पेट भी खुला रखती दिखाई दी हैं।

बाजार दर्पण


उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089